



राज्यपाल ने दो विश्वविद्यालयों में नियुक्त किए... 12

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया... 10




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 164
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
गुरुवार | 28 मार्च, 2024


## श्रीकृष्ण का आशीर्वाद लेकर सीएम योगी ने किया चुनाव प्रचार का आगाज

# मोदी गारंटी से हर काम संभव: योगी




- होली पर फूहड़ नहीं...'राम को लाए हैं' गीत बजा: सीएम
- अयोध्या में रामलला ने खेली होली, मथुरा-वृंदावन की कुंजगलियां भी इंतजार कर रही
- अरूण गोविल ने प्रभु राम के चरित्र को जीवंत किया: सीएम

**जन एक्सप्रेस | मथुरा/ मेरठ**

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार दोपहर मथुरा पहुंचे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि में कान्हा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद डॉक्टर्स, प्रोफेशनल्स, सीए, टीचर्स, उद्यमियों के प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर चुनावी आगाज किया। योगी ने सपा का नाम लिए बिना पार्टी पर तंज कसा। कहा, इस चुनावी समर में दो खेमे साफ नजर आ रहे हैं। एक पार्टी के लिए फैमिली फर्स्ट है, तो मोदी के लिए नेशन फर्स्ट है। सीएम योगी मथुरा से मेरठ पहुंच गए हैं। यहां उन्होंने कहा, मैंने होली के गीतों पर लगातार सुना और शोध किया। इस बार होली पर फूहड़ नहीं, बल्कि राम को लाएं हैं गीत बजा है। अरुण गोविल भारतीय कला के वो हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने भारत में प्रभु राम के चरित्र को किया।

### योगी बोले, 500 साल बाद अवध में रघुवीर ने होली खेली

सीएम योगी ने कहा-होली पर, होली खेले रघुवीरा अवध में गीत सुनते थे। लेकिन, वहां राम ने कभी होली नहीं खेली। 500 साल बाद अवध में अब राम ने होली खेली है। ये मोदी जी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार में हुआ। एक वो लोग थे जो कर्फ्यू लगाते थे हम कांवड़ यात्रा कराते हैं। एक वो दंगाइयों को गले लगाते थे हम दंगाइयों से निपटते हैं। हम श्रीधालु के मार्ग में फूल डालते हैं वो लोग श्रदालुन के मार्ग में शूल बिछाते थे। इंडिया गठबंधन में जातिवाद के नाम पर सब छिन्न भिन्न कर दिया। मोदी जी ने कहा है कि 140 करोड़ का भारत मेरा परिवार है। सीएम योगी ने धारा 370, नक्सलवाद, आतंकवाद पर कहा, लोग सोचते थे भारत इससे कभी मुक्त नहीं होगा लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में ये सब हुआ। विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश। इसके लिए मोदी जी का तीसरा कार्यकाल चाहिए। तभी विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। बता दे कि प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को सबसे पहले मथुरा में फिर मेरठ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। मेरठ में ष्टरूयोगी ने कहा, मैं प्रत्याशी के रूप में अरुण गोविल को बधाई देता हूं। मेरठ इतिहास बनाता है, बांटता नहीं। हस्तिनापुर भी मेरठ ने दिया। 1857 में धनसिंह गुर्जर के नेतृत्व में आजादी का अवसर भी मेरठ ने दिया था।

### 'चुनावी समर में दो खेमे-एक पार्टी के लिए फैमिली फर्स्ट'

योगी ने कहा-प्रधानमंत्री और हेमा मालिनी का प्रतिनिधि बनकर इस चुनाव को अपने हाथों में लें। भाजपा को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा- आज गंगा की सफाई का काम चल रहा है। अब यमुना की बारी है। कुछ एसटीपी बन गए हैं। कुछ बन रहे हैं। ब्रज क्षेत्र तो समाधान देता है, समस्या नहीं। चुनावी समर में दो खेमे साफ नजर आ रहे हैं। एक पार्टी के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पार्टी भ्रष्टाचार की पक्षधर है। मोदी जीरो टॉलरेंस का पक्षधर हैं। एक पार्टी तुष्टिकरण की पक्षधर है, लेकिन मोदी का पक्ष सबका साथ-सबका विकास है।

### पहले जाति, भाषा देखकर योजना तय की जाती थी: योगी

योगी ने कहा, पीएम मोदी ने सीमा सुरक्षित की तो इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया। 2014 से पहले गरीब कल्याण के नाम पर जाति, भाषा देखकर योजना तय की जाती थी। लेकिन, मोदी ने बिना भेदभाव के योजना का लाभ दिया। हमने तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टिकरण को आधार बनाया है। आजीविका है तो आस्था भी है। विकास के साथ आम नागरिक को जोड़ने का काम हो रहा है। व्यापारी, महिला को सुरक्षा की गारंटी है।

### आज माफिया राज समाप्ति की ओर

उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके लिए फैमिली फर्स्ट है, जबकि नरेंद्र मोदी के लिए नेशन फर्स्ट है। फैमिली फर्स्ट वालों के राज में भ्रष्टाचार माफिया राज और पुष्टिकरण की राजनीति होती थी। नरेंद्र मोदी के राज में, रामराज, सबका साथ सबका विकास, माफिया राज की समाप्ति के कार्य होते हैं।

### सीएम ने लोगों को बताया मोदी का मतलब

कहा कि मोदी का मतलब है लोगों के सिर पर छत, मोदी का मतलब है लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ, मोदी का मतलब है हर घर शौचालय, मोदी का मतलब है गरीब, शोषित, वंचित का विकास। इसके बाद उन्होंने लोगों से पूछा कि आप सभी लोग सहमत हैं न। लोगों ने कहा हां। इसके बाद उन्होंने बांकेबिहारी के जयकारे के साथ अपना संबोधन समाप्त किया।

### आज यमुना की गंदगी को देखकर दुख होता है इसे दूर करेंगे: सीएम योगी

प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि कहा कि आज से पांच हजार वर्ष पहले इसी ब्रज में श्रीकृष्ण ने अपनी लीला रचाई। उस लीला की साक्षी बनीं थीं यमुना मैया। आज यमुना की गंदगी को देखकर दुख होता है। इसे दूर करेंगे। आज ब्रज क्षेत्र में विकास हो रहा है। यह काम आपकी लोकप्रिय सांसद हेमा मालिनी के द्वारा संसद में जो आवाज गूंजी थी, उसके द्वारा ही संभव हो पाया है। उन्होंने वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर में कॉरिडोर की भी चर्चा की। उन्होंने मोदी की गांरटी का भी जिक्र किया। कहा कि मोदी की गारंटी से हर काम संभव है।

## गाजियाबाद में बीजेपी का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

# सीएम योगी बोले एक वोट से शानदार कांवड़ यात्रा निकली

**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**

गाजियाबाद के नेहरूनगर स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बुधवार को बीजेपी का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। शहर के तमाम डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, सीए, शिक्षक-प्रोफेसर सहित अन्य सभी प्रबुद्ध वर्गों के लोग भी सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, कांवड़ यात्रा का जब निर्णय था, बहुत कठिन निर्णय था। इससे पहले इस पर बैन था। कोई राज्य कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दे रहा था। हम सरकार में आए तो सब पहले से तय था। कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, बस उसे लागू करना था। हमने अधिकारियों से पूछा- क्या बैठक हुई? क्या तय हुआ? उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा नहीं निकलेगी। इस पर हमने कहा कि हम यहां ताली बजाने के लिए नहीं आए हैं। हम यहां भजन गाने के लिए नहीं आए हैं। भजन गाने के लिए हमारा मठ है। हमें जब गाना होगा, मठ में जाएंगे। शासन में आए हैं तो शासन दमदार तरीके से चलेगा। जिसको काम करना होगा, हमारे साथ काम करेगा। जिसको काम नहीं करना होगा, वो छुट्टी ले और जीवनभर के लिए छुट्टी मैं सेंशन करुंगा। मेरी डिक्शनरी में न शब्द नहीं है। और फिर कांवड़ यात्रा शानदार तरीके से निकली। प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ लोग आए। अयोध्या श्रीराम मंदिर के अब तक डेढ़ करोड़ श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। ये सब आपके एक वोट से संभव हुआ।

### मैं गाजियाबाद आने में हिचकता था: सीएम

योगी आदित्यनाथ ने कहा, 1998 में मैं सांसद था। गाजियाबाद आने में हम हिचकते थे। उसके दो कारण थे। एक अपराध और दूसरा गंदगी। आज गाजियाबाद स्मार्ट सिटी में नंबर वन आता है। आज गाजियाबाद कमिश्नरेट का पुलिस रिकॉर्ड सबसे अच्छा उदाहरण बन रहा है। सरकार की पहल से आज बिल्डर, बायर्स को समय पर मकान दे रहे हैं। पहले कोई गाजियाबाद नहीं आना चाहता था, आज कोई गाजियाबाद छोड़ना नहीं चाहता। गाजियाबाद के बगल में जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है।

### नहीं दिखे मौजूदा सांसद वीके सिंह

इस कार्यक्रम में दो बार के सांसद जनरल वीके सिंह मंच पर नहीं दिखे। दरअसल, पार्टी ने इस बार उनका टिकट काटकर अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में पिछले 10 साल में हमने गाजियाबाद को बदलते देखा है। परिवर्तन व्यवस्था का हिस्सा है। इसी व्यवस्था परिवर्तन में अतुल गर्ग को पार्टी ने आप सबके बीच भेजा है। प्रत्याशी का हर घर जाना संभव नहीं है। इसलिए समाज का नेतृत्व करने वाले लोग खुद प्रत्याशी बनें और इस काम को आगे बढ़ाएं।

### प्रबुद्ध सम्मेलन में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, नरेंद्र कश्यप सहित दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर के मुख्य महंत नारायण गिरि, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी अतुल गर्ग, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, मेयर सुनीता दयाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी-रिमांड से राहत नहीं

## दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिहा करने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिन्हें दिल्ली आबकारी शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अंतरिम राहत के लिए दिल्ली के सीएम की याचिका पर भी नोटिस जारी किया लेकिन कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। अदालत ने ईडी की हिरासत से रिहाई की मांग करने वाली केजरीवाल की अंतरिम याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को दो अप्रैल तक का समय दिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई तीन अप्रैल की तारीख तय की है। यह मामला दिल्ली के लेफ्टिनेंट जनरल वीके सक्सेना द्वारा दायर 2022 की शिकायत में निहित है, जिसमें 2021-22 के लिए दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के निर्धारण में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आम आदमी पार्टी के नेताओं, जिनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य अज्ञात और अनाम निजी व्यक्ति/संस्थाएं शामिल हैं, ने उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण के चरण में एक आपराधिक साजिश रची थी। यह आरोप लगाया गया था कि साजिश में नीति में जानबूझकर छोड़ी गई या बनाई गई खामियां शामिल थीं। ये खामियां कथित तौर पर निविदा प्रक्रिया के बाद कुछ शराब लाइसेंसधारियों और साजिशकर्ताओं को फायदा पहुंचाने के लिए थीं। इस मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी भारत में पहली घटना है जहां एक मौजूदा मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डाला गया। इसी मामले में डिप्टी सीएम सिसौदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पहले से ही जेल में हैं। 15 मार्च को ईडी ने मामले में भारत राष्ट्र समिति के विधायक और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को भी गिरफ्तार किया था।

### 'मेरी गिरफ़्तारी की बुनियाद ही गलत है'

वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलील में कहा था कि आचार संहिता के दौरान एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। यदि आप समान खेल के मैदान को बाधित करने के लिए कुछ करते हैं, तो आप लोकतंत्र के दिल पर चोट करते हैं। सवाल गिरफ़्तारी के समय का है। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा कर दें क्योंकि मेरी गिरफ़्तारी की बुनियाद ही गलत है, यही मेरी अंतरिम प्रार्थना है।

### 'अरविंद केजरीवाल की अंतरिम राहत पर कोर्ट करेगा विचार'

दिल्ली हाई कोर्ट की जज स्वर्ण कांता शर्मा कहा कि वह मुख्य याचिका पर ईडी को नोटिस जारी करेगी। कोर्ट ने कहा कि अगर केजरीवाल अंतरिम राहत मांग रहे हैं, तो उस पर विचार किया जा सकता है। ईडी की ओर से एसवी राजू ने इसका विरोध किया और कहा कि हम इस पर अपना जवाब देना चाहते हैं, इसके लिए हमें थोड़ा वक्त चाहिए। फैसले में कोर्ट ने ईडी से दो अप्रैल तक जवाब तलब किया है।

# वृंदावन पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री, बोले, 20 किमी दायरे में शराब और मांस की बिक्री पर लगे रोक

**जन एक्सप्रेस | वृंदावन**

तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में बुधवार को बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे। उन्होंने बांकेबिहारी मंदिर में कन्हैया के दर्शन किए। आश्रम में जाकर संतों का आशीर्वाद लिया। धर्म अध्यात्म पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वृंदावन के 20 किलोमीटर दायरे में मांस और शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। कहा कि आते वक्त हाईवे पर अंग्रेजी शराब की दुकान देखी तो उन्हें दुख हुआ। जिस प्रकार से अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, उसी प्रकार भगवान कृष्ण भी मथुरा में भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके लिए उनके सिरमौर बृजवासी और संतजन प्रयासरत हैं।

### जल्द ही वृंदावन में कथा करेंगे

उन्होंने यह भी कहा कि रामराज्य की स्थापना और सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग सभी देशवासी करें। कहा कि वह जल्द ही वृंदावन में कथा करेंगे। बृज में दरबार की आवश्यकता नहीं है। यहां सबसे बड़ा दरबार बांकेबिहारी महाराज का है। जहां हनुमान जी भी भक्ति में रहते हैं। ऐसी ब्रज में उनके बालाजी महाराज की कृपा से कथा का अवसर यहां प्राप्त होगा।



### इन आश्रमों में पहुंचे

यहां वह गोरेलाल कुंज पहुंचे। वह महंत किशोरीदास महाराज से मिले। इसके बाद वह भागवत आचार्य श्रीकृष्ण शास्त्री ठाकुर जी महाराज के निवास पहुंचे। यहां भागवताचार्य इंद्रेश शास्त्री से मुलाकात की। इसके अलावा वह भागवताचार्य श्यामसुंदर पराशर, अनिरुधाचार्य के आश्रम भी पहुंचे।

# बरेली से जुड़े बंगलूरू ब्लास्ट के तार, एनआईए ने मौलाना को हिरासत में लेकर घंटों की पूछताछ

**जन एक्सप्रेस | बरेली**

बंगलूरू के राजाजीनगर स्थित रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को आईईडी ब्लास्ट में संलिप्तता के शक में एनआईए ने बरेली के धौरांटांडा के एक धार्मिक स्थल से मौलाना को हिरासत में लिया। भोजीपुरा थाने में नौ घंटे पूछताछ के बाद मौलाना को छोड़ दिया गया। धमाके के तुरंत बाद मौलाना बंगलूरू से बरेली चले आए थे। इन दिनों वह विदेश जाने की तैयारी में थे। गतिविधियां संदेह के दायरे में होने पर एनआईए ने कार्रवाई की। एनआईए (नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी) की लखनऊ यूनिट की टीम बुधवार को स्थानीय पुलिस और नायब तहसीलदार को साथ लेकर सुबह करीब छह बजे मौलाना के घर पहुंची। मौलाना घर में नहीं मिले। इसके बाद मौलाना के पिता को साथ लेकर टीम एक धार्मिक स्थल पहुंची। यहां से सुबह करीब सात बजे मौलाना को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। प्रभारी निरीक्षक के कक्ष में शाम चार बजे तक मौलाना से पूछताछ की गई। थाना पुलिस के मुताबिक मौलाना बंगलूरू के एक धार्मिक स्थल में रहते थे। धमाके के तुरंत बाद वह बरेली आ गए। एनआईए की स्थानीय इकाई की जांच में मौलाना की भूमिका संदिग्ध पाई गई। मौलाना के विदेश जाने की सूचना पर शक और गहरा गया।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** चुनावी रैलियों से पहले सीएम योगी प्रदेश के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप कर रहे

# मिशन 80 के लिए दौड़ पड़ी 'योगी एक्सप्रेस'

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**

- सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे योगी आदित्यनाथ
- मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हुई, अभी 31 मार्च तक प्रस्तावित हैं सम्मेलन
- सीएम योगी यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के उत्तर प्रदेश में मिशन 80 को पूरा करने के लिए सीएम योगी के ताबड़तोड़ कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। चुनाव के शुरुआती चरणों के मद्देनजर पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर मुख्यमंत्री का पूरा फोकस है। सीएम योगी प्रबुद्ध वर्ग से वार्तालाप कर भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करने के लिए निकल पड़े हैं। अलग-अलग चरणों के हिसाब से संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व %फिर एक बार मोदी सरकार%के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे। इसके बाद उनकी चुनावी रैलियां की शुरुआत होगी। लोकसभा आम



चुनावों की घोषणा के बाद अब बुधवार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फुल एक्शन में नजर आ रहे हैं। चुनावी रैलियों से पहले सीएम योगी प्रदेश के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होने जा रही है, यहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व फिर एक बार मोदी सरकार%के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे।

### 5 दिन में 15 प्रबुद्ध सम्मेलन

भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएम योगी 27 से 31 मार्च तक यानी 5 दिनों में 15 जनपदों को कवर करेंगे। सम्मेलनों की शुरुआत बुधवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से हुई। गणमान्य लोगों के साथ ही आम लोगों से भी संवाद करेंगे। गुरुवार 28 मार्च को सीएम योगी का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। 29 मार्च को सीएम शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वहीं, 30 मार्च को बागपत, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर, जबकि 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इन प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देंगे। सीएम योगी ने 2023 में निकाय चुनावों से पहले भी प्रबुद्ध सम्मेलन किए थे, इसका भाजपा को भरपूर लाभ मिला था और पार्टी ने सभी नगर निगमों में क्लीन स्वीप किया था। सीएम योगी एक बार फिर प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से लोकसभा चुनावों में क्लीन स्वीप का मिशन लेकर मैदान में उतरने वाले हैं।

### शुरूआती तीन चरणों में पश्चिमी यूपी में है चुनाव

सीएम योगी के इन प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है, यहां शुरुआती चरणों में चुनाव होना है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल 2024 को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है, वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है। इसी तरह तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली जैसे जनपदों में चुनाव की घोषणा हुई है। कार्यक्रम को देखते हुए सीएम योगी के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से की जा रही है, ताकि उनके संवाद का ज्यादा से ज्यादा असर आम लोगों तक हो सके।

# नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति महिला सिपाहियों ने किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के चैथे चरण के तहत बुधवार को जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

एण्टी रोमियों टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सार्वजनिक स्थलो जैसे-चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही टीम की सदस्यों ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्प लाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, एम्बूलेन्स सेवा 1930 व साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं व बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं व बालिकाओ को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो व मनचलो के द्वारा की जाने वाली आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व ऐसे शोहदो व मनचलो के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाती है।

## आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत पैलानी डेरा में बुधवार सुबह 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग जाने से ढाई लाख रुपए के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख हो गए। पैलानी डेरा में सुनील कुमार मिश्रा की इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई। वही मकान मालिक इंद्रभान सिंह ने धुएं को देखते ही सुनील कुमार मिश्रा को जानकारी दी। वहीं मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने पड़ोसी मुन्ना चैहान, महेंद्र मिश्रा, अभय आदि आधा दर्जन साथियों के साथ हैंडपंप से आग बुझाया तथा थानाध्यक्ष पैलानी संदीप कुमार पटेल को सूचना दी वहीं मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष पैलानी संदीप सिंह पटेल ने जानकारी ली। वहीं पीड़ित दुकानदार सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि अज्ञात कारणों से लगी आग से टच मोबाइल, पंखा, प्रेस व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया है। वहीं एसडीएम शशिभूषण मिश्रा ने बताया कि मौके पर लेखपाल को भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शासन की गाइडलाइन के अनुसार आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

# बाइक सवार पर को स्कार्पियो ने मारी टक्कर, दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

**✻ होली के त्यौहार में सामान खरीदकर लौट रहे थे दोनों भाई**

होली के त्यौहार में बाजार से सामान खरीद कर बाइक से गांव जा रहे दो चचेरे भाईयो को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनो की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे स्कार्पियो चालक को ग्रामीणो ने पकड़कर पुलिस को सौप दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फतेहगंज थाना क्षेत्र बघेलाबारी के मजरा खेरिया गांव निवासी 17 वर्षीय बुद्वराज पुत्र रामकृपाल अपने 27 वर्षीय चचेरे भाई प्रभूदयाल पुत्र शिवप्रसाद निवासी छुलहापुरवा के साथ बाइक में बैठकर होली के त्यौहार के लिए सामान खरीदने बदौसा गए थे। दोनो लोग मंगलवार की शाम बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी दतौरा मोड़ के पास सामने से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को उठाकर सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। डॉक्टरो ने दोनो की हालत देख उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनो ने दोनो को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरो ने देखने के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बुद्वराज के तीन भाईयो में छोटा था। पिता किसानी करता है। बुद्वराज और प्रभूदयाल हैदराबाद की लोहा फैक्ट्री में काम करते थे। बुद्वराज और प्रभूदयाल 14 फरवरी को गांव आए थे। 2मार्च को प्रभूदयाल की शादी हुई थी। प्रभूदयाल तीन भाईयो में दूसरे नबंर का था। पत्नी नीलम समेत परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

## मजदूर की बाइक की टक्कर से मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत हो गई। महिला घायल हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे बाइक चालक को ग्रामीणो ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रा खुर्द गांव निवासी 45 वर्षीय रामफल पुत्र सुखदेव मंगलवार की शाम गांव में ही अपने खेत मलिक के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। मसाला बनाते समय सामने से आ रही बाइक ने रामफल और महिला को टक्कर मार दिया। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। दोनो को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद रामफल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए यहां डॉक्टरो ने रामफल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चार पुत्रिया एक पुत्र है। वह किसानी करता था।

# सार्वजनिक अवकाश पर खुला रहेगा उपनिबंधक कार्यालय

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रजिस्ट्री कराने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। चालू माह में सार्वजनिक अवकाश पर उप निबंधक कार्यालय खुले रहेंगे। इस बाबत जारी आदेश में बताया गया है कि जिले के सभी उप निबंधक दफ्तर 29 और 31 मार्च को अवकाश के दिन खुले रहेंगे। जिन्हे जमीनों की रजिस्ट्री आदि कराना है, वह इसका लाभ उठा सकते हैं। जनपद के सभी तहसीलों के उप निबंधक कार्यालयों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को अवकाश नहीं दिया जाएगा।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रवींद्र सिंह सचान ने बताया कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, अधीनस्थ पंजीयन कार्यालयों के माध्यम से, दस्तावेजों का पंजीयन, भारतीय स्टाम्प अधिनियम एवं पंजीयन अधिनियम के प्रावधानों के तहत करते हुए स्टाम्प और पंजीयन शुल्क के रूप में, राज्य शासन के लिए राजस्व अर्जन करने वाला एक महत्वपूर्ण विभाग है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम माह पूर्ण होनें में कुछ ही दिन बचे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन में मात्र कुछ दिन अवशेष हैं। 29 (गुड फ्राइडे) व 31 मार्च (रविवार) को सार्वजनिक अवकाश के दिन समस्त उप निबंधक कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भांति खोले जाएंगे और रजिस्ट्री का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की भांति होगा। अधिक से अधिक संख्या में लंबित विलेखों का पंजीयन कराया जाए, जिससे जनहित सहित राजस्व वृद्धि भी हो सके।

# नेत्र चिकित्सकों का अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में हुआ सम्मान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय दुनिया में नेत्र रोगियों की सेवा के लिए अपनी अलग ही पहचान बनाई है। कलकत्ता में अंतर्राष्ट्रीय ऑल इंडिया आप्थलमो लॉजिकल सोसायटी द्वारा आयोजित नेत्र कार्यशाला में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के रेटीना के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा आलोक सेन, ग्लूकोमा के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा राकेश शाक्य टॉप सर्जिकल वीडियो अवार्ड से नवाजे गए। इस कार्यशाला में श्री सद्गुरु सेवा संस्थान के डायरेक्टर एवं ट्रस्टी डा बी के जैन और उनकी धर्म पत्नी ऊषा जैन भी विशिष्ट अतिथि के रूप सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में आंख से संबंधित सभी ईलाज किए जाते है और लगभग हर विभाग की सबस्पेशलिटी रेटीना, ग्लूकोमा, कार्निया, अक्लोपलास्ट आदि की सुविधा उपलब्ध है। बताया कि अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी का 82वां वार्षिक सम्मेलन बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, कोलकाता में आयोजित किया गया। जिसमे पांच दिवसीय ऑल इंडिया आप्थलमो लॉजिकल सोसायटी द्वारा नेत्र कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में देश विदेश के लगभग 10,000 नेत्र चिकित्सकों ने प्रतिभाग लिया।इस पांच दिवसीय नेत्र कार्यशाला में सभी नेत्र चिकित्सकों ने आपस में एक दूसरे से अपने अपने अनुभव साझा किए साथ ही सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के डा आलोक सेन एवं डा राकेश शाक्य ने नेत्र रोगियों की नेत्र सर्जरी में अच्छी गुणवत्ता के लिए इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी नेत्र चिकित्सकों को सर्जिकल ट्रेनिग देने का काम किया एवं नेत्र रोगियों के बेहतर ईलाज के लिए अपना लेक्चर भी दिया। इस अंतराष्ट्रीय नेत्र कार्यशाला में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सकों के अवार्ड से सम्मानित होने पर ट्रस्टी डा ईलेश जैन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ट्रस्ट के प्रथम चेयर मैन सेठ अरविंद भाई मफत लाल के जन्म शताब्दी वर्ष में ये बड़ी उपलब्धि है उन्होंने ये भी कहा कि यह सदगुरू परिवार के साथ साथ चित्रकूट क्षेत्र के लोगो के लिए बड़े गौरव की बात है कि इस अंतर्राष्ट्रीय नेत्र कार्यशाला में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सकों को टॉप सर्जिकल वीडियो अवार्ड से नवाजा गया।

# युवक समेत दो लोगो ने ट्रेन से कटकर जान दी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुत्र न होने से परेशान युवक ने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। एक अन्य घटना में बुजुर्ग ने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। पुलिस ने दोनो शवो को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बदौसा थाना क्षेत्र के कुम्हारन पुरवा निवासी 40 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र सुदामा मंगलवार की बिना बताए घर से निकल आया तुर्रा रेलवे फाटक के पास महाकौशल एक्सप्रेस से कट कर खुदकुशी कर लिया। ट्रेन गुजरने के बाद गेट मैन ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से निकले आधार कार्ड के जरिए ग्राम प्रधान को सूचना दी। प्रधान की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के भतीजे लक्ष्मीप्रसाद ने बताया कि लक्ष्मण ग्राम सदस्य था। ई़रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके कोई संतान नही थी। इसी से वह परेशान रहता था। इसी के चलते उसने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। एक अन्य घटना में कमासिन थाना क्षेत्र के भीती गांव निवासी 60 वर्षीय रामशरण पुत्र भूरा मंगलवार की सुबह बिना बताए घर से निकल आया। देर शाम तक जब वह घर नही पहुंचा तो घरवालो ने उसकी खोजबीन किया।

# उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अंतिम चरण पर



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण पर है। अब तक कुल 1,17,372 कापियों में कुल 1,16,299 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है, सिर्फ 2,073 कापियां अवशेष हैं। उपनियंत्रक रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस मूल्यांकन केंद्र में अब तक हाईस्कूल की 66,700 और इंटर की 49,599 का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। इस वर्ष हाई स्कूल में 67,000 और इंटर में 50,372 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी गई है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 25 और इंटर में 40 टोली लगाई गई हैं। जिन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है उनके अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेज दिए गए हैं। जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का उप प्रधान परीक्षकों द्वारा निरंतर परीक्षण भी किया जा रहा है ,इसके अलावा जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का अंकेक्षण भी कराया जा रहा है कुल मिलाकर कापियों के मूल्यांकन में किसी भी तरह की त्रुटियां न रह जाएं ,इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपादित कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, डॉक्टर आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, ज्ञानेंद्र चैधरी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, रमेश कुमार, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, वीरेंद्र नाथ, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरी शुक्ला, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग आदि का सराहनीय योगदान है।

## अवैध शराब के तीन कारोबारी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को 89 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

जिसमें थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी संतलाल निवासी सुचेता कालौनी थाना बरगढ़ को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक मातादीन तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी राजेश निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकीनाथ तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी भीम निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को 23 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# चुनावी अखाड़ा तैयार लेकिन पहलवान नदारद, समर्थकों में जुबानी जंग जारी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

लोकसभा चुनाव की जुबानी जंग में गरमाहट आती जा रही है। जंग की तैयारी पूरी हो गयी है और घोषणा किया जा चुका है लेकिन जांबाज अब भी नदारत है। केवल एक ही दल की ओर से जांबाज का एलान किया गया है। जो लगातार ललकार रहा है। वही विपक्ष की ओर से कोई भी पहलवान को नही उतारा जा रहा है। बल्कि पार्टी समर्थक ही जुबानी जंग कर रहे है। जब कि जंग का समय बहुत ही तेजी से नजदीक आता जा रहा है और लोगो मे अब भी संसय की स्थित बनी है।

ब्ताते चले कि फतेहपुर संसदीय सीट से एक मात्र प्रत्यासी भाजपा की ओर से घोषित किया गया है। वही सपा, बसपा सहित अन्य दलो की ओर से कोई भी प्रत्यासी की घोषणा नही किया गया। अकेले भाजपा की सांसद तीसरी बार चुनाव लडने जा रही हैं। जबकि विपक्ष में अभी तक सन्नाटा है। कौन किस दल से चुनाव लडेगा। कुछ खुलासा नहीं हो पा रहा है। हां जनता जरूर, अपने-अपने स्तर पर कयास का गुणाभाग लगाती नजर आ रही है। जिले में मौजूदा सांसद भाजपा दो बार से फतेहपुर ससंदीय सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। सपा की तरफ से अभी तक कुर्मी बिरादरी की उम्मीदवारी की ही चर्चा सुनने को मिल रही है। बाकी कौन चुनाव मैदान में उतरेगा। यह तस्वीर अभी तक ओझिल है। दो बार इस सीट पर कामयाबी का परचम लहरा चुकी बसपा भी पूरी तरह से खामोश नजर आ रही है। बसपा से भी अभी तक कुछ तय नहीं है। हां सपा की तरह, उम्मीदवारी जताने वाली संख्या जरूर बढती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि यह पार्टी मुस्लिम प्रत्याशी को तरजीह दे सकती है। कांग्रेस का दावा तो दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी पार्टी छोडकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं और अब तक जिलाध्यक्ष की सीट खाली पडी है। कांग्रेस इस सीट पर सबसे ज्यादा चुनाव जीतने के बाद मौजूदा कई चुनाव से जिस दौर से गुजर रही है। उसे दुर्दिन ही कहा जा सकता है। जिससे कांग्रेस समर्थको मे सरगर्मी खामोश है। हाल यह है कि इस पार्टी की चुनावी सरगर्मी अभी तक सिर्फ चुनावी बहस का मुदृदा बनी हुई है। भाजपा ने इस सीट पर एक बार फिर से जीत हासिल करने की जिस कार्ययोजना पर चलना शुरू किया है। वह भी विपक्ष खेमे में देखने को नहीं मिल रहा है। राजनीति के जानकारों की माने तो गैर सपाई दल, इस पार्टी की उम्मीदवारी का इंतजार कर रहे हैं। उसे दुर्दिन ही कहा जा सकता है। जिससे कांग्रेस समर्थको मे सरगर्मी खामोश है। हाल यह है कि इस पार्टी की चुनावी सरगर्मी अभी तक सिर्फ चुनावी बहस का मुदृदा बनी हुई है। भाजपा ने इस सीट पर एक बार फिर से जीत हासिल करने की जिस कार्ययोजना पर चलना शुरू किया है। वह भी विपक्ष खेमे में देखने को नहीं मिल रहा है। राजनीति के जानकारों की माने तो गैर सपाई दल, इस पार्टी की उम्मीदवारी का इंतजार कर रहे हैं।

## बहनों ने भाई को तिलक लगाकर मांगा रक्षा सूत्र

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** भाई-बहन के अटूट और पवित्र बन्धन का पर्व भाई दूज व रक्षावन्धन जैसे अनेक पर्व मनाये जाते रहे है। भाई बहन को रक्षा सूत्र हो या तिलक लगाकर बहने जहॉ अपनी रक्षा का बचन लेती है। वही भाई की समृद्धि और सुख शान्ति की कामना करती है। जब कि आज के अधुनिक परिवेश मे मात्र औचारिकता मात्र रह गयी है। समाज के दूषित वातावरण मे भाई-बहन के रिस्तो को भी कलंकित करने से नही चूकते। जो समाज हित मे नही है। भईया दूज पर बहनो ने भाईयों को तिलक लगाकर रक्षा करने का वचन मांगा और भाईयों ने भी उसे पूरा करने का वचन दिया। होली के दूसरे दिन भईया दूज मनाया गया। जिस पर पर मिठाईयों की दुकानों पर भीड़ देखी गयी। बहनों ने पूजा-पाठ कर चैक बनाकर भाईयों को टीका किया और भाईयों से रक्षा करने का वचन मांगा। पूरे जनपद में आज भईया दूज का पर्व मनाया गया। भाईयों ने रक्षा करने के वचन के साथ ही बहनों को उपहार भी दिया। बहनों ने भाईयों की मनपसंद मिठाई खरीदी। भाईयों ने भी सारे काम छोडकर पहले बहनों से टीका करवाया।

# नहाते समय दो युवक की डूबने से मौत एक गम्भीर



**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

यमुना नहाने गये तीन दोस्त गहरे पानी मे जाने से डूब गये। डूबता देख स्थानीय लोगो ने एक युवक को किसी तरह बचा लिया लेकिन दो युवक कई घण्टे बाद गोताखोरो ने गहरे पानी से खोज निकाला जिनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मौके पर पहुॅची पुलिस ने शवो को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। घटना गाजीपुर थाना क्षेत्र के देवलान यमुना घाट में सुबह यमुना नहाने गये तीन युवक डूब गये। एक को घटना के तुरंत बाद सुरक्षित निकाल लिया गया। दो लापता किशोरों को कई घंटे बाद गांव के लोगों व स्थानीय गोताखोरों द्वारा निकाला गया। दोनों किशोरों को गाजीपुर पुलिस द्वारा सीएचसी गाजीपुर ले जाया गया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है।

# क्षेत्र में बढती जा रही पेयजल समस्या

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



पेयजल के लिए के लिए लगाये गये हैण्डपाईप भारी सख्या मे मात्र शोपीस बनकर रह गये है और जहॉ ग्रामीण क्षेत्रो मे पेयजल की समस्या आती जा रही है। वही कैप्टी बोरो सहित मध्यम श्रेणी वाले बोर भी जवाब दे चुके है। जिससे किसानो के सामने फसलो के सिचाई की समस्या आती जा रही है। जब कि सरकारो के प्रयास मात्र फाईलो मे दौडाये जा रहे है जो वास्तविता से कोसो दूर है। वही लाखो की लागत से तैयार सरोवर भी प्यास से ब्याकुल है। भूगर्भ जल स्तर तेजी से नीचे गिरता जा रहा है। जहॉ पेय जल के लिए 40 से 50 फिट का गड्ढा खोदकर कुये का रुप देकर सामूहिक रुप से पेयजल की सुविधा स्वयं किया जाता रहा है। वही जल स्तर नीचे जाने से सरकारो ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो मे हैण्डपाईप आदि की व्यवस्था किया और जल स्तर के नीचे गिरने से रोकने के लिये तालाबो की खुदाई कराया जिससे जल संचित होकर भूगर्भ मे समाहित होकर गिरते जल स्तर को रोका जा सके लेकिन शासन की योजनाये मात्र जेबे गर्म करने का साधन समझकर कही-कही क्रियान्वय तो लेकिन लाखो करोडो की धनराशि से खोदे गये तालाब एवं जल संचय केन्द्र स्वयं ही प्यास से व्याकुल देखने को मिल रहे है और जल का एक भी बूद तालाबो मे नही है। परिणाम स्वरुप शासन का लाखो करोडो की धनराशि पानी के लिए पानी की तरह ही बह गया और जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। यमुना तटवर्ती क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गॉवो सहित दोवाबा के लगभग पॉच दर्जन ग्रामीण क्षेत्रो मे गर्मी के शुरुवाती दौर मे पेयजल की समस्या आती जा रही है। पेयजल के लिए लगाये गये हैण्डपाईप सैकडो की तादात मे रीबोर कराये जाने के प्रार्थना पत्र सरकारी कार्यलयो की रद्दी टोकरी की शोभा बढा रहे है। वही बनाये गये ओवर हेड कही वर्षो से निमार्णधीन ही बने है। तो कही पाईप लाईन भ्रष्टाचार की शिकार हो गयी है। जिससे धर-घर नल की योजन भी अधर मे लटकी है। किसानो के मध्यम एवं कैप्टी बोरो ने पानी देना बन्द कर दिया और किसान सिचाई के लिए भटक रहा है। जब कि सरकारी नलकूपो की हालात आश्चर्य जनक है कि मामूली खराबी से वर्षो से बन्द पडे है और गॉवो के दबंगो एवं अराजक तत्वो के कमाई का साधन मात्र बनकर रह गये है। शासन द्वारा मुफ्त सिचाई की घोषणा मात्र ही है गॉव के दबंग अबैध कब्जा करके गरीब किसानो से सिचाई की वसूली कर रहे है और नलकूप आपरेटर घर बैठे ही वेतन की मोटी रकम डकार रहे है।

# चित्रगुप्त की पूजा कर मनाई गई भैया दूज



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मढियानाका स्थित चित्रगुप्त मंदिर में पूजा और भैया दूज धूमधाम से मनाया गया। कायस्थ समाज के लोग भगवान चित्रगुप्त को अपना आराध्य देव मानते हैं। वैसे कलम से जीविका चलाने वाले साहित्यकार पत्रकार व बुद्धिजीवी लोग भी उनकी पूजा पूरी आस्था के साथ करते हैं। कलम जीवियों के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा व भैया दूज का त्योहार हवन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वच्छता मिशन के शैलेंद्र मोहन नवीन श्रीवास्तव द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए ठंडाई का वितरण भी किया गया। इससे सभी को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में विजय निगम, नरेंद्र सक्सेना, संजय निगम अकेला, अमितेंद्र श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, डीसी श्रीवास्तव, विमल निगम, आलोक निगम नन्ना आदि कायस्थ बंधु उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है तथा हवाओं की गति सामान्य से तेज चलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.0 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# टेनरी के सेफ्टी टैंक में सफाई करने उतरे मजदूर की मौत, मचा हड़कंप





**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर में बुधवार को थाना जाजमऊ क्षेत्र स्थित एक टेनरी के सेफ्टी टैंक में सफाई का कार्य करने के लिए उतरे मजदूर की टैंक में दम घुट जाने वा गैस लग जाने से मौत होने के बाद हड़कंप मच गया हालांकि मौके पर मौजूद मजदूर के साथी और जनता के लोग उसे नासिर अस्पताल ले गई लेकिन वहां उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने की बात कह रही है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जाजमऊ के मोहल्ला सरैयां स्थित लाडली टेनरी के सेफ्टी टैंक में बुधवार सुबह थाना चकेरी के काजीखेड़ा निवासी सुरेश (45) अपने साथी शिवकटरा निवासी संजय और एक अन्य साथी के साथ ठेके पर टैंक साफ करने गया था। इस टैंक में टेनरी वेस्ट भरा था। जिसकी जहरीली गैस की चपेट में सुरेश गया। उसे साथियों ने किसी तरह बाहर निकाला। फिर टेनरी कर्मियों के साथ उसे जाजमऊ स्थित नासिर हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के परिवार में पत्नी लक्ष्मी और बेटा निखिल, लकी और बेटी रिया है जिसकी शादी हो चुकी है। परिवार वालों का आरोप है कि टेनरी मालिक और कर्मचारियों की लापरवाही से सुरेश की मौत हुई है। कहा कि जहरीली गैस से भरे 10 फीट गहरे टेनरी वेस्ट के टैंक में उतारने के लिए कोई सुरक्षा किट क्यों नहीं दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जाजमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**क्या बोली कानपुर पुलिस**

कानपुर पुलिस ने अपने ऑफिशियल ग्रुप में मीडिया अपडेट देते हुए बताया है कि थाना जाजमऊ अंतर्गत मोहल्ला सरैयां स्थित लाडली टेनरी के सेफ्टी टैंक में सफाई के लिए उतरे मजदूर सुरेश कुमार निवासी काजीखेड़ा उम्र करीब 45 वर्ष की दम घुटने के कारण बेहोश हो गया था जिसको स्थानीय लोगों द्वारा निकट स्थित नासिर अस्पताल लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई है स्थानीय पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का किया दावा



- दिव्यांगों का वोटर लिस्ट में नाम न बढ़ने तक लोकसभा चुनाव रोकने की मांग
- देश में 2011 की जनगणना में दिव्यांगजन की संख्या 207.8 लाख दिव्यांग हैं सूचीबद्ध

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस सम्बन्ध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी कानपुर नगर को ई-मेल भेजकर सभी दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने तक लोकसभा चुनाव 2024 में रोक लगाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि जनपद कानपुर नगर में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 26468 बताने पर 18 मार्च को अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी जिस सम्बन्ध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी शिकायत प्रकोष्ठ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की शिकायत का निराकरण कराने के निर्देश दिया है।

लेकिन अभी तक शेष दिव्यांगों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है, यही स्थिति पूरे देश में है। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि दिव्यांगजनों को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश हो रही है और लोकतंत्र में दिव्यांगजन को राजनैतिक भागीदारी से रोका जा रहा है। सभी दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में शामिल कर वोट डालने का अधिकार नहीं दिया जाता है

तो लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार किया जायेगा। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि इस सम्बन्ध में सभी प्रदेश अध्यक्षों को लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।

## स्टंट बाजों पर होगा आईपीसी की धाराओं में मुकदमा



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गंगा बैराज से एक विडियो सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल हुआ था।

जिसमे एक मोटरसाइकिल पर सवार 2 युवक पुलिस के सामने ही स्टंट कर रहे थे। इस प्रकरण मे बुधवार डीसीपी सेंट्रल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि उन बाइक सवार युवकों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक के नंबर पर 5000 रूपए का चालान भी किया गया है।

कानपुर पुलिस द्वारा गंगा बैराज मे आने जाने वालों के लिए एक नियम भी लागू किया गया। गंगा बैराज मे 4 बजे से 7 बजे तक के लिए एक पैट्रोलिंग टीम बनाई गई है जिसमे एक सब इंस्पेक्टर और चार आरक्षी लगातार पैट्रोलिंग करेगें और ऐसे स्टंटबाजों और लापरवाही से गाड़ी से चलाने वाले युवकों को मौके पर ही हिरासत मे लेकर उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे साथ ही वहां पर सीसीटीवी कैमरे मे लगाए गए हैं जिसकी निगरानी से स्टंटबाजों और रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले लोगों पर आईपीसी और आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## जेल के बंदी भाइयों को दूज का टीका करने दूर-दूर से पहुंची बहनें

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**




भाइयों को भाई दूज का टीका लगाने के इंतजार में खड़ी बहनें

शहर में बुधवार को जिला कारागार के मुख्य द्वार के बाहर हजारों बहनें अपने भाई को भाई दूज टीका करने के लिए लाइन में खड़ी हो होकर अपनी बारी आने का इंतजार करती हुई नजर आई। जेल प्रशासन ने बंदी भाइयों को टीका लगाने पहुंची बहनों के लिए विशेष सुविधा कर रखी थी। बंदियों की बहनें सुबह सात बजे से ही दूर दूर से बहने अपने भाइयों को टीका लगाने पहुंच गई थी।

आपको बताते चलें कि चाहे रक्षाबंधन हो अथवा भाई दूज कानपुर नगर की जिला कारागार के ज़िम्मेदार अधिकारी इन विशेष त्योहारों पर पूर्ण रूप से बहन भाइयों के इन पवित्र त्योहारों को सकुशल संपन्न करने के लिए विशेष रूप से तैयारी पहले से ही रखते हैं। बुधवार को भी जिला कारागार के प्रबंधन तंत्र द्वारा बहनों को उनके बंदी भाइयों से भाई दूज का टीका करने के लिए मिलाप कराया गया। भाई दूज का टीका लगाने के लिए कारागार में बंद अपने बंदी भाईयों से मिलने उनकी बहने सुबह से ही पहुंचने लगी।

इस दौरान बहनों ने घंटो लाइन में लग कर अपने भाइयों से मिलाई कर उनको दूज टीका लगाया। सुबह सात बजे से दोपहर 2 बजे तक लगभग साढ़े चार सौ से अधिक बहनों ने मिलाई कर भाइयों को टीका लगाया और उनकी कुशलता की कामना भी की।

## सूनसान पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना, जेवर और नकदी की पार






**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर के थाना चकेरी अंतर्गत श्याम नगर स्थित एक घर में जेवराज सहित लाखों लाखों का माल लेकर कर उड़न छू हो गए। जब घर के मालिक को सूचना मिली तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना चकेरी के श्याम नगर सिन्हा रोड निवासी सुशील ओमर की नयागंज मे किराने की दुकान है जो कि शनिवार को परिवार के साथ सोमनाथ दर्शन करने गए थे। घर मे ताला पड़ा था उनकी भतीजी स्वाति का एमबीए का पेपर था तो वह अपने मामा के घर पी रोड पर थी। बुधवार ज़ब स्वाती पेपर देने महाराजपुर के निजी कॉलेज जा रही थी तो घर देखने श्याम नगर गई वही घर का मुख्य द्वार बंद था तो चाभी से खोला तो वही तो प्रथम तल के दो कमरे का ताला टूटा पड़ा था और अलमारी का सामान फैला पड़ा था जिसके बाद तुरंत स्वाति ने अपने मामा के बेटे अमित को जानकारी दी।

सूचना पर पहुंचे अमित ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। मीडिया से बातचीत के दौरान पीड़ित ने बताया की सोना चांदी समेत नकदी चोरी हुयी है।

## सब्जी मंडी में खड़ी बाइक को चोरों ने कर दिया पार, मुक़दमा दर्ज



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर में पुलिस लगातार अपराध पर काबू पाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है लेकिन वाहन चोर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। थाना नवाबगंज क्षेत्र से एक युवक की बाइक चोरी होने के बाद उसने तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के श्याम बाग निवासी विशाल साहू की मोटरसाइकल बीती 18 मार्च को रात में सब्जी मण्डी में खड़ी होने के बाद रात्रि में वाहन चोर ने उसे पार कर दिया। सुबह देखे जाने पर गाड़ी वहाँ नही मिली। हालांकि पीड़ित के द्वारा अपनी गाड़ी को अपने स्तर से काफी ढूंढा गया जब वह अपने स्तर पर हार गया तो उसने नवाबगंज की पुलिस से गुहार लगाई। बीती 25 मार्च को विशाल साहू की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

## नशे में धुत होकर कार चला रहे सिपाही ने स्कूटी सवार को उड़ाया, हालत गंभीर







**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**


शहर में बीती 26 मार्च 2024 को रात्रि के समय थाना कैंट से महज थोड़ी सी दूरी पर नशे में धुत एक सिपाही ने अपनी कार से स्कूटी सवारों को उड़ा दिया। जिसमें स्कूटी सवार के पीछे बैठे एक नाबालिक की कई जगह से हड्डियां फ्रैक्चर हो गई हैं। इस दौरान स्कूटी के परखच्चे भी उड़ गए। जिस बच्चे का एक्सीडेंट हुआ है उसका नाम थाना अनवरगंज क्षेत्र का हीरामन पुरवा निवासी इकराम है.इकराम के परिजनों का आरोप है कि एक्सीडेंट की घटना को अंजाम देने वाले सिपाही को छुड़ाने उन्नाव से एक दरोगा आया था। इस दौरान कैंट पुलिस से उसकी झड़प भी हुई.दरोगा एक्सीडेंट करने वाले सिपाही को बच्चा जिस अस्पताल में भर्ती था वहां पर ले जाने की बात कह कर निकाला और गायब हो गया है। घायल नाबालिक के भाई की तहरीर पर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है।

थाना बेकनगंज क्षेत्र के हीरामन पुरवा में निवास करने वाले शाह आलम ने बताया कि बीती 26 मार्च को वह अपने घर हीरामन पुरवा से अपने जाजमऊ क्षेत्र स्थित होटल ताज अपनी स्कूटी के पीछे अपने भाई को बैठाकर अपनी बाई साइड से जा रहा था तभी लगभग समय 7.45 रात्रि पर जैसे ही कठेरीबाग से कैण्ट थाने के पास पहुंचा तो सामने से कार जिसका नंबर UP 78 GK 2384 के कार चालक ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उनका छोटा भाई इकराम जोकि पीछे बैठा था को गंभीर चोटे आयी है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है। कैंट थाने में पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हो गया है और पुलिस जांच में जुट गई है।

**नशे में सिपाही चला रहा था कार**

पीड़ित शाह आलम का आरोप है कि जिस कर चालक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार कर उसके भाई को घायल किया है वह उन्नाव में तैनात मनोज कटियार नाम का सिपाही है। आगे जानकारी देते हुए बताया कि उसे छुड़ाने उन्नाव जनपद से एक दरोगा जी पहुंचे थे। इस दौरान दरोगा की कैंट थाने के एसएसआई और सिपाहियों से झड़प भी हुई। एक्सीडेंट की घटना को अंजाम देने वाला सिपाही काफी दारू भी पिए हुए था। शाह आलम के घायल भाई को अस्पताल देखने की बात कह कर दरोगा सिपाही मनोज कटियार को लेकर निकला और फिर वहीं से गायब हो गया।

## चमनगंज थाने से थोड़ी ही दूरी पर हो रहा अवैध निर्माण



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

कानपुर हिंसा में आरोपी रहे एक चर्चित बिल्डर के रिश्तेदारों द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध निर्माण करने का मामला जमकर सोशल मीडिया में बुधवार को वायरल हुआ है।

वायरल मामले में खुलकर सामने आया कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक क्षेत्र में चर्चित बिल्डर अब खुद सामने न कर अपने रिश्तेदारों के माध्यम से अवैध निर्माण करवा कर ऊंची इमारतें तान रहा है। सूत्रों की माने तो चर्चितबिल्डर के करीबी रिश्तेदार माने जाने वाले मो. एजाज चमनगंज थाने से 100 मीटर दूर हिना मैरिज होम के पास अवैध इमारत इमारत बना रहा है।

## हाईवे पर लूट करने वाले दो लुटेरों को पनकी पुलिस ने दबोचा



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

पनकी पुलिस ने हाईवे पर लूट करने वाले दो आरोपियों को पकड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। आपको बता दें कि बीती 25 तारीख को रनियां निवासी विजय साहू किसी काम से रामादेवी जा रहे थे कि दोपहर लगभग 1:30 बजे गैस प्लांट पनकी के ठीक सामने ऊपर हाईवे पर विजय की मोटरसाइकिल खराब हो गई थी। जिस कारण विजय अपनी मोटरसाइकिल साइड मे लगाकर अपने भाई को फोन लगा रहा था तभी रनियां की तरफ जा रहे एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने विजय का मोबाइल और जेब मे रखे 4500 रूपए छीन लिए थे। विजय के विरोध करने पर तीनों युवकों ने उसके साथ मारपीट भी की थी। लेकिन विजय ने मारपीट और लूट करने वाले तीनों युवकों की मोटर साइकिल का नंबर नोट कर लिया था और पनकी पुलिस को सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके चलते बीते दिन बुधवार को पनकी पुलिस ने ए टू जेड फैक्ट्री बाउंड्री के पास संदिग्ध अवस्था मे मोटरसाइकिल पर खड़े दो युवकों को हिरासत मे लेकर पूछताछ की तो दोनो ने अपना नाम संचेडी निवासी आदर्श और चकेरी निवासी रवि सिंह बताया। दोनो की तलाशी मे पुलिस को तमंचा और कारतूस भी मिला है। जिसके बाद पुलिस दोनो को थाने ले आई। थाने मे जब युवकों के पास से मिली मोटरसाइकिल के नंबर की जांच की गई तो बाइक का नंबर वही निकला जो विजय साहू ने अपने साथ हुई लूट की तहरीर मे दिया था। पुलिस ने दोनो से पूछताछ की तो दोनो ने विजय साहू के साथ हुई घटना को भी कबूला है। जिसके उपरांत पनकी पुलिस ने दोनो आरोपियों को न्यायालय मे पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है और एक भागे हुए आरोपी की तलाश पनकी पुलिक कर रही है। गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह के साथ पुष्पराज सिंह, मुजम्मिल हुसैन, विवेक कुमार, राजेश बाबू शामिल रहे।

## सचेंडी पुलिस ने शातिर बकरा चोरों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



बुधवार को थाना सचेण्डी पुलिस को बडी सफलता हाथ लगी है। आपरेशन त्रिनेत्र की मदद से 24 घण्टे के अन्दर एक पल्सर मोटर साइकिल से एक युवक व दो बाल अपचारी को चोरी के बकरे के साथ बेचने के लिए ले जाते समय थाना सचेण्डी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। घटना के मुताबिक बीती 26 तारीख को संचेडी क्षेत्र के लालूपुर निवासी कप्तान सिंह द्वारा थाना सचेण्डी पुलिस को सूचना दी गयी कि उनके घर के बाहर बकरियां बंधी थी। जिसमे से एक बकरे को तीन पल्सर व्यक्ति चोरी करके ले गये हैं। कप्तान सिंह के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सचेण्डी पुलिस ने चोरी की धारा मे मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसको लेकर संचेडी पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी व बकरे की बरामदगी जल्द करने के लिए एक टीम भी गठित की थी। कल बुधवार को आपरेशन त्रिनेत्र की मदद से पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर बसंत बिहार निवासी कुलदीप पासी व दो बाल अपचारी को पल्सर मोटर साइकिल नं0 UP 78 DU5291 सहित गिरफ्तार किया है। तीनो आरोपी चोरी के बकरे बेचने के लिए जा रहे थे। तभी भैरमपुर तिराहे के पास थाना सचेण्डी पुलिस ने तीनों को जाल बिछाकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हुए तीन आरोपियो के पास से एक बकरा बरामद हुआ है। जिसके उपरांत तीनों को पुलिस द्वारा न्यायालय मे पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तारी करने वाली टीम में सीढ़ी इटारी चौकी प्रभारी आनन्द कुमार, उप निरीक्षक सौरभ गुप्ता, कांस्टेबल बेटा लाल शामिल रहे।

## आधा दर्जन पर हुई शांतिभंग की कार्यवाही



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

आचार संहिता लागू होते ही शहर के हर क्षेत्रों मे पुलिस का कार्यभार बढ़ गया है। जिसके चलते पुलिस अपराधियों पर लगातार अपनी पुलिसिया कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम मे बुधवार को संचेडी पुलिस ने लड़ाई झगड़ा कर रहे आधा दर्जन लोगों पर शांति भंग की आशंका मे 151 की कार्यवाही की है और साथ ही अधिक से अधिक धनराशि के मुचलके से पाबंद भी कराया है। शान्ति भंग में गिरफ्तार हुए युवकों का नाम संचेडी क्षेत्र के गज्जापुरुवा निवासी राम प्रकाश, छोटू सिंह, अमित, अनुज, सुरेश और संचेडी क्षेत्र के धरमंगदपुर निवासी सोनू बताया है है। इन्हे गिरफ्तार करने मे उप निरीक्षक अमित चौधरी, उप निरीक्षक राजदीप तिवारी, हेड कांस्टेबल सर्वेश सिंह, कांस्टेबल विपुल कुमार शामिल रहे।

## अली अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस पर मजलिस व शबीह ए ताबूत के जुलूस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** जनपद के शिया बाहुल्य इलाकों अमहट गोराबारिक, तुराबखानी, अलीगढ़ अलीनगर, ऊँचवा, मेड़ई खॉ का पुरवा, भाईं, लौहरदक्षिण, पीथापुर, हसनपुर, मनियारपुर, जूड़ूपुर प्रतापपुर मनियारी खैराबाद, करौंदिया, चुनहा, माल्हा, सजैया, सैदपुर,चीनी मिल, हयातनगर, कोटवा, सुरौली, मूँगर, प्यारेपुर, बेलहरी, कादीपुर, लुसहा, सैदखानपुर, वलीपुर, कारीभीत, इसौली, धौरहरा आदि इलाकों में हर साल की तरह इस साल भी हजरत अली अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस के मौके पर 29मार्च से 13अप्रैल तक सभी शिया इलाकों मे मजलिस व शबीह ताबूत का जुलूस निकाल कर शोक मनाया जायेगा। खास तौर से 29 मार्च 2024 को शिया जामा मस्जिद अमहट में रात 8बजे एक मजलिस होगी, इसके बाद शबीह ताबूत का जुलूस उठ कर हुसैनिया नौतामीर अमहट पर रात 12बजे खत्म होगा। 31मार्च को हुसैनिया बख्शी खॉ अमहट में रात 8बजे मजलिस होगी।और शबीह ताबूत का जुलूस उठकर अमहट चैराहे होता हुआ जामा मस्जिद अमहट पर रात 11 बजे समाप्त होगा। 13अप्रैल को दिन में एक बजे शिया जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस होगी।

# तलाक का निर्णय पति पत्नी का परन्तु परिणाम बच्चे को झेलना पड़ता है: शांतिलता कुमारी

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



राणा प्रताप पी जी कालेज के बीएड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने मन्नू भंडारी कृत उपन्यास आपका बंटी का अध्ययन करने के उपरांत उस पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह, मैडम शांतिलता कुमारी, डॉ सीमा सिंह, डॉ संतोष अंश ने इस उपन्यास के पात्रो से संदर्भित विविध सवाल विद्यार्थियों से किये जिनके विद्यार्थियों ने तार्किक उत्तर दिए। डॉ भारती सिंह ने कहा कि यह उपन्यास एक नई बात, नए विचार, नई भाषा एवं नए भाव-बोध के साथ हिंदी का एक सशक्त उपन्यास है जो आज भी प्रासंगिक है। आपका बंटी उपन्यास बाल मनोविज्ञान पर लिखा एक बहुचर्चित और कालजयी उपन्यास है इसका प्रकाशन 1979 में हुआ। मैडम शांतिलता कुमारी ने बताया कि आपका बंटी' एक कालजयी उपन्यास है. इसे हिंदी साहित्य की एक मूल्यवान उपलब्धि के रूप में देखा जाता है। तलाक का निर्णय सिर्फ पति पत्नी का होता है परन्तु परिणाम निर्दोष बच्चे को झेलना पड़ता है। डॉ संतोष अंश ने कहा कि आपका बंटी उपन्यास एक ऐसी बच्चे की मनो गाथा है जो अपने मम्मी पापा के रिश्तो की डोर है, वह भी उलझा हुआ। मन्नू भंडारी ने जब या उपन्यास लिखा तब तलाक के उतने मामलें नहीं होंगे जितना आज होता है। आज बात-बात रिश्ते टूट जाया करते हैं ,और दूसरी बार हो या पहली बार फिर से रिश्ते जुड़ते भी हैं। लेकिन इन सबके बीच जिसकी जिंदगी सूनेपन की गठरी बन जाती है वह है बंटी यानि बंटी जैसे हमारे समाज मे अनेक बच्चों की। मन्नू जी ने बंटी के माध्यम से उन तमाम बच्चों की मनोदशा का अतुल्य वर्णन किया है जो माता पिता के विखराव के बीच एक मात्र डोर है। इस उपन्यास की खासियत यह है कि यह एक बच्चे की निगाहों से घायल होती संवेदना का बेहद मार्मिक चित्रण करता है। डॉ सीमा सिंह ने कहा कि मन्नू भंडारी द्वारा लिखित 'आपका बंटी' बेहद मर्मस्पर्शी, तलाक के बीच पिस रहे एक बच्चे की मनोदशा पर लिखा गया उपन्यास है। इसमें एक बालक की मनःस्थिति के साथ ही स्त्री हृदय की वेदना को भी बड़ी ही बखूबी से लिखा गया। जिन विद्यार्थियों ने इस उपन्यास के अंश का वाचन किया और विमर्श में शामिल हुए। बी.एड. प्रथम बर्ष की अंशिका सिंह ने कहा कि हम शपथ लें कि अपने आगामी जीवन में बंटी जैसी समस्याओं की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे। माता-पिता को बच्चों को स्वाभाविक प्यार और दुलार देना चाहिए। रश्मि यादव, ने कहा शिक्षित की अपेक्षा अशिक्षित काफी सरल होते हैं।आस्था ने कहा इस उपन्यास में बिखरते दाम्पत्य में बाल मन के अंतर्द्वंद्व का प्रभावी चित्रण है।सौरभ निषाद ने कहा बालक के संतुलित विकास के लिए परिवार में। संतुलन बनाना आवश्यक है। आस्था भट् ने कहा, माता-पिता दोनों का समान प्यार दुलार न पाकर बच्चा असंतुलित हो जाता है। प्रतीक्षा ने कहा उपन्यास में दाम्पत्य जीवन के टकराव का बच्चों पर प्रभाव का ज़िक्र है। सेजल यादव ने कहा कि आपका बंटी से बाल मनोविज्ञान को समझने का अवसर मिलता है। शाहीन अंजुम ने कहा यह बाल मनोविज्ञान पर आधारित उपन्यास है। विवेक कुमार निषाद ने कहा इस उपन्यास से हमें बालकों के अन्तर्मन को समझने में मदद मिलती है। सुधाकर तिवारी ने कहा कि आज परिवार आत्म केंद्रित हो रहे हैं, अहम बढ़ता जा रहा है दाम्पत्य जीवन में अहम की कोई जगह नहीं है। इस अवसर पर बी.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 30 पदाधिकारियों से बनकर तैयार हुई शहर कांग्रेस की सेना, सूची जारी

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के स्वीकृत व संस्तुति से जनपद सुलतानपुर की शहर कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया। देर शाम शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। शहर कांग्रेस कमेटी ने सिराज सिद्दीकी को मीडिया प्रभारी, अर्श खान लकी को जिला प्रवक्ता, रविकांत त्रिपाठी को सोशल मीडिया की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी में 7 जिला उपाध्यक्ष 7 महासचिव और 13 लोगों को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शहर अध्याय शकील अंसारी ने कहा कि मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है की शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी–विजिल ऐप पर करें शिकायत: डीईओ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। इस एप पर चुनाव की घोषणा की तिथि से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने सभी से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।

# बेटियां स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनें: पूजा पांडेय

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



पूजा पांडेय की नियुक्ति दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री अरविंदो कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुई। पूजा पांडेय का मूल गांव सलोन तहसील के सिरसिरा पूरे ढाली है। जबकि शहर में निवास स्थान 189 क सिविल लाइन रायबरेली हैं। इनकी आरंभिक शिक्षा दीक्षा गांव में ही रहकर 10 वीं और 12 वीं की पढ़ाई की। इसके बाद स्नातक बीए और परास्नातक एमए की पढ़ाई फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट उत्तीर्ण किया। लखनऊ विश्व विद्यालय से इंग्लिश लिट्रेचर विषय से शोध कर रही है।इनका मुख्य विषय इंग्लिश लिट्रेचर है। पढ़ाई में हमेशा प्रथम स्थान प्राप्त किया। पढ़ने में कुशाग्र बुद्धि की थी। इस शानदार सफलता का पूरा श्रेय परम पिता परमात्मा,माता उर्मिला पांडेय पिता अमरीश पांडेय से अनुशासन, डेडीकेशन ,मेहनत करना सीखा। चाचा राजकुमार पांडेय(संस्कृत के प्रवक्ता), गुरु, बहन बेबी पांडेय, आरती पाण्डेय, हिमानी पांडेय और विशेष योगदान बड़े भाई प्रदीप पांडेय, भाभी अंशिका पाण्डेय एवं मित्रो को जाता हैं। खुशी की लहर दिल्ली यूनिवर्सिटी से लेकर गांव, तहसील और पूरे रायबरेली जनपद में है। सभी लोग इस शानदार सफलता के लिए पूजा पांडेय को बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं। पूरा परिवार सफलता के लिए बहुत ही गौरावंतित हैं। उन्होने अपना नाम रोशन करने के साथ साथ परिवार और पूरे रायबरेली जनपद का नाम किया है। पूजा की माता जी एवं दादी जी ने सफलता का पूरा श्रेय समर्पित किया है प्रयागराज की अनुकंपा और मां गंगा जी के आशिर्वाद से हुआ। योगाचार्य बृजमोहन ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। अग्रहरि समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सीनियर अकाउंटेंट सुरेश गुप्ता ने पुष्प गुच्छा देकर बधाई दिया। रियल एस्टेट से अर्जुन जयंत, वेस्टिज डायरेक्ट सेलिंग से महेश कुमार सिंह, गोविंद विश्वकर्मा प्राविधिक शिक्षा विभाग से सूरज सिंह आदि लोगों ने माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे रायबरेली के समस्त विद्यार्थियों को सफलता के तीन मूलमंत्र बताई है। 1-सर्वप्रथम खुद पर विश्वास करे एवं हर क्षेत्र में स्वयं का विकास करें। 2-जिस फील्ड में आपका मन लगे उसमें शत प्रतिशत मेहनत करें एवं केंद्रित रहें।। 3-टाइम टेबल बनाकर समय का सदुपयोग करें।

# तंबाकू व धूम्रपान प्रतिबंधित ! फिर भी आफिसों और अस्पतालों में धड़ल्ले से होता है सेवन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अंशुमान सिंह का कहना है कि तम्बाकू सेवन जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है।उन्होंने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाये,यह स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त ही हानिकारक है। तम्बाकू सेवन से अनेक बीमारिया होती है।जिसमें नपुंसकता,बांझपन और कैंसर प्रमुख रूप से है। एनएफएचएस-5 के अनुसार उत्तर प्रदेश में धुआरहित एवं धुंआसहित अनेक रूपों में तम्बाकू उपभोग 44.1 प्रतिशत है।जो कि अत्यन्त भयावह स्थिति है।जिससे भविष्य में अनेक असंचारी रोगों को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एनटीसीपी का सफल संचालन एवं सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत समस्त सार्वजनिक स्थान यथा-सभागृह, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रतिक्षालय, मनोरंजन केन्द्र, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थान, लोक परिवहन, पुस्तकालय आदि स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है।उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले प्रत्येक मेला, प्रदर्शनी सार्वजनिक कार्यक्रमों अथवा ऐसे किसी भी कार्यक्रम जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों के एकत्रित होने की सम्भावना हो,के मुख्य द्वार पर एवं मध्य में कम कम से दो बैनर,होर्डिंग्स लगायी जायेंगी।उन्होंने कहा कि सीओटीपीए 2003 की धारा-4 के अंतर्गत समस्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दण्डनीय अपराध है।जिसका उल्लंघन करने पर 200/रूपये तक जुर्माना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में पोलिंग बूथ को तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने की कार्यवाही की गयी है।उन्होंने समस्त जनसामान्य से अनुरोध करते हुए कहा कि आगामी समस्त चुनावों में समस्त मतदान प्रशिक्षण केन्द्रों, मतदान केन्द्रों के सौ गज की परिधि को तम्बाकू प्रतिबंधित क्षेत्र,आमजन को धुम्रपान,तम्बाकू उपयोग से होन वाली हानियों और दुष्परिणामों से जागरूक करने, मतदान केन्द्रों पर बोर्ड साइनेज जिसमें धूम्रपान, तम्बाकू रहित क्षेत्र, यहाँ धूम्रपान करना एक अपराध है। लिखा जाये।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जगह जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ विकास खंड ऊंचाहार के प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है। हम सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। इसके उपरांत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ विकास खंड ऊंचाहार के प्राथमिक विद्यालय बाबूगंज और उच्च प्राथमिक विद्यालय जगतपुर में मतदान बूथों का निरीक्षण कर संबंधित को निर्देश दिये कि बूथों पर ज़रूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार के असुविधा उत्पन्न न होने पाए।


# तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बुधवार को गौरीगंज अमेठी रोड पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक और स्कूटी में जोरदार टक्कर के कारण दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।जहाँ ननद के साथ स्कूटी से बाजार जा रही महिला अधिवक्ता को सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी।हादसे में महिला अधिवक्ता की मौत हो गई।जबकि ननद मामूली रूप से घायल हो गई।पुलिस ट्रक चालक को गाड़ी समेत हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही करने में जुटी है।पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के गौरीगंज अमेठी रोड पर ताला चौराहे के पास का है।जहाँ बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे कालू का पुरवा सोनपुर मनकंठ गांव की रहने वाली महिला अधिवक्ता 28 वर्षीय दीक्षा तिवारी पत्नी संजीत तिवारी अपनी ननद आरती तिवारी के साथ स्कूटी से अमेठी बाजार जा रही थी।दीक्षा अभी ताला मोड़ से अमेठी की तरफ मुड़ी ही थी कि अमेठी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।हादसे में दीक्षा गंभीर रूप से घायल हो गई।जबकि ननद आरती दूसरी तरफ गिरने से मामूली रूप से घायल हो गई।स्थानीय ग्रामीण आनन फानन में एम्बुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुँचे। जहां हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया। लेकिन ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दीक्षा की मौत हो गई।घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने ट्रक समेत हिरासत में ले लिया है।और मामले में पुलिस विधिक कार्यवाही करने में जुटी है।

# मतदाता जागरूकता को लेकर निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न




**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बुधवार को नेहरू युवा केंद्र अमेठी की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में विकासखंड जामों के एक स्कूल में मतदाता जागरूकता पर निबन्ध व पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुआ।निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आँचल द्वितीय प्रजलित तृतीय स्थान नैंसी ने प्राप्त किया।वही पेंटिग प्रतियोगिता मे प्रथम अर्पित,द्वितीय देविका तथा पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।और विकास खण्ड तिलोई के लक्ष्मणगंज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत निबन्ध व पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साइना बानो द्वितीय स्वाती एवम क्रान्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम रंजीता,द्वितीय मनीषा,शान्ति को तीसरा स्थान मिला।इस कार्यक्रम में युवा मण्डल अध्यक्ष जामों शिवम मिश्र,विद्यालय प्रबन्धक चंद्रेश शर्मा, युवा मण्डल अध्यक्ष शुभम तिवारी,प्रधानाचार्य शम्भूप्रसाद, गायत्री,अनीता सहित अध्यापक व काफी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# इमाम हसन के जन्मदिवस पर आयोजित हुई महफिल

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



पैगम्बर मोहम्मद के बड़े नवासे हजरत इमाम हसन के जन्मदिन के अवसर पर महफिल का आयोजन हुआ है। जिसमें नौगावां सादात, जौनपुर अयोध्या से आए शायरों ने कलाम पढ़े। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंद जमा हुए थे।

शहर के खैराबाद मोहल्ले में इमाम बारगाह बेगम हुसैन अकबर में मंगलवार को 15 रमजान की रात में महफिल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मौलाना असकरी मेंहदी फैजाबादी ने किया। मौलाना ने बताया इमाम हसन शिया समुदाय के दूसरे इमाम हैं। यज़ीद का बाप जो शाम में हुकुमत करता था उसने इनसे हुकुमत हड़प लिया था। इसके लिए उसने साजिश रची पहले सुलह किया बाद में उससे मुकर गया। जिसकी वजह से वो दीन से ही बाहर निकल गया। उन्होंने ये भी बताया कि यजीद का बाप हजरत अली को मिम्बरों से खुलेआम गालियां दिलवाता था। वो कुरआन और सीरते मोहम्मद को नहीं मानता था। जिसका इमाम हसन ने विरोध किया था। उन्होंने ये भी बताया हजरत अली के दुनिया से गुजर जाने के बाद 10 वर्षों तक हसन दुनिया में रहे फिर उन्हें जहर दिलवाकर यजीद के बाप ने मरवा दिया था। आपको बता दें कि महफिल में ज़मीर सैदपुरी, नातिक गाजीपुरी, हसन फतेहपुरी, शब्बर नौगांवी, जेना जाफराबादी, मुंतज़िर निमोलवी, अमन सुल्तानपुरी व नजर सुल्तानपुरी ने कलाम सुनाया। वही यहां पर मोहम्मद नजीर कर्बलाई, डॉ हादी रज़ा, आसिम सज्जाद, आलम रिज़वी, हाजी मुजाहिद अकबर, शाहिद अकबर आदि लोग मौजूद रहे।

## जिंदगी और मौत से जूझ रहा दुर्घटना में घायल पति, न्याय के के लिए दर दर भटकने को मजबूर पत्नी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

बीती 26 फरवरी 2024 को ग्राम मोजमगंज पोस्ट ओदारी की रहने वाली नैंसी पटवा के पति कृष्ण कुमार पटवा जो इस वक्त लखनऊ के बाबू युगराज सिंह हॉस्पिटल में गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं और गरीबी के चलते काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। पूरा परिवार मुसीबत से गुजर रहा है। कृष्ण कुमार पटवा की पत्नी ने बताया कि बीती 26 फरवरी को उनके पति किसी काम से समय लगभग 5 बजे बहादुरपुर जा रहे थे कि तभी पीछे से काफी तेज रफ्तार से आ रही चार पहिया जिसका वाहन संख्या- जीजे 05 सीएल 8314 है, उसने टक्कर मार दी जिससे मेरे पति वहीं गिर गए और बेहोश हो गए। मेरे पति के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। जिससे मेरे पति कोमा में चले गए। जिनका इलाज 26 फरवरी से आज तक लखनऊ के बाबू युगराज सिंह हॉस्पिटल में चल रहा है। टक्कर मरने के बाद मौके से चालक तो फरार हो गया था लेकिन थाना बहादुरपुर पुलिस ने मौके से चार पहिया वाहन को कब्जे में ले लिया था लेकिन दो तीन दिन बाद बिना कागज लिए चार पहिया वाहन को छोड़ दिया। जब हमने अगले दिन 27 फरवरी को थाना बहादुरपुर के दरोगा को फोन किया और पूछा तो उन्होंने मुझसे अभद्रता से बात की और कहा कि पेपर का क्या करोगी। उसके बाद से लगातार समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। आज तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही हुई और न ही कोई हॉस्पिटल आया। इतनी बड़ी घटना के बाद पूरा परिवार परेशान है और गहरे सदमे में है। लगातार न्याय के लिए भटक रहा है लेकिन न्याय नहीं मिल रहा।

# आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं होली मिलन समारोह: बसंत सिंह बग्गा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के तत्वाधान में घंटाघर चौराहे पर होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसंत सिंह बग्गा व संचालन राजेश शर्मा ने किया।समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री बग्गा ने कहा कि होली मिलन से भाई चारे को बढ़ावा मिलता है। आपसी एकता मजबूत होती है।

प्रांतीय संगठन मुकेश रस्तोगी ने कहा कि व्यापार मण्डल द्वारा विगत 55 वर्षों से होली मिलन समारोह इसी स्थान पर सम्पन्न होता चला आ रहा है। 1993 से बसंत सिंह बग्गा निरंतर इसे गति दे रहे हैं।

होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सिमरन, गुन्जन, सादाब अली ने अपनी-अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। साजिद भाई का संचालन बहुत जोरदार रहा। समारोह में विद्युत विभाग के अवर अभियंता हेमंत मिश्रा, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव, पूर्व महामंत्री हरिश्चन्द्र शर्मा, चिकित्सक डा0 मनीष त्रिवेदी, कर्मचारी तनूजा दीक्षित, कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, व्यापारी नेता मो0 हमजा खान, सरोज सोनकर, कैलाश लोहिया, नत्था सिंह चावला, पपिन्दर सिंह सलूजा, रामू दादा, वारिस इण्डस्ट्री के प्रोपराइटर इमरान भाई, अनुराग दरियाबादी, लक्ष्मी सोनकर दरियाबादी प्रमुख थे। व्यापार मण्डल के जिले की विभिन्न इकाईयों के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। सम्मान किये जाने वाले पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से लालगंज व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेयी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्र गुप्ता, नगर महामंत्री कौशलेन्द्र कंचन, डीह व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पवन अग्रहरि, शिव प्यारे अग्रहरि, मो0 चांद, हरि ओम अग्रहरि, शीतल अग्रहरि, परशदेपुर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बंश बहादुर सिंह, महामंत्री भीम कौशल, संगठन मंत्री लाल बहादुर मौर्य, खीरों व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दुर्गा बक्श सिंह, महामंत्री अफसर खान, कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी, युवा अध्यक्ष अरमान खांन, गुरूबक्शगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष लाला गुप्ता, कोषाध्यक्ष ललऊ बाद्यवान, खरौली व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुनील कुमार, महामंत्री अशोक अग्रहरि, मुराई का बाग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राम गोपाल वैश्य, रामेन्द्र वैश्य, जगतपुर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गंगा प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, महामंत्री आशीष कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार साहू, गदागंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष इन्तजार सिंह, उपाध्यक्ष राम बिलास जायसवाल, राम करन मौर्य, अमित सविता, उतरपारा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गया प्रसाद बाजपेयी, महामंत्री महेन्द्र अग्रहरि, लक्ष्मीगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बराती लाल जायसवाल, महामंत्री रमेश कुमार, सलोन व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राधे मोहन, संतोष कुमार अग्रहरि, युवा महामंत्री शिवम जायसवाल, हलोर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष प्रदीप पटेल, युवा अध्यक्ष प्रभाकर पटेल, गंगागंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मुन्ना पाण्डे, महामंत्री सूर्यभान सिंह, कोषाध्यक्ष रतीपाल यादव, मंत्री दीपक कुमार, युवा अध्यक्ष गोलू पाण्डे, युवा मंत्री शशांक गुप्ता, थुलवासा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राज कुमार मौर्य, अरूण गुप्ता, राम प्रसाद शर्मा, लल्ला मौर्या, रंजीत मौर्या, दिनेश, महाराजगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पिन्टू सिंह, राम भवन वैश्य, ऊँचाहार व्यापार मण्डल के अध्यक्ष धर्मेन्द मौर्य, महामंत्री राजू सोनी, सह महामंत्री फिरोज हैदर, उपाध्यक्ष हरि शंकर साहू, सूची व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दिनेश शंकर शुक्ल, उपाध्यक्ष संतोष अग्रहरि, अशोक चौधरी, अर्चना अग्रहरि, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रहरि, विजय लक्ष्मी आदि को संरक्षक मण्डल के अध्यक्ष कृष्णा कांत त्रिपाठी, गुरबक्श सिंह बग्गा, घनश्याम गुप्ता, चन्दिका प्रसाद भुन्दल, प्रेमनाथ गुप्ता ने सभी को सम्मानित किया। संरक्षक मण्डल के सदस्यों को जिलाध्यक्ष एवं उनकी कमेटी के सदस्यों ने सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 19°C |
| कानपुर | 36°C | 21°C |
| देहरादून | 30°C | 20°C |
| नई दिल्ली | 36°C | 23°C |

# लोकसभा चुनाव : भाजपा ने यूपी के लिए जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची, तीन प्रदेशों के सीएम लिस्ट में

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लोकसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही भाजपा का चुनाव प्रचार तेजी पकड़ने लगा है। इसी कड़ी में पार्टी की ओर बुधवार को यूपी लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गई है। सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कुल 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। पार्टी ने स्टार प्रचारकों में योगी के अलावा तीन अन्य प्रदेश मुख्यमंत्रियों को भी शामिल किया गया है। इनमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के नाम सामिल हैं। भाजपा की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह समेत प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक और कई मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। इनके अलावा केन्द्र और राज्य सरकार के भी कई मंत्रियों के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल व संगठ के कई पदाधिकारियों को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

### यूपी में भाजपा के ये होंगे स्टार प्रचारक

नरेन्द्र मोदी, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, पुष्कर सिंह धामी, बैजयंत जय पांडा, भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, स्वतंत्रदेव सिंह, धर्मपाल, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बलयान, लक्ष्मीकांत बाजपेई, धर्मपाल सिंह, जयवीर सिंह, नरेन्द्र कश्यप, असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मीनारायण, सुनील शर्मा, बेबीरानी मौर्य, हेमामालिनी, मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेन्द्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, गीता शाक्य, अश्वनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सतेन्द्र सिसोदिया, संतोष सिंह, दुर्विजय सिंह शाक्य।

# लोकसभा चुनाव : अब एसटी हसन का टिकट कटने पर बगावत

## जावेद अली बोले, रामपुर के अधीन नहीं रहा है मुरादाबाद



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सीतापुर की जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट कटवाने में कामयाब रहे। वहां आजम की खास मानी जाने वाली रुचि वीरा सपा की अधिकृत प्रत्याशी होंगी। लेकिन, सपा नेतृत्व ने रामपुर में उनकी नहीं सुनी और मोहिबुल्लह नदवी को मैदान में उतार दिया। नदवी दिल्ली की पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। वे मूल रूप से रामपुर के ही रहने वाले हैं। वहीं, रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि हमे आजम खां ने नदवी के बजाय आसिम रजा को चुनाव लड़ाने के निर्देश दिए हैं। आसिम रजा ने भी मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा दाखिल किया है। मुरादाबाद से एसटी हसन का टिकट कटने पर सपा में बगावत जैसे हालात हो गए हैं। सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने एक्स के जरिये इशारों ही इशारों में आजम खां के दबाव में यह टिकट काटे जाने की आलोचना की है। उन्होंने लिखा है, नवाबों के दौर में भी मुरादाबाद कभी रामपुर के अधीन नहीं रहा, पर अब है! उनके बयान में पार्टी में मतलब निकाले जा रहे हैं। साफ एक सपा में एक धड़ा एसटी हसन का टिकट कटने से नाखुश है।

### आसिम रजा ने भरा पर्चा

रामपुर में सपा के टिकट पर पिछला उपचुनाव लड़ चुके आसिम रजा ने भी मंगलवार को पर्चा भरा। अजय सागर का कहना है कि सपा के स्थानीय कार्यकर्ता आसिम रजा को ही चुनाव लड़ाएंगे। यहां बता दें कि उपचुनाव में आसिम रजा को आजम के कहने पर ही टिकट दिया गया था। रामपुर से सपा का नदवी को उतारना आजम के लिए झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे आजम की पंसद नहीं हैं।

### रार और बढ़ने की उम्मीद

सपा के रामपुर लोकसभा सीट से मोहिबुल्लाह नदवी को उतारने से पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच रार बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, सपा ने डैमेज कंट्रोल शुरू करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि शीघ्र ही आजम खां को मनाने सपा महासचिव शिवपाल यादव सीतापुर जेल जाएंगे। वहीं, मुरादाबाद के प्रत्याशी को लेकर कन्फ्यूजन दूर हो गया है। इस सीट पर मंगलवार को मौजूदा सांसद एसटी हसन और बुधवार को पूर्व विधायक रुचि वीरा ने सपा के सिंबल के साथ नामांकन कराया था। हालांकि, बुधवार को एसटी हसन ने अपना पर्चा वापस लेने की बात कहकर रुचि वीरा का रास्ता साफ कर दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रालोद के एनडीए से गठबंधन के बाद 'इंडिया' को प्रत्याशियों का टोटा : अनिल

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह द्वारा 28 मार्च को अमरोहा व बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से शुरू किये जा रहे चुनाव अभियान को लेकर जनसभाओं के क्रम में 31 मार्च 2 अप्रैल व 4 अप्रैल के कार्यक्रम तय है।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी जयंत सिंह 31 मार्च को मुजफ्फरनगर व बागपत लोकसभा क्षेत्र 2 अप्रैल को कैराना व बागपत लोकसभा क्षेत्र तथा 4 अप्रैल बिजनौर व बागपत लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करेंगे।श्री दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल द्वारा एनडीए से गठबंधन के बाद उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को प्रत्याशियों के टोटा पड़ गया है, राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया चौधरी जयंत सिंह ने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में अपने चुनावी अभियान की धुआंधार शुरूआत 28 मार्च से कर दी है। चौधरी जयंत सिंह की जनसभाओं को लेकर रालोद, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा जनमानस में जबरदस्त उत्साह है।इस बार उत्तर प्रदेश में एनडीए के 80 के 80 उम्मीदवार जीतकर जायेंगे संसद तथा इंडिया गठबंधन का खाता भी नहीं खुलेगा।

### एनआरआई कर सकते हैं मतदान

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। तारीखों की घोषणा हो चुकी है, नामांकन शुरू है। मतदाताओं को पाले में लाने के लिए पार्टियां जीतोड़ कोशिश में है। भारत में सात चरणों में वोटिंग होनी है। विदेशों में रहने वाले भारतीय यानि एनआरआई लोकसभा चुनाव में वोट कर पाएंगे या नही,यह बड़ा सवाल है? एनआरआई भी हमारे भाई हैं तो वोट उनका भी मायने रखता है। एनआरआई के लिए वोटिंग का अधिकार है तो फिर उसकी क्या प्रक्रिया है। 2010 तक नॉन रेजिडेंट इंडियन यानि कि एनआरआई को चुनाव में वोट देने की इजाजत नहीं थी। 2010 के बाद एक संशोधन ने एनआरआई को भारत में अपने विशेष निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करने की अनुमति दी।लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20ए के तहत एक भारतीय नागरिक जिसने किसी विदेशी देश की नागरिकता हासिल नहीं की है और रोजगार, शिक्षा आदि के कारण विदेश में रह रहा है, वह निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नामांकित होने का हकदार है। पासपोर्ट में जो पता दर्ज होगा, वहां वो मतदान करने का अधिकारी होगा।एनआरआई को इस प्रावधान के तहत नामांकन के लिए फॉर्म 6ए में आवेदन करना होगा। एनआरआई भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। फॉर्म भरने से पहले, एनआरआई को इंटरैक्टिव मानचित्र के माध्यम से अपने संबंधित मतदान केंद्र की पहचान करनी होगी। वे क्षेत्र के चुनाव अधिकारी का विवरण प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में दिशा निर्देश और विवरण ईसीआई की वेबसाइट के होम पेज पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न शीर्षक के तहत देखे जा सकते हैं। मौजूदा कानून में विदेशी मतदाताओं के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है।एनआरआई के लिए विदेशों में वोटिंग का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे भारतीय नागरिक केवल उस इलाके के मतदाताओं के लिए प्रदान किए गए मतदान केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकते हैं जिसके अंतर्गत पासपोर्ट में पता आता है। उन्हें मतदान के दिन देश में मौजूद रहना होगा। विदेशों में रहकर एनआरआई भारतीय चुनाव में वोटिंग नहीं कर सकते हैं।एनआरआई वह व्यक्ति होता है जो भारतीय नागरिक है लेकिन पेशेवर या व्यक्तिगत कारणों से पिछले वित्तीय वर्ष के आधे से अधिक समय से भारत से बाहर रह रहा है। एनआरआई वो होता है जो एक किसी दूसरे देश में भारतीय नागरिक के तौर पर रहता है। एनआरआई को प्रवासी भारतीय भी कहा जाता है क्योंकि वे विदेशों में रहते हैं।पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 182 दिनों से कम समय तक भारत में रहा हो या रोजगार के उद्देश्य से भारत से बाहर चला गया है या विदेश में रह रहा है या व्यवसाय-संबंधी गतिविधियों या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भारत से बाहर गया है या विदेश में रह रहा है या किसी अन्य उद्देश्य से भारत से बाहर चला गया हो या विदेश में रह रहा हो।

### बोर्ड की कापियां क्षेत्रीय कार्यालय भेजने में नहीं लगेगी शिक्षकों की ड्यूटी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बोर्ड की कॉपियों के बंडल को क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजने में शिक्षकों की ड्यूटी अब नहीं लगेगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने निर्देश जारी कर दिया है।माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने डीआईओएस को पत्र भेजकर कहा है कि मूल्यांकन केंद्र से मूल्यांकन के बाद कॉपियों के बंडल को क्षेत्रीय कार्यालयों में भेजने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी न लगाई जाए। सिर्फ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई जाए। शिक्षक संघों के मूल्यांकन बहिष्कार जारी रखने के निर्णय के बीच माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने शिक्षकों से मूल्यांकन में सहयोग की अपील जारी की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मूल्यांकन बहिष्कार के कारण परिणाम प्रभावित होगा। इससे लाखों छात्रों का हित प्रभावित होगा।बोर्ड की कॉपियों के बंडल को क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजने में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

### प्रथम चरण में आठ सीटों पर 16 अप्रैल को मतदान

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। पहले चरण में यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में देश की 102 लोकसभा सीटों पर 16 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।इनमें यूपी की रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा सीट शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की इन आठ लोकसभा सीटों में समीकरण साधने की कोशिश एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधनों के जिम्मेदार जुट गये हैं। लोकसभा चुनाव में पीलीभीत की सीट सबसे हॉट सीट बन गई है क्योंकि बीजेपी ने वरुण गांधी का पत्ता साफ कर दिया है और कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को उम्मीदवार घोषित कर दिया है।पीलीभीत को यूपी का पंजाब कहा जाता है, क्योंकि विभाजन के बाद पाकिस्तान से आए सिखों ने इसे आबाद किया। पीलीभीत बाघों के लिए भी जाना जाता है। गोमती नदी के उदगम जल, जंगल, जमीन से सजा ये जिला अपनी खूबसूरती के लिए देश दुनिया में विख्यात है।धान, गेंहू, गन्ना यहां की प्रमुख फसलें हैं। यह क्षेत्र मेनका गांधी और वरुण गांधी के लोकसभा क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर यहां से जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है।पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की सीमाएं नेपाल और उत्तराखंड से जुड़ी हुई हैं। लखीमपुर, शाहजहांपुर, बरेली इसके पड़ोसी जिले हैं।

# लोकसभा चुनाव : एक्टिव हुई बसपा, मायावती के साथ आकाश आनंद भी करेंगे सभाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती अप्रैल के पहले सप्ताह से पश्चिमी उप्र में रैलियों की शुरूआत कर सकती हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो बसपा सुप्रीमो चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत बिजनौर और नगीना में रैली के जरिए करेंगी। वहीं दूसरी ओर पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी छह अप्रैल से यूपी में चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। उनकी पश्चिमी उप्र में कई चुनावी सभाओं का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का नामांकन समाप्त होने के बाद बसपा भी अन्य दलों की तरह चुनाव जीतने की व्यूह रचना करने में जुट गयी है। खासतौर पर पश्चिमी उप्र में, जिसे बसपा का गढ़ माना जाता है, बसपा सुप्रीमो जल्द प्रचार अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं। पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की फेहरिस्त भी तैयार करनी शुरू कर दी है, जिसमें अधिकतर पार्टी के वरिष्ठ नेता, जोनल कोआर्डिनेटर और पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद के नाम शामिल किए जाएंगे। पार्टी के अकेले विधायक उमाशंकर सिंह भी चुनाव प्रचार अभियान का हिस्सा बनेंगे। उनका नाम भी स्टार प्रचारकों में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा अन्य प्रदेशों के बसपा अध्यक्षों को भी स्टार प्रचारकों में शामिल किया जा सकता है।

# आतंक और गिरफ्तारियों के बल पर सत्ता में आना चाहती है भाजपा, बनाए जाते हैं मनगढ़त मामले : अखिलेश यादव



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अब आतंक और गिरफ्तारियों के बल पर सत्ता में आने की साजिश में लग गई है। पूरे देश में अराजकता है। भाजपा के भ्रष्टाचार की पोल खुल रही है। जनता में असंतोष तथा आक्रोश है। अपनी पराजय की आशंका से परेशान भाजपा अब विपक्ष को बदनाम करने का षडयंत्र रच रही है, जिसमें उसे कोई सफलता नहीं मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों पर खरी नहीं उतरी है। किसानों से कर्जमाफी, उनकी आय दोगुनी करने की कोई नीति नहीं बनी। एसएसपी पर फसल खरीद की किसानों की मांग बर्बरता से दबाने का काम किया है। कर्ज और महंगाई से परेशान एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। केंद्र में सरकार बनते ही 2 करोड़ नौकरियां देने का वायदा किया था। यूपी में पूंजी निवेश का हवा महल दिखाकर लाखों नौकरियां सृजित होने का दावा किया गया। एमओयू तो बहुत से हो गए, लेकिन जमीन पर न तो एक उद्योग लगा और ना ही नौकरियां मिली। यूपी में लगने वाले उद्योग गुजरात चले गए। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा ने अव्यवस्था पैदा कर दी है। भाजपा सरकार में परीक्षाओं का पेपर लीक हो जाता है। नौकरी देने पर आरक्षण भी देना होगा, इसलिए जानबूझकर पेपर लीक की नौटंकी होती है। छापे डलवाकर धन वसूली का भंडाफोड़ होने से भाजपा की चारों ओर बदनामी हो रही है। भाजपा जांच एजेंसियों के मार्फत विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और उनकी गिरफ्तारी से आतंक फैलाने में लगी हैं। भाजपा पूंजीपतियों की समर्थक है और उसे वसूली की आदत है। वह मनी लांड्रिग के बहाने पालिटिकल लांड्रिग का मनगढ़ंत केस बनाती है। अब उसके कुछ ही दिन बचे हैं। केंद्र की सत्ता में पीडीए इंडिया गठबंधन आने वाला है।

# बेखौफ दबंगों ने ले ली मुन्ना साहू की जान, पत्नी भर्ती, हवा-हवाई साबित हुआ पारा पुलिस का दावा

- आधा दर्जन लोगों ने साहू के घर पर चढ़ाई कर किया हमला
- घटना के समय मौजूद लोगों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सोमवार को जब लोग होली का जश्न मना रहे थे उसी बीच पारा थाना क्षेत्र में बेखौफ दबंग एक परिवार पर जानलेवा हमला कर रहे थे। इस हमले में घायल पति-पत्नी में से पति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि पत्नी अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है।

पारा कोतवाली क्षेत्र की चौकी हंस खेड़ा निवासी 664 डूडा कॉलोनी नरपत खेड़ा के रहने वाले अमन पुत्र मुन्ना साहू द्वारा कोतवाली में संजय शर्मा, विकास शर्मा, राहुल शर्मा व चार अन्य के खिलाफ नामजत प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि बीते सोमवार को अमन के माता-पिता घर पर थे इसी दौरान उपरोक्त लोग एक राय होकर प्रार्थी के घर में घुसकर हमला बोल दिया और गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के माता-पिता के सर में गंभीर चोटे आई और वह मौके पर बेहोश हो गए। जिन्हें एंबुलेंस 108 की सहायता से केजीएमयू में भर्ती कराया गया जहां पीड़ित के पिता मुन्ना साहू की इलाज के दौरान मौत हो गई और मां का इलाज चल रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी पारा बृजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और तीन लोगों को गिरफ्तारी भी किया गया है।

### घटना के समय मौजूद लोगों ने पारा थाने में तैनात पुलिस कर्मी पर लगाए गंभीर आरोप

होली के दिन जब बेखौफ दबंगों ने मुन्ना साहू के घर पर जानलेवा हमला किया किया तो इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने हमलावरों को पहचान लिया और पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते कई बार संजय शर्मा, विकास शर्मा, राहुल शर्मा व अन्य लोगों द्वारा पहले भी मारपीट जैसी घटना की जा चुकी है। स्थानीय लोगों ने पारा कोतवाली में तैनात भूपेंद्र नाम के पुलिसकर्मी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस कर्मी ने इन्हें ही उल्टा धमकाते हुए कहा कि अगर तुम लोग बोले तो एक-एक को कचहरी भिजवा देंगे। यही नहीं घटना पर मौजूद लोगों ने यह भी बताया कि पंकज रस्तोगी के घर पर एक दिन पहले प्लानिंग की गई थी इसके बाद मारपीट जैसी घटना को अंजाम दिया गया।

# लोकसभा चुनाव : द्वितीय चरण में 08 क्षेत्रों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 28 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के अंतर्गत 9-अमरोहा, 10-मेरठ, 11-बागपत, 12-गाजियाबाद, 13-गौतमबुद्ध नगर, 14-बुलंदशहर अ.जा , 15-अलीगढ़ तथा 17-मथुरा की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों में 07 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 01 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

# होली की वापसी : मुंबई और दिल्ली की टिकट सबसे मुश्किल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



होली बाद वापस लौटने वालों के लिए कन्फर्म सीटों की मारामारी बढ़ गई है। दिल्ली, मुम्बई की ट्रेनों की वेटिंग बढ़ती जा रही है। अगले एक हफ्ते तक जनरल से लेकर एसी चेयरकार तक में पैर रखने की जगह नहीं है। ऐसे में पैसेंजरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि, स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली हैं, पर उनमें भी तेजी से बुकिंग बढ़ रही हैं। गत 25 मार्च को होली का पर्व मनाने के बाद दिल्ली व मुम्बई लौटने वालों का कारवां शुरू हो गया है। चारबाग, लखनऊ जंक्शन से लेकर शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों से पैसेंजरों की वापसी हो रही है। लेकिन कन्फर्म सीटों की किल्लत पैसेंजरों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही हैं। अगले एक हफ्ते तक ट्रेनों में वेटिंग है। इसके बाद भी हालात बहुत बेहतर होते नजर नहीं आ रहे हैं। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली लखनऊ मेल की स्लीपर में 28 से दो अप्रैल तक क्रमशः 133, 101, 105, 130, 74, 52 व थर्ड एसी में 49, 66, 76, 85, 34, 17 वेटिंग है। पद्मावत एक्सप्रेस की स्लीपर में 57, 48, 47, 58, 42, 39 व थर्ड एसी में 17, 13, 21, 28, 14, 19 एवं एसी एक्सप्रेस की थर्ड एसी में 37, 48, 57, रिग्रेट, 99, 44, 25 वेटिंग चल रही है। वहीं लखनऊ से मुम्बई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर में दो अप्रैल तक 134, 123, 82, 51, 50, 52 व थर्ड एसी में 31, 32, 29, 25, 23 तथा गोरखपुर एलटीटी एक्सप्रेस की स्लीपर में 85, 56, 60, 66, 53, 36, थर्ड एसी में 24, 20, 23, 26, 36, 14 व कुशीनगर एक्सप्रेस की स्लीपर में 82, 78, 81, 58, 44, 48, थर्ड एसी में 25, 29, 28, 20, 19 वेटिंग चल रही है। कमोबेश अवध एक्सप्रेस, गोरखपुर पनवेल सहित अन्य ट्रेनों में भी वेटिंग है।

### महंगी चेयरकार भी फुल

लखनऊ से दिल्ली जाने वाली चेयरकार ट्रेनें भले ही महंगी हो, पर इन ट्रेनों में भी लम्बी वेटिंग चल रही है। लखनऊ जंक्शन से नई दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार में अगले पांच दिन 20, 16, 54, 99, 32 वेटिंग चल रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में 98,112, 136, 164, 71 वेटिंग है। शताब्दी एक्सप्रेस की चेयरकार में 41, 45, 45, 60, 89 वेटिंग है। हालांकि डबलडेकर एक्सप्रेस में सीटें उपलब्ध हैं।

### तत्काल कोटा 48 सौ, वेटिंग 52 हजार पार

लखनऊ से दिल्ली, मुम्बई व कोलकाता रूट पर चलने वाली ट्रेनों के लिए तत्काल कोटे में 48 सौ सीटें हैं। जिनके सहारे पैसेंजर वापसी की राह तक रहे हैं। लेकिन इन सीटों के एवज में 52 हजार के आसपास पैसेंजर वेटिंग में हैं। इतना ही नहीं बुधवार को तत्काल कोटे की आस में पैसेंजरों ने सुबह टिकट बुक करवाए, लेकिन देखते ही देखते ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो गई और पैसेंजरों के हाथ मायूसी लगी।

### 305 अतिरिक्त बसों से आराम, कर्मचारी तैनात

लखनऊ से प्रयागराज, गोंडा, बलरामपुर, कुशीनगर, सीतापुर, हरदोई, वाराणसी सहित 18 रूटों पर 305 अतिरिक्त बसों को लगाया गया है। इन बसों के चलते प्रदेश में लखनऊ से अन्य जिलों को जाने वाले यात्रियों को खासी राहत हो गई है। इतना ही नहीं पैसेंजरों के लिए हेल्पलाइन नंबर दिए गए हैं। पिकिंग प्वॉइंट बनाए गए हैं, जहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो यात्रियों की मदद कर रहे हैं।

### शेयरिंग टैक्सी : ट्रेन व बस से पड़ रहीं सस्ती

कई ऐसे शेयरिंग टैक्सी एप हैं, जहां टैक्सी बुक कर पैसेंजर गोरखपुर, वाराणसी, दिल्ली, कुशीनगर, प्रयागराज आदि जगहों पर जा रहे हैं। हालांकि, लम्बी दूरी के लिए शेयरिंग टैक्सी पैसेंजरों को नहीं मिल रही हैं। रिवरबैंक कॉलोनी निवासी रवि रावत को पत्नी संग दिल्ली जाना था। उन्होंने बताया कि ब्ला-ब्ला पर शेयरिंग टैक्सी मिल गई। 400 रुपये प्रति व्यक्ति टिकट देना पड़ा। जबकि बस व ट्रेन पर उन्हें न्यूनतम हजार रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करना पड़ता।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# मदरसा शिक्षा पर गहराते संकट के मायने को समझिए

**उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बाद अगर अनुदानित मदरसे बन्द कर दिए जाते है तो वहां कार्यरत करीब 10,200 शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा। वर्तमान में मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त तहतानिया कक्षा 1 से 5, फौकानिया कक्षा 5 से 8 और आलिया व उच्च आलिया स्तर यानी हाई स्कूल या इससे ऊपर के लगभग 16,460 मदरसे हैं। जिनमें मुंशी मौलवी हाई स्कूल समकक्ष, आलिम इंटर समकक्ष, कामिल स्नातक और फाजिल परास्नातक के समकक्ष पढ़ाई होती है।**

*किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश में अलग-अलग धार्मिक मान्यताओं व परम्पराओं को संरक्षण और बढ़ावा देना कोई अनुचित बात नहीं है। लेकिन जब सत्ताधारी दल द्वारा वोट बैंक के नजरिए से किसी धर्म को शह दिया जाए और किसी धर्म को नजरअंदाज किया जाए, तो यह गलत बात है। वहीं, विपक्षी दल द्वारा भी ऐसा किया जाना ठीक नहीं है। इस नजरिए से भारतीय धर्मनिरपेक्षता सदैव शक के कठघरे में खड़ा रहती आई है। खासकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए जो कुछ पक्षपाती प्रावधान वक्त दर वक्त तय किए गए, वो जब न्यायालय के समक्ष किसी जनहित याचिका के माध्यम से प्रस्तुत किये जाते हैं तो तर्क और नियमन की कसौटी पर कदापि नहीं टिक पाते। कतिपय मामलों में बहुसंख्यक धर्मावलंबियों को भी जब टारगेट करने की कोशिश की गई, तो वो प्रावधान भी कोर्ट में टिक नहीं पाए। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार दिया और कहा कि यह कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ भी है, जो संविधान के मूल ढांचे का अंग है। यही वजह है कि हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को योजना बनाकर इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया। इससे एक बात साफ हो चुकी है कि अब उत्तरप्रदेश में सरकारी सहायता प्राप्त 560 से अधिक मदरसों पर ताला लगेगा। उल्लेखनीय है कि कोर्ट में याचिकाकर्ता अंशुमान सिंह राठौड़ ने मदरसा बोर्ड की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए मदरसों का प्रबंधन केंद्र व राज्य सरकार के स्तर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से किये जाने के औचित्य पर सवाल उठाए थे। वहीं, याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि बोर्ड धार्मिक शिक्षा दे रहा है, पर राज्य सरकार को ऐसी शिक्षा देने का संवैधानिक अधिकार है। धार्मिक शिक्षा और निर्देश देना, वर्जित या अवैध नहीं है। हां, यह बात अलग है कि ऐसे धार्मिक शिक्षा के लिए अलग से बोर्ड जरूरी है, जिसमें उसी धर्म के लोग हों। बता दें कि इस मामले में याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि मदरसा अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों व शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन करता है, जो संविधान की मूल संरचना है। उन्होंने सवालिया लहजे कहा कि मदरसों में इसे दीनी तालीम तक सीमित कर दिया गया है, जो छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। वहीं, बोर्ड में सिर्फ मुस्लिम सदस्यों को शामिल किया गया, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। समझा जाता है कि इसी परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त न्यायिक आदेश मिला है। इस मामले में जस्टिस विवेक चौधरी व जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खण्डपीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए इस कानून को अधिकार से परे अल्ट्रावायर्स भी बताया। इसलिए सरकार का यह फर्ज बनता है कि ऐसे सभी प्रावधानों की पड़ताल करे और जनहित में सबकी एकरूपता सुनिश्चित करे। ऐसा किया जाना भारतीय धर्मनिरपेक्षता के हित में होगा। हालांकि, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। वहीं, यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा है कि फैसले का अध्ययन करने के बाद अगले कदम पर फैसला होगा। इस बात में कोई दो राय नहीं कि 20 साल बाद इस पकानून को असंवैधानिक करार दिया गया है। इसमें कहीं चूक हुई है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत जी भी अपने एक उदबोधन में कहते हैं कि राम राज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन शास्त्रों में मिलता है, उसी का आचरण आज हमें करना चाहिए क्योंकि हम भी इस गौरवमय भारतवर्ष की संताने हैं। आज हमें राम राज्य के समय नागरिकों द्वारा किए जाने वाले आचरण को अपनाने हेतु तप करना पड़ेगा, हमको समस्त प्रकार के कलह को विदाई देनी पड़ेगी। समाज में आपस में अलग अलग मत हो सकते हैं, छोटे छोटे विवाद हो सकते हैं, इन्हें लेकर आपस में लड़ाई करने की आदत छोड़ देनी पड़ेगी। राम राज्य के समय नागरिकों में अहंकार नहीं हुआ करता था वे बगैर अहंकार के आपस में मिलजुलकर काम करते थे।**



प्रहलाद सबनानी

# श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारतीय समाज को एक किया है

**श्रीमद् भागवत में बताया गया है कि जिन चार मूल्यों की चौखट पर धर्म का निवास रहता है, वे चार मूल्य हैं सत्य, करुणा, सुचिता और तपस। राम राज्य में इन मूल्यों का अनुपालन नागरिकों द्वारा किया जाता था। भागवत जी आगे कहते हैं कि आज की परिस्थितियों के बीच नागरिकों द्वारा आपस में समन्वय रखकर व्यवहार करना यह धर्म का ही प्रथम पायदान है।**

22 जनवरी 2024 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा क्योंकि इस दिन श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही थी। इससे निश्चित ही यह आभास हुआ है कि प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारत में समस्त समाज को एक कर दिया है। यह भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है। सामान्यतः किसी भी भवन का ढांचा नीचे से ऊपर की ओर जाता दिखाई देता है परंतु प्रभु श्रीराम मंदिर के बारे में यह कहा जा रहा है कि प्रभु श्रीराम का यह मंदिर जैसे ऊपर से बनकर आया है और पृथ्वी पर स्थापित कर दिया गया है। इस भव्य मंदिर को त्रिभुवन का मंदिर भी कहा जा रहा है। तमिलनाडु के एक बड़े अधिकारी, जो कला के जानकार हैं, का तो यह भी कहना है कि इस प्रकार की नक्काशी से सज्जित मंदिर शायद पिछले 1000 वर्षों में तो बनता हुआ नहीं दिखाई दिया है। इस मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के समय लगभग समस्त समाज के लोग पूजा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिठाए गए थे। पूजा सम्पन्न कराने के लिए माननीय पंडितों को देश के लगभग समस्त राज्यों से लाया गया था। देश में लगभग 150 संत महात्माओं की परम्पराएं हैं जैसे गुरु परम्परा, दार्शनिक परम्परा आदि। ऐसी समस्त परम्पराओं के संत महात्माओं की भागीदारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रही। साथ ही, सामाजिक जीवन के कई क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों की भी इस समारोह में भागीदारी रही, जैसे खेल, साहित्य, लेख, कला, मीडिया, प्रशासन, आदि। कुल 18 श्रेणियों के नागरिकों को इस समारोह में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिन लगभग 4000 श्रमिकों ने इस मंदिर के निर्माण में अपना योगदान दिया था उनमें से 600 श्रमिकों, इंजीनीयरों एवं सुपर्वायजर आदि की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी करवाई गई। 22 जनवरी 2024 के पवित्र दिन श्रीअयोध्या धाम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 60 चार्टर हवाई जहाज आए थे। कुल मिलाकर व्यवस्थाएं इतनी अच्छी थीं कि किसी भी नागरिक को श्री अयोध्या धाम में प्रवेश करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई थी। मंदिर परिसर में भी समस्त नागरिकों को अपनत्व लगा था। ऐसा लगा कि स्वर्ग में पहुंच गए हैं एवं मंदिर परिसर में दैवीय अनुभूति हुई। आज भारत एवं अन्य देशों से लगभग 2 लाख श्रद्धालु प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु श्री अयोध्या धाम प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को नागपुर में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण पर एक प्रस्ताव पास किया गया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि भारत में सम्पूर्ण समाज हिंदुत्व के भाव से ओतप्रोत होकर अपने ÷स्व÷ को जानने तथा उसके आधार पर जीने के लिए तत्पर हो रहा है। अब जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है अतः अब भारत के समस्त नागरिकों के संदर्भ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का यह सुविचरित मत है कि सम्पूर्ण समाज अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को प्रतिष्ठित करने का संकल्प ले, इससे राम मंदिर के पुनर्निर्माण का उद्देश्य सार्थक होगा। प्रभु श्रीराम के जीवन में परिलक्षित त्याग, प्रेम, न्याय, शौर्य, सद्भाव एवं निष्पक्षता आदि धर्म के शाश्वत मूल्यों को आज समाज में पुनः प्रतिष्ठित करना आवश्यक है। सभी प्रकार के परस्पर वैमनस्य और भेदों को समाप्त कर समरसता से युक्त पुरुषार्थी समाज का निर्माण करना ही प्रभु श्रीराम की वास्तविक आराधना होगी। इसी दृष्टि से, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समस्त भारतीयों का आह्वान करती है कि बंधुत्व भाव से युक्त, कर्तव्य निष्ठ, मूल्य आधारित और सामाजिक न्याय की सुनिश्चितता करने वाले समर्थ भारत का निर्माण करें, जिसके आधार पर वह एक सर्व कल्याणकारी वैश्विक व्यवस्था का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। यदि भारतीय समाज एक होगा तो भारत को पुनः एक बार विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने में आसानी होगी। श्री अयोध्या धाम में नव निर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने न केवल भारतीय समाज को एक किया है बल्कि इससे भारत की आर्थिक प्रगति में चार चांद लग रहे हैं। देश में धार्मिक पर्यटन की जैसे बाढ़ ही आ गई है। न केवल भारतीय नागरिक बल्कि अन्य देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग भी प्रभु श्री राम के दर्शन करने हेतु श्री अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के लाखों नए अवसर विकसित हो रहे हैं। यदि मां भारती को विश्व गुरु बनाना है तो भारत में निवास कर रहे समस्त नागरिकों में एकजुटता स्थापित करनी ही होगी। भारत में मजबूत राजनैतिक स्थिति, मजबूत लोकतंत्र, मजबूत सामाजिक स्थिति, मजबूत सांस्कृतिक धरोहर होने के चलते विश्व के अन्य देशों का भारतीय सनातन संस्कृति पर विश्वास बढ़ रहा है जिसे भारत के वैश्विक स्तर पर पुनरुत्थान के रूप में देखा जा सकता है।



**केंद्र सरकार एवं अन्य कई राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही कई योजनाएं गरीबों को राहत दे रही है। आज इस संदर्भ में सब कुछ हो रहा है लेकिन भारत के नागरिक होने के नाते हमारा भी तो कुछ कर्तव्य है। इस समाज में जहां दु:ख दिखाई दे, पीड़ा दिखाई दे, वहां हम दौड़ कर सेवा करने पहुंचे, यह सभी हमारे अपने बंधू ही तो हैं।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 18:57 तक |
| नक्षत्र: | स्वाती 18:38 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | हर्षण, 23:12 |
| सूर्योदय: | 06:16 |
| सूर्यास्त: | 18:36 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 13:58-15:31 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### गिरी आखिर गाज !

*हुई कार्रवाई अब ।*
*गिरी आखिर गाज ।।*
*गैरजिम्मेदार वो ।*
*सर पर जिनके ताज ।।*
*हुई हरक़त इस तरह ।*
*है शर्मिंदा देश ।।*
*कार्यशैली ऐसी है ।*
*दर्ज़ा जिन्हें विशेष ।।*
*धीरे-धीरे परतें ।*
*लगीं खुलने आज ।।*
*है सब कुछ स्पष्ट ।*
*ना रहा कुछ राज ।।*
*है पड़ता भुगतना ।*
*किए जो भी काम ।।*
*प्राप्त कर लिया देश ।*
*लेकिन कुछ पैग़ाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,*
*मजलूम पर, जिन्दगी खाक कर देख।*
*पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,*
*कभीअपनी गिरेबा में झांक कर देख।*
*चादरों में सुराख़ करना,आसां बहुत,*
*अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।*
*खुश है, नुक्स पर पराई मीनारों के,*
*बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख,*
*भ्रम है, तुझे, जिंदगी रंगीन है बहुत,*
*मुफलिसी में जरा झांक कर देख,*
*गैर की दौलत से किसका भला हुआ,*
*फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,*
*बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,*
*एक दिया पाक जला कर देख।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*दुसरों पर ज्यादा निर्भर ना रहें क्योंकि जब आप किसी की छाया में होते हैं तो आपको अपनी परछाई नजर नहीं आती*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सुबह खाली पेट केला और दूध खाने से मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे



**आपने** अक्सर देखा होगा जो लोग जिम जाते हैं वे दूध और केला बहुत खाते हैं। इसके अलावा, भी लोग दूध और केले की स्मूदी और शेक आदि का सेवन भी काफी करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह एक कॉम्बिनेशन पोषक तत्वों से भरपूर होता है और सेहत के लिए बहुत लाभकारी भी। यह कॉम्बिनेशन प्रोटीन, पोटेशियम, कैल्शियम, फाइबर और फास्फोरस और हेल्दी फैट्स से भरपूर होता है। अगर आप नियमित दूध और केला का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर को जरूरी पोषण मिलता है। यह गंभीर रोगों को भी आपसे दूर रखने में मदद करता है। यह शरीर को आंतरिक रूप से मजबूती प्रदान करता है और आपको दिनभर एनर्जेटिक रखता है। लेकिन अक्सर लोग यह सवाल पूछते हैं कि आखिर शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दूध और केला सुबह खाना चाहिए, दोपहर या शाम को। लोग इस बात को लेकर काफी असमंजस में रहते हैं कि आखिर किस समय दूध और केला खाने से अधिक फायदे मिलते हैं। वैसे तो आप दूध और केले का सेवन किसी भी समय कर सकते हैं, लेकिन सुबह के समय या ब्रेकफास्ट में इसे लेने से दिनभर एनर्जेटिक रहने में मदद मिलती है। इसके अलावा, भी कई फायदे मिलते हैं।

**वजन बढ़ाए:** दूध और केले का कॉम्बिनेशन कैलोरी से भरपूर होता है, जो लोग वजन बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके लिए यह एक बेहतरीन फूड कॉम्बिनेशन है।

**शरीर को रखे एनर्जेटिक:** यह कॉम्बिनेशन आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है और शरीर में ऊर्जा बनाए रखता है।

**ब्लड प्रेशर करे कंट्रोल:** यह कॉम्बिनेशन पोटेशियम से भरपूर होता है, इसलिए यह बीपी रोगियों के लिए लाभकारी है।

**शरीर को करे डिटॉक्स:** डाइट्री फाइबर से भरपूर यह कॉम्बिनेशन पाचन को दुरुस्त रखने और टॉक्सिन्स को शरीर से बाहर निकालने में मदद करता है।

**मेटाबॉलिज्म बढ़ाए:** प्रोटीन और कॉम्प्लेक्स से भरपूर यह कॉम्बिनेशन मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में मदद करता है।

**हड्डियां और मांसपेशियां बनाए मजबूत:** अगर आप नियमित दूध और केला खाते हैं, तो कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर यह कॉम्बिनेशन आपके शरीर को मजबूत बनाता है।

**ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है:** दूध और केला खाने से इंसुलिन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलती है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में मदद करता है। सुबह के समय आप केले के साथ दूध का सेवन कर सकते हैं। इससे आपको पूरा दिन एनर्जी मिलती है। साथ ही, यह आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर करता है। इससे आपकी पाचन क्रिया बेहतर होती है।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# रोहिंग्याओं पर कोई समझौता नहीं

**वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो । दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूह), उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है।**

**ऐसी खबरें भी हैं कि जम्मू में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्याओं ने सनजूवान में सेना शिविर के स्थान के बारे में जैशे-मुहम्मद के आतंकवादियों की मदद की थी । सूचना के आधार पर ही जेएम ने एक सेना शिविर पर हमला किया, जिसमें छह भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं जिनमें पाया गया कि कैसे ये रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में लिप्त हैं।**

**भारत** में अवैध तरीके से घुसे रोहिंग्याओं पर देश में ही वकालत करने वाले खड़े हो गए हैं। ऐसे सभी लोग भारत में अवैध तरीके से की गई इनकी पूरी घुसपैठ को कभी सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) से जोड़कर देखते हैं, तो कभी तिब्बत और श्रीलंका के शरणार्थियों के समान ही भारत सरकार द्वारा रोहिंग्याओं के साथ व्यवहार किए जाने की बात करते हैं । किंतु इस सब के बीच रोहिंग्याओं का समर्थन करनेवाले यह विचार करना भूल जाते हैं कि क्या उन लोगों को भारत में नागरिकता प्रदान की जानी चाहिए, जिन्होंने अपने ही देश म्यांमार में बहुसंख्यक समाज के ऊपर अत्याचार किए। जिसका परिणाम हुआ कि शांति प्रिय बौद्ध हिंसा करने के लिए मजबूर हो उठे। इन घटनाओं को क्रमश- आप देखिए; 1962 से 2011 तक वर्मा में सैनिक शासन रहा, इस दौरान यहां के नागरिक रोहिंग्या मुसलमान चुप बैठे रहे । किंतु जैसे ही इस देश में लोकतंत्र की बहाली हुई, यह सड़कों पर प्रदर्शन करने, स्थानीय बहुसंख्यक बौद्ध समाज को प्रताड़ित करने, यहां तक कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने, पुलिस और सेना तक को अपना निशाना बनाने लगे। म्यांमार का हाल यह हो गया था कि शांति के उपासक बहुसंख्यक बौद्ध पहले इनसे घबराए हुए थे । फिर इन बौद्धों ने भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए शांति का मार्ग छोड़ दिया। वर्ष 2012 में एक बौद्ध धर्म की युवती का बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी जाती है, इस घटना से बौद्ध इतने आक्रोशित हुए कि उन्होंने भी सामने से रोहिंग्याओं से लड़ना शुरू कर दिया। इसी दौरान इन रोहिग्याओं की ''अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी'' (एआरएसए), अक्टूबर 2016 में बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर सैन्य चौकियों पर हमला करती है, जिसमें नौ सीमा अधिकारी और चार सैनिक मारे गए। यही आतंकी संगठन 25 अगस्त 2017 को 30 पुलिस चौकियों और एक सेना के बेस पर आक्रमण कर देता है, जिसमें 12 सुरक्षाकर्मियों की मौत होती है। फिर जब म्यांमार की सेना रोहिंग्या बहुल क्षेत्र को अपने अधिकार में लेती है, तब वहां हिन्दुओं और बौद्धों की सामूहिक कब्रें मिलती हैं और पूरी दुनिया को पहली बार यह पता चलता है कि ये रोहिंग्या कितने क्रूर हैं। बौद्धों के अलावा हिन्दू नरसंहार करने में भी आगे रहे ये रोहिंग्या अब तक अनेक मीडिया रिपोर्ट आ चुकी हैं, 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' ने भी रोहिंग्याओं द्वारा प्रताड़ित किए गए लोगों से बात की थी। साक्ष्यों के आधार पर इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने पाया कि इन रोहिंग्याओं ने यहां अल्प जनसंख्या में रहनेवाले हिन्दुओं पर भी भयंकर अत्याचार किए । रोहिंग्या आतंकियों ने रखाईन प्रांत में रह रहे हिंदुओं पर आरोप लगाया कि वे म्यांमार की बौद्ध सरकार का समर्थन करते हैं और उनके अलगाववादी विचारधारा के खिलाफ सरकार की सहायता कर रहे हैं। 'एमनेस्टी' ने अपनी पड़ताल में पाया कि रोहिंग्या मुस्लिम आतंकियों ने वर्ष 2017 में म्यांमार में 99 हिन्दुओं का नरसंहार किया था। हिंदू बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को मारकर जमीन में दबा दिया था। 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की रिपोर्ट कहती है, नकाबपोश रोहिंग्या मुस्लिम आतंकियों ने सुबह-सुबह गांव में घुसकर हिन्दू महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को घेरा, उनके घरों को लूटा । इसके बाद पुरुषों को अलग करके सबसे पहले उनका नरसंहार किया था। मारे गए इन हिन्दुओं की लाशें बाद में एक सामूहिक कब्र में पाई गईं। इस दौरान रोहिंग्या मुस्लिमों ने कुछ महिलाओं को तभी छोड़ा, जब उन्हें इस्लाम में परिवर्तित करा दिया गया। बाकी सभी को मारकर दफना दिया गया था । वहीं, जिन आठ महिलाओं ने मुस्लिम बनने की शर्त कबूल कर अपनी जान बचाई, उनकी गवाही भी एक तथ्य के रूप में आज मौजूद है। जांच में यह भी सामने आया है कि रोहिंग्या आतंकियों ने इसके अतिरिक्त भी अन्य कई मौकों पर हिन्दुओं को निशाना बनाया था। म्यांमार में जब रोहिंग्याओं के अत्याचार बढ़ने लगे, तब यहां की सरकार ने अपने देशवासियों के लिए विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद समेत अन्य कई सख्त कानून लागू किए । जिसमें ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ पाए और यहां से पलायन करने लगे। सबसे पहले इन्होंने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करना शुरू किया। कई बांग्लादेश पहुंचे। रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर बांग्लादेश के चटगांव क्षेत्र में हैं जो इस्लामी चरमपंथ और अलगाववादी गतिविधियों के लिए कुख्यात है। अतीत में, उत्तर-पूर्व के आतंकवादियों ने भारत में आतंकवादी हमलों से पहले और बाद में इस क्षेत्र में आश्रय लिया था। रोहिंग्या मुस्लिमों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्करे-तोयबा के साथ संबंध उजागर हो चुके हैं।

# पुलिस पिकेट के पास खड़ा ट्रक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

सिंगाही थाना क्षेत्र में वाहान चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मंगलवार की रात कसबे के प्रमुख चौराहे के निकट एक धर्म कांटे के पास खड़ा ट्रक चोरी हो गया। खासबात यह है कि चौराहा पर पुलिस पिकेट भी रहती है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो ट्रक ले जाते युवक की फुटेज कैमरे में मिली है। ट्रक मालिक ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है थाना निघासन के कस्बा



रकेहटी निवासी गुरुप्रीत सिंह ने बताया कि उनका ट्रक गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना भरकर बेलरायां की सरजू सहकारी चीनी मिल गया था। मंगलवार की देर शाम ट्रक खाली हुआ। इसके बाद सिंगाही के मोहल्ला भेड़ौरा निवासी चालक विकास उसे लेकर गन्ना क्रयकेंद्र जा रहा था। कस्बा सिंगाही पहुंचने पर चालक ने रात करीब दस बजे ट्रक चौराहा के निकट लगे धर्मकांटे के पास खड़ी कर दी और अपने घर पर खाना खाने चला गया। करीब एक घंटे बाद जब वापस आया तो ट्रक गायब था। यह देख उसके होश उड़ गए। उसने ट्रक गायब होने की सूचना मालिक गुरुप्रीत सिंह को दी। इस पर तमाम ट्रांसपोर्टर मौके पर पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया से मिलकर पूरी घटना बताई। हरकत में आई पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। ट्रांसपोर्टर ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ट्रक का पता लगाने में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि ट्रक चोरी की तहरीर मिली है। ट्रक के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनके आधार पर चोरों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही रिपोर्ट दर्ज कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सबका साथ सबका विकास के नाम पर पूर्ण बहुमत से फिर बनेगी सरकार केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री टेनी

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



मिशन 2024 को लेकर निघासन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह के आवास पर जनसभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री व लोकसभा प्रत्याशी मा0 अजय मिश्र टेनी जी का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री ने विस्तार पूर्वक आत्म निर्भर भारत कैसे बन रहा है इसके बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार गरीबों के हित में निरंतर विकास कार्य कर रही है पूरे भारत में विकास की आंधी जैसा माहौल बना हुआ है आम जनता को किसी न किसी योजना का लाभ जरूर मिला है। लगभग सभी पात्र व्यक्तियों को कोई न कोई योजना का लाभ जरूर मिला है इस प्रकार तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का बखान किया।इस बैठक में भाजपा विधानसभा निघासन प्रभारी निघासन अरविन्द गुप्ता जी ने संगठन के पदाधिकारियों को और मजबूती के जुटने के लिए मार्गदर्शन दिया। विधानसभा संयोजक भाजपा निघासन दयाशंकर मौर्य जी व सांसद प्रतिनिधि व पूर्व जिला महामंत्री अरविन्द सिंह संजय व पूर्व विधानसभा प्रभारी कनक पाल सिंह राणा ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन नागेन्द्र सिंह सेंगर ने किया।इस दौरान शोशल मीडिया प्रभारी मुकेश मिश्रा, महिला मोर्चा से गीता त्रिपाठी प्रधान, मंडल अध्यक्ष सिंगाही बिजेंद्र सिंह बीडीसी, समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीआरसी धौरहरा में तैनात कर्मचारी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जनपद की बीआरसी धौरहरा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात राजकुमार अवस्थी उम्र करीब 40 वर्ष जो लगभग 5 दिनों से बीमार चल रहे थे,जिनका बीमारी के चलते लखनऊ में इलाज भी चल रहा था।जिनका बुधवार को निधन हो गया।इस खबर की जैसे ही सूचना ग्राम सभा रामलोक के लोगो को मिली सभी ग्रामसभा वासियों में दुख की लहर दौड़ पड़ी। ग्राम सभा रामलोक के ग्राम अवस्थी पुरवा के लोग उनके निधन से बहुत आहत



है।सभी ग्राम वासी यही कह रहे की हमारे ग्राम के लोगों ने एक बहुत ही होनहार व्यक्तित्व के व्यक्ति को खो दिया,अब ऐसा कोई व्यक्ति सायद ही हम लोगों को मिले।सभी गांव के लोगों ने बताया की अवस्थी जी बहुत ही ज्यादा लोगों से मिलनसार थे,वह सभी के दुख में कंधे से कंधा मिला कर चलते थे,वह एक समाजसेवी थे जो बिना किसी स्वार्थ के सभी की तन मन धन से मदद करते थे।अवस्थी जी के पिता एक शिक्षक थे जिनकी मृत्यु काफी वर्ष पहले हो चुकी थी ,जिससे परिवार की जिम्मेदारी अवस्थी जी के ऊपर ही थी,अवस्थी जी के दो बच्चे है जो अभी कम उम्र के ही हैं,जो बाहर पढ़ाई करते हैं।राजकुमार अवस्थी जी की माता जी भी काफी बुजुर्ग है,एक छोटा भाई है।इन सभी लोगों की जिम्मेदारी राजकुमार अवस्थी पर ही थी।दोनो बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है,उनकी माता जी को भी गहरा सदमा लगा है,छोटा भाई भी रो रो कर यही कह रहा है की पिता जी पहले ही साथ छोड़ गए थे अब बड़े भाई ने भी साथ छोड़ दिया है। राजकुमार अवस्थी जी के निधन की सूचना पाकर उनके पार्थिव शरीर को देखने के लिए हजारों के संख्या में लोगों का ताता लगा रहा।उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सरयू घाट जालिम नगर पुल पर किया गया।उनके अंतिम संस्कार में कई भाजपा के नेता व हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लोस चुनाव में मददगार है सी-विजिल एप

### शिकायत हो तो दर्ज करें 100 मिनट में मिलेगा समाधान

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बुधवार आम चुनाव-2024 निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने कई ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हैं। इन एप का प्रयोग कर कोई भी मतदाता या प्रत्याशी अपनी समस्या का निवारण कुछ ही मिनटों में करवा सकता है। डीईओ, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है।उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव के समय सी-विजिल एप निर्वाचन आयोग की काफी मदद करता है। कोई भी नागरिक कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हुआ देखता है तो उससे संबंधित फोटो वीडियो ऑडियो व अन्य साक्ष्य इसपर अपलोड कर देता है। इस एप में शिकायत के बाद 100 मिनट के भीतर कार्रवाई होती है।

**निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद**

डीईओ ने सभी से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।आयोग इसकी सत्यता की परख कर संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित करता है। यह एप देश के सभी नागरिक को निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद का अवसर देता है। एप का साफ्टवेयर शिकायतकर्ता की पहचान, सुरक्षा व निजता को बरकरार रखता है।

**कैसे काम करता है सी-विजिल एप**

सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जीआइएस आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्तर्गत ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वत: उपलब्ध हो जायेगा।

## जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा से नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष शहबाज ख़ान ने आगामी चुनाव के संबंध में चर्चा की



जन एक्सप्रेस । बेलरायां खीरी

होली मिलन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सिंगाही मंडल के अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डाक्टर शहबाज ख़ान की बेलरायां में स्थित अपनी क्लिनिक पर जानता के लोकप्रिय नेता जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा जिको आमंत्रित किया क्लिनिक पर पहुचे जिला पंचायत सदस्य वर्मा जी को होली की बधाई देते हुए नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष डाक्टर शहबाज ख़ान ने आगामी चुनाव के संबंध में चर्चा की जिसमे सुभाष अवस्थी, महताब खान, अयाज खान, अनूप भास्कर,मोहम्मद इलियास, दीपक सोनी, मुजीब खान, आदि लोगों के बीच जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा जीने आगामी होने वाले लोक सभा चुनाव संबंधित चर्चा करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर योगी जी व मोदी जी के नीतियों को जन-जन को बताना है। इस बार फिर से अपने क्षेत्र के लोकप्रिय भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी जी को तीसरी बार भारी मातो से विजय बनाना है जिससे अपने क्षेत्र का और भी ज्यादा से ज्यादा विकास हो सके।

## तेज रफ्तार बस पलटने से बची, फोरलेन से नीचे उतरी बड़ा हादसा टला

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार सुबह लखीमपुर से सीतापुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर फोरलेन से नीचे खाई में उत्तर गई। गनीमत रही बस पलटी नहीं। इससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे में बस में सवार छह यात्री मामूली रूप से चोटिल



हो गए। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब दस बजे हुआ। लखीमपुर की तरफ से एक निजी बस सीतापुर की तरफ जा रही थी। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। यात्रियों के मुताबिक बस चालक नशे की हालत में था। शहर के एलआरपी चौराहा से जब बस चली तो चालक ने रफ्तार तेज कर दी। शहर से करीब छह किलोमीटर दूर चालक का बस की स्टीयरिंग से नियंत्रण खो गया और बस फोरलेन से नीचे खाई में उतर गई।गनीमत रही कि बस पलटने से बच गई।हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोटिल यात्रियों को जिला अस्पताल भेजा और मरहम पट्टी करवाई।

## चिल्ड्रन एस अकैडमी विद्यालय वार्षिक परीक्षा फल के दौरान अलंकरण समारोह बनाया गया



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर के बांकेगंजरोड स्थित स्थानीय विद्यालय चिल्ड्रनस अकैडमी, वार्षिक परीक्षा फल परिणाम घोषित किया गया तथा रिपोर्ट कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का आयोजन किया गया।जिसमें प्रखर विद्यार्थियों को पुरस्कार,सर्टिफिकेट एवं अलंकरण समारोह में विशेष रूप से सम्मान दिया गया।प्रत्येक रिपोर्ट कार्ड के साथ अभिभावकों को होली के शुभ अवसर पर होली की शुभकामनाओं स्वरूप गुजिया का डिब्बा भी सप्रेम भेंट किया गया।समस्त विद्यार्थी एवंअभिभावक अत्यंत प्रफुल्लित एवं वार्षिक परिणाम से संतुष्ट दिख रहे थे । इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड पैनल जिससे अत्याधुनिक शिक्षा दी जा सकती है उनका भी आज विद्यालय में शुभारंभ किया गया।प्रत्येक कक्षा को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया था एवं अलंकरण समारोह हेतु विशिष्ट स्थान पर ग्रेजुएशन सेरेमनी जैसी व्यवस्था की गई थी।विद्यालय के चेयरमैन, सुशील कुमार गुप्ता एडवोकेट मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश चंद्र गुप्ता , डायरेक्टर, अभिनव गुप्ता एडवोकेट एवं सविता गुप्ता प्रधानाचार्य कृष्णाआनंद समस्त शिक्षकों ने सभी अभिभावकों को शुभकामनाएं दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु विद्यालय में उच्च से उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु संकल्प लिया।

## डीएम ने अफसरों को दिया निर्वाचन का प्रशिक्षण, बताईं चुनाव की बारीकियां

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



बुधवार को लोकसभा चुनाव स्वतंत्र,निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए दो पालियों में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण भी दिया गया।डीएम ने निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका, कर्तव्य व कार्य दायित्व बताएं और यह भी कहा कि आप सभी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। डीएम ने ईवीएम का प्रशिक्षण देकर सवाल पूछे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ईवीएम के सभी उपकरणों के संयोजन एवं उसके संचालन की बारीकी से जानकारी दी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन में जोनल व सेक्टर ऑफिसर की महती भूमिका है, इसलिए सौंपे गए दायित्वों का सजगता, सतर्कता व विवेकपूर्ण तरीके से निर्वहन करें। प्रशिक्षण की आरंभ में प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी एसएन चौरसिया ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्वाचन प्रक्रिया का पीपीटी से व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में एडीएम संजय सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्र, मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 53 मास्टर ट्रेनर, 24 जोनल मजिस्ट्रेट, 207 सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षित किया गया।

## खखरोला निरीक्षक गौर मोहन राय द्वारा एक लाख रुपए सहित अन्य समान पकड़ा

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

खखरोला निरीक्षक गौर मोहन राय के रिटर्न होते ही नेपाल बॉर्डर पर पकड़ा जानें लगा माल । वहीं आज 10.30 पर निरीक्षक गौर मोहन राय द्वारा प्रतिदिन मुख्य गेट पर चैकिंग ड्यूटी पर तैनात गार्ड कमांडर मुश आश उदयकुमार अन्य तीन कर्मियों द्वारा चैकिंग के दौरान भारत से नेपाल की ओर जाते हुए एक हुंडई कार को रोका गया जिसमें भारतीय करेंसी एक लाख रुपए पाएं गये जो कि आचार संहिता में



लागू हो चुका जों एक लाख रुपए लेकर नहीं जाया जा सकता है । और वह अपने दोस्त के यहां नेपाल घूमने जा रहा था और उसके साथ एक RT Set नम्बर 5T422 jo511( स्मार्ट माडल टाकी ) भी बरामद हुआ जिसके दस्तावेज मांगने पर प्रस्तुत नहीं कर पाया व गाड़ी नम्बर GJ 05 RU4079 एवं सामान के साथ पाया गया । उक्त अभियुक्त का नाम पटेल विशाल बावुक भाई उम्र 34 वर्ष पुत्र बावुक भाई पटेल ग्राम प्रिंस हेबेन बी/एच हरिदर्शन सोसाइटी पोस्ट आफिस सूरत पुलिस स्टेशन सूरत जिला जोरासी गुजरात पिन कोड 395004 आदि जिसके द्वारा मैजूद सामान के दस्तावेज न होने पर एस. एस. बी. द्वारा कस्टम तिकुनिया को सौंप दिया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । हरदोई

स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं। कार्मिकों के प्रशिक्षण की सभी तैयारियां कर ली जाएं। कार्मिकों के लिए पहचान पत्र की छपाई का कार्य समय से कराया जाये। पोस्टल बैलेट की छपाई समय से करा ली जाये। वाहनों की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये। अतिसंवेदनशील बूथों पर अनिवार्य रूप से वेब कॉस्टिंग की व्यवस्था करायी जाये। विभिन्न विभागों की ओर से मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन कराया जाये। ईवीएम के रैण्डमाईजेशन से पूर्व सभी राजनीतिक दलों को सूचित किया जाये। रैण्डमाइजेशन के लिए विधानसभा वार टीमों का गठन किया जाये। एफएसटी टीमों की कार्रवाई की वीडियोग्राफ़ी करायी जाये। सवायजपुर के वीवीटी की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वीवीटी टीम के सदस्यों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन अपनी एफएसटी वीएसटी से प्रमाण पत्र प्राप्त करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला सलाहकार समिति की बैठक**

स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीडी रेशियो को बेहतर बनाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। ऋण योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया जाये। केसीसी धारकों को ऋण प्राप्त करने में पूरी सहायता की जाये। उन्होंने कहा कि लघु व दीर्घ अवधि के कृषि ऋण आवेदनों का प्रथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाये। चुनाव आचार संहिता के दौरान बैंको की ओर से एक लाख रूपये से अधिक के लेन-देन की जानकारी दी जाये। आरटीजीएस से संदिग्ध धनराशि हस्तान्तरण की जानकारी उपलब्ध करायी जाये। सूचना न देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने स्ट्रांग रूम बनाये जाने हेतु किया मंडी परिसर का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम बनाये जाने हेतु मंडी परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सफाई करायी जाये। प्रवेश द्वार पर 10 पाईप लगाए जाएं ताकि जानवर अंदर प्रवेश न कर सकें। शेडों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाये। उन्होंने स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित दुकाने देखी और निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाये जो समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक




जन एक्सप्रेस । हरदोई

स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाये। निजी संपत्ति पर बिना स्वामी के प्रचार सामग्री न लगायी जाये। नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक नाम बढ़ाने हेतु आवेदन अवश्य कर दिया जाये। उन्होंने बताया कि चुनावी कार्यक्रमों हेतु प्रत्येक विधानसभा में स्थानों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। मतदान केन्द्रो पर साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। महिलाओं, दिव्यांगों, युवाओं को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं। नगर क्षेत्रों में सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाये जा रहे हैं। एफएसटी टीमे सक्रिय हैं। नामांकन के साथ एसएसटी टीमें भी सक्रिय हो जाएंगी। सभी लोग सी विजिल ऐप डाऊनलोड कर लें। इस पर आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी कोई शिकायत की जा सकती है। जिलाधिकारी ने पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रो तक जाने वाले ख़राब मार्गो की मरम्मत ससमय करा ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह सूचना अधिकारी संतोष कुमार अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कैम्पियरगंज पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलायें जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष कैम्पियरगंज के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह मय पुलिस टीम द् थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग 128/24 धारा 308,323,504,506 भादवि से संबंधित वाँछित अभियुक्त राजेश्वर साहनी पुत्र रामअवध साहनी निवासी- बेलमा थाना कैम्पियरगंज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कैंपियरगंज ने बताया कि अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### झंगहा पुलिस ने दहेज हत्या के दो आरोपीयों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा दहेज हत्या के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियो की गिरफ्तारी के हेतु चलायें जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण , व थानाध्यक्ष झंगहा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अखिलेश तिवारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा 194/2024 धारा 498ए,304बी व ड डीपी एक्ट से संबंधित वाँछित अभियुक्तगण राजन व तुलसी पुत्रगण लोहा निवासी ब्रम्हपुर थाना झंगहा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम ने चौकी प्रभारी नई बजार उपनिरीक्षक अखिलेश तिवारी, आरक्षीगण व्यास यादव , अरविन्द सिंह मुख्य रहे।

### महिला की तहरीर पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम जुगराज पुरा निवासी बबली पत्नी भगवान दास ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही गट्टू पुत्र छोटेलाल समेत दो लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के अनुसार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढर थाना के उप निरीक्षक शिवकरन सिंह ने तेज सिंह उर्फ बाबा पुत्र कृष्ण पाल सिंह विवेक पुत्र सुरेंद्र सिंह और दीपक सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह सभी निवासी ग्राम हसनपुर थाना रेढर को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रैक्टर ने बाईक में मारी ठोकर, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/लार,देवरिया।** भाटपाररानी-लार मार्ग पर सहजौर तिराहे के समीप मंगलवार की शाम ट्रैक्टर-ट्राली की ठोकर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को सीएचसी लार पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।लार थाना क्षेत्र के रावतपार रघेन गांव निवासी विश्वास पासवान (24) पुत्र मुन्ना पासवान अपने मित्र कारन (18) पुत्र गुड्डू प्रसाद के साथ बाइक से लार की तरफ से घर जा रहा था। अभी वह भाटपाररानी लार मार्ग पर सहजौर तिराहे के समीप पहुंचा था कि एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर बाइक सवार को ठोकर मार दिया।

# अब आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर जनता की नजर

**जन एक्सप्रेस | महोबा**


भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विगत कुछ वर्षो से शुरू किए गए नए नागरिकों के लिए निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता और व्यय सीविजिल एप्प संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है। सीविजिल का अर्थ जागरूक नागरिक है और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जा सकने वाली सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है। सीविजिल एक उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन है जिसे संचालित करना आसान है, जिसका उपयोग वर्तमान संसदीय निर्वाचन की अधिसूचना की तारीख से उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशिष्टता यह है कि यह केवल लाइव फोटो, वीडियो और ऐप के भीतर से ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है ताकि फ्लाइंग स्क्वॉड को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। इस ऐप को ऐसे किसी भी स्मार्टफोन में इन्सटाल किया जा सकता है जिसमें कैमरा, अच्छा इंटरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस हो। इस एप्लिकेशन का उपयोग करके, नागरिक राजनीतिक कदाचार की घटनाओं को देखते ही तत्काल कुछ ही मिनट में इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में भी नहीं जाना पड़ेगा। सीविजिल जागरूक नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फील्ड यूनिट (फ्लाइंग स्क्वॉड) स्थैतिक निगरानी दलों के साथ जोड़ता है, जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई और निगरानी प्रणाली का निर्माण होता है। शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधि की केवल एक तस्वीर या 2 मिनट का वीडियो बनाएं और संक्षिप्त में इसका वर्णन कर दें। शिकायत के साथ कैप्चर की गई जीआईएस जानकारी स्वतः इसे संबंधित जिला नियंत्रण कक्ष को भेज दी जाती है, जिससे फ्लाइंग स्क्वॉड को कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर भेज दिया जाता है। सीविजिल ऑपरेटिंग मॉडल निम्नानुसार कार्य करेगा। नागरिक एक तस्वीर पर क्लिक करता या अपनी आवाज में मैसेज या 2 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करता है। फोटो वीडियो को द्वारा लोकेशन मैपिंग के साथ ऐप पर अपलोड किया जाता है। इसके सफलतापूर्वक दर्ज करने के बाद, इसे ट्रैक करने और अपने मोबाइल पर अपडेट प्राप्त करने के लिए नागरिक को एक यूनिक आईडी मिलती है। नागरिक इस तरह से कई घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है प्रत्येक रिपोर्ट के लिए एक विशिष्ट आईडी प्राप्त होगी। ऐप के प्रयोक्ता के पास सीविजिल ऐप के माध्यम से बेनामी(अज्ञात)रूप से शिकायतें दर्ज करने का विकल्प भी होता है। जिससे उसकी पहचान किसी के सामने नहीं आती। हालांकि, बेनामी शिकायतों के मामले में, प्रयोक्ता को आगे की स्थिति के संदेश नहीं मिलेंगे क्योंकि सिस्टम फोन के विवरण को कैप्चर नहीं करेगा। डाउनलोड करने के लिए -अपने गूगल प्लेस्टोर पर या आईफोन एप्पल स्टोर पर डाउनलोड कर इंस्टॉल करें। जिम्मेदार नागरिक बन अनैतिक चुनावी गतिविधियों की शिकायत कर प्रशासन की मदद करें।

## शहरीकरण के चलते रहन सहन भले ही एक जैसा परिलक्षित होता हो परंतु तीज त्यौहार मनाये जाने की कवि प्रथा आज भी जीवंत है

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** बढती हुई जनसंख्या के चलते भले ही कविलायी प्रथा अहिस्ता - अहिस्ता रहन सहन की समाप्त हो रही हो परंतु आज भी तीज त्यौहारो को मनाये जाने की परम्पराएं न केवल जीवंत है बल्कि लोग कविलायी प्रथा के तहत तीज त्यौहार मनाये जाने की परम्परा आज भी लोगो मे प्रसांगिक बनी हुई है। भारतीय संस्कृति के तहत हर माह कोई न कोई त्यौहार मनाये जाने की परम्परा पुरातन से चली आ रही है। इन परम्पराओ मे कुछ परम्पराएं तीज त्यौहारो की सामूहिक रूप से मनाये जाने की संस्कृति परम्पराओ व तीज त्यौहारो को सामूहिक रूप से मनाये जाते रहे है। उन्ही परम्पराओ मे से होली, रक्षाबंधन, दीपावली, मकरसंक्राति, शिवरात्रि यह भारतीय संस्कृति उपरोक्त तीज त्यौहार सामूहिक रूप से मनाये जाने की परम्परा सदियो से निहीत है। सामूहिक रूप से मनाये जाने वाले इन त्यौहारो मे कविलायी प्रथा के भी दर्शन होते है। मुख्य रूप से होली और दीपावली मे लोग अपने- अपने कवीले अनुसार कुलदेवताओ, इष्ट देवताओ, की पूजा आराधना कर त्यौहार मनाये जाने की शुरूआत करते है। होली पर्व पर भले ही लोग एक साथ रंग गुलाल के साथ सामूहिक रूप से होली खेलते हो परंतु होली हो या दिवाली अपने पूर्वजो के नियमानुसार घर के अंदर इष्ट देवताओ, कुल देवताओ की विधिवत विभिन्न पकवानो, पुष्प आदि पूजन सामग्री से अपने- अपने कुल देवताओ और इष्ट देवताओ को अर्पित करने के बाद होली पर्व को मनाये जाने बावत बाहर निकलते है। 21वीं सदी मे भले ही रहन सहन की कविलायी प्रथा अहिस्ता- अहिस्ता समाप्त हो गयी हो और शहरीकरण के चलते लोग कवीले से निकलकर एक साथ शहरो, गांव ग्रामो मे आकर बस गये हो और पहनावे का रहन सहन बदल लिया हो परंतु तीज त्यौहारो को मनाये जाने और अपने- अपने कवीले अनुसार पूजा आराधना करने की झलक साफ दिखती है।

## सरकारी कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक के ठुमका लगाते हुए विडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज**



सरकारी कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी, फरेंदा के अधीक्षक के ठुमका? लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल? हो रहा है, सरकारी नियमों को दरकिनार करते हुए सरकारी आदेश की धज्जियां उड़ाई गई। बताया जा रहा है कि बीते दिन फरेंदा के एक निजी होटल में सरकारी कार्यक्रम के दौरान सीएचसी बनकटी अस्पताल के अधीक्षक समेत कई कर्मचारियों ने डीजे पर सभी कर्मचारियों ने अपने मर्यादाओं को भूलकर जमकर डांस किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रहा है। सरकारी कर्मचारी अपनी नियमों को दरकिनार करते हुए भोजपुरी गाने पर महिलाएं व पुरुष एक साथ जमकर ठुमका लगाते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो 25 ,30 सेकंड का है। वायरल विडियो के संबंध में पूछे जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर नीना वर्मा ने बताया कि तीन साल से कायाकल्प कार्यक्रम से प्रमाण पत्र पा रहे थें उसी कायाकल्प के खुशी में डांस किए हैं। अब सवाल यह है कि किसके आदेश पर सीएचसी बनकटी के अधीक्षक समेत सभी कर्मचारियों ने ठुमका लगाया हैं इसकी पुष्टि किया जाना चाहिए, क्या उच्चधिकारी इस वायरल विडियो के मामले में गंभीरता से लेकर जांच कर कार्रवाई करेंगे या ऐसे ही नियमों का दरकिनार करते हुए विभाग का मजाक उड़ाया जाएगा।

## बाइक स्टंट कर रहे दो युवकों की हुई मौत, एक घायल

**जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज**



आनंद के पर्व में काल के गाल में समा गए दों युवक,एक घायल, क्षेत्र में मची चीख पुकार, कस्बे की सड़कों में बनीं डिवाइडर से टकराई बाइक दों युवकों की चलीं गईं जान, लापरवाही बनी दुर्घटना का कारण, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को भिजवाया अस्पताल। बताते चलें कि होली के दिन शाम 6 बजे के आसपास फरेंदा कस्बे के शनिचरहिया ढाला पर एक बाइक पर तीन युवक बैठकर गोरखपुर की तरफ तेज गति से जा रहे थे अभी वह उक्त स्थान पर पहुंचे थे तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई और एक घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी। हादसे में काजू पुत्र अवधेश पांडेय 18 वर्षीय व अरमान पुत्र इत्तफा अली 19 वर्षीय निवासी जगदीशपुर वार्ड नंबर दों की मौत हो गई। जबकि घायल जैक राव पुत्र दयाराम प्रसाद निवासी शनिचरहिया बाजार को पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दों युवकों की मौत की चर्चा खूब चल रही हैं। बाइक स्टंट की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना रहा। युवक बिना हेलमेट के बाइक पर सवार थें।शराब के नशें में मस्ती और बाइक स्टैंड की लापरवाही बनी मौत का कारण, काल के गाल में समा गए दो युवक।बाइक पहले डिवाइडर से टकराई फिर बाइक सौ मीटर की दूरी तक सड़क पर बिना चालक के चलतीं रहीं, बाद में लोहे के बोर्ड में टकराई,खौफनाक दृश्य देखकर लोगों के होश उड़ गए।सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। घटना के संबंध में पूछे जाने पर फरेंदा कोतवाल अंकित सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।घायल युवक का इलाज चल रहा हैं, कार्रवाई अग्रसारित है।

### पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के किरतपुर में पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने खेत पर जाकर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किरतपुर निवासी किसान सुनील बाबू पाल 28 वर्ष का मंगलवार की देर शाम पत्नी शिवकांति से घरेलू मामलों को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके कुछ देर बाद ही नाराज होकर वह खेत पर आ गया। जहां उसने देर रात रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह जब गांव के लोग उधर से गुजरे तब उनकी नजर रस्सी से लटक रहे किसान के शव पर गई, और उनमें हड़कंप मच गया। मौजूद ग्रामीणों ने सूचना पुलिस व उसके परिजनों को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## डॉक्टरों की लापरवाही से संध्या ने ले ली अंतिम सांस

**जन एक्सप्रेस | पथरदेवा देवरिया**

### बगैर लाइसेंस के चल रहा है अस्पताल

जिस अस्पताल पर महिला का आपरेशन हुआ है। वह फर्जी ढंग से चल रहा है। उसका स्वास्थ्य विभाग से लाइसेंस ही नहीं है। संचालक ने अस्पताल का केवल ओपीडी और आइपीडी का ही रजिस्ट्रेशन कराया है। उसी के आड़ में सर्जरी को भी अंजाम दिया जाता है। तीन रोज पहले सीएमओ अस्पताल का लाइसेंस संस्पेंड कर चुके हैं।

### पहले भी महिलाओं की जा चुकी है जान

संबंधित अस्पताल पर कोई यह पहला मामला नहीं है। यहां पर पैसों के लिए हर रोज मरीजों की जान जोखिम में डाली जाती है। दिखावे के लिए अस्पताल पर ओपीडी से लेकर कुशल सर्जन तक की सेवा चौबीस घंटे उपलब्ध होने का दावा किया जाता है लेकिन हकीकत कुछ और ही है। वर्ष 2015 में तरकुलवा के बालपुर गांव की रहने वाली एक महिला का प्रसव पीड़ा होने पर इस अस्पताल पर ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दो दिन बाद ही महिला की मौत हो गई।

डॉक्टरों की लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली। कुछ दिन पहले एक प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान महिला के बच्चेदानी पर टांका लगाते समय उसकी पेशाब नली भी सील कर दिया। जिससे महिला के किडनी और बच्चेदानी में संक्रमण फैल गया। महीनों इलाज कराने के बाद भी महिला की जान नहीं बच सकी। बुधवार की सुबह वह जिंदगी से जंग हार गई।बीते 19 जनवरी को बघौचघाट थाना क्षेत्र के मुंडेरा (पांडेयपुर) गांव की रहने वाली संध्या देवी(30) पत्नी अजय पटेल को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने पथरदेवा के एक प्राइवेट अस्पताल पर भर्ती कराया। यहां पर डॉक्टरों ने महिला का आपरेशन कर नवजात बच्ची को गर्भ से बाहर निकाला आपरेशन के कुछ घंटों बाद ही महिला की पेशाब रुक गई । 28 जनवरी को अस्पताल ने महिला को जबरदस्ती डिस्चार्ज कर दिया। परिजनों ने महिला को गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल पर भर्ती कराया। यहां पर डॉक्टरों ने महिला का दोबारा ऑपरेशन किया तो पता चला कि बच्चेदानी में टांका लगाते समय पेशाब की नली को भी सील कर दिया गया है जिससे पेट के आंतरिक अंगों में संक्रमण फैल गया। कुछ दिनों बाद महिला की दोनों किडनी फेल कर गई। 22 मार्च को इलाज कर रहे डॉक्टरों ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए। 23 मार्च को परिजन महिला को घर लेकर आ गए। बुधवार की भोर में महिला की तबीयत ज्यादा नाजुक हो गई। सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसने दम तोड़ दिया।

### रुद्रपुर पुलिस ने 424 ग्राम चरस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** थानाध्यक्ष रुद्रपुर मय फोर्स देखभाल क्षेत्र,रोकथाम अपराध, तलाश वांछित अभियुक्त हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि सेमरौना पुल के नीचे बथुआ रीवर फ्रंट के पास एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसे हिकमत अमली से घेरघार कर पकड़ लिया गया । जिसके द्वारा अपना नाम व पता विशाल सोनकर पुत्र मोहन सोनकर पता चौहट्टा वार्ड रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया बताया गया ।पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 424 ग्राम चरस बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### आर्म्स ऐक्ट में दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर रोकथाम लगाने हेतु थाना मदनपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को उ0नि0 अभिमित कुमार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बराव चौराहा के निकट स्थित ईंट भट्टे के पास से एक व्यक्ति को एक अदद अवैध दाव के साथ गिरफ्तार करते हुए नाम पता पूँछने पर अपना नाम व पता मोहम्मद किताबुद्दीन पुत्र अनवारुल हक साकिन कोटिया वार्ड नं0-10 कस्बा मदनपुर थाना मदनपुर जनपद देवरिया बताया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध दाव बरामद करते हुए धारा 4/25 आर्म्स ऐक्ट का अभियोग थाना स्थानीय पर पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में उ0नि0 अभिषेक कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एम0एम0 पब्लिक स्कूल के निकट शराब भट्ठी के पास से एक व्यक्ति को एद अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार करते हुए नाम पता पूँछने पर तौफिक अहमद पुत्र मो0 शहीद साकिन कोटिया मुहल्ला वार्ड नं0-10 कस्बा मदनपुर थाना मदनपुर जनपद देवरिया बताया गया गिरफ्तार अभियुक्त के पास से अदद अवैध चाकू बरामद करते हुए धारा 4/25 आर्म्स ऐक्ट का अभियोग थाना स्थानीय पर पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## रोडवेज बस की टक्कर से सड़क पर बिछे हाईटेंशन लाइन के पोल, टला बड़ा हादसा

**जन एक्सप्रेस | उरई**



शहर के कालपी रोड पर बस स्टैंड पर सुबह एक रोडवेज बस ने हाईटेंशन लाइन के खंबे में टक्कर मार दी। जिसकी वजह से खंबा सड़क पर जा गिरा और साथ ही उस खंभे से लगे 9 और खंबे भी सड़क पर गिर गए। जिससे बड़ा हादसा होते होते टला गया। उरई कोतवाली क्षेत्र के कालपी बस स्टैंड के पास सुबह के वक्त एक रोडवेज बस के चालक ने बस को बैक करते समय बस स्टैंड पर 11 हजार की एचटी लाइन के बिजली पोल में तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। जैसे ही बिजली के पोल में टक्कर हुई, पोल झुक गया और और तारों में खिंचाव होने के कारण एक के बाद एक करके 10 पोल जमीन पर गिर गए और उसके तार जमीन पर बिखर गये। जिससे इलाके में हड़कंप पहुंच गया। गनीमत यह रही कि छुट्टी का दिन होने और सुबह के वक्त सड़क पर किसी के न होने से बड़ा हादसा टल गया। मगर बिजली के तारों के जमीन पर गिरने से आस पास रहने वाले लोग दहशत में आ गए। तारों के जमीन पर टूटकर गिरने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों को हुई, तो तत्काल उन्होंने 11 हजार की एचटी लाइन को बंद कराया। जिससे करंट दौड़ने से कोई हादसा न हो सके। वही इस हादसे की सूचना पर उरई शहर के सिटी मजिस्ट्रेट सीओ सिटी, उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक व बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने तत्काल लाइन को सही करना शुरू कर दिया। जिससे विद्युत आपूर्ति सही कराई जा सके। इस मामले में उरई के अवर अभियंता मुकुल वर्मा ने बताया कि रोडवेज बस की टक्कर से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो रोडवेज बस खड़ी हुई थी। इसके चालक ने बहस भी की, रोडवेज बस का नंबर नोट कर लिया गया है। जिस पर उसके विभाग से और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कराई जाएगी। फिलहाल विद्युत

## हाईवे डिवाइडर पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कोतवाली क्षेत्र में शहर के बाहर हाईवे के अटल बिहारी गेट के पास बीच डिवाइडर पर संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद परिजनों को सूचना दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के बाहर हाईवे के अटल बिहारी गेट के पास बीच डिवाइडर पर एक जख्मी हालत में युवक को देखकर राहगीरों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर पुलिस ने मृतक की पहचान कप्तान सिंह 20 पुत्र अमर सिंह निवासी अफसरिया की मड़ैया थाना भोगनीपुर जिला कानपुर देहात के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतक के पिता अमर सिंह ने बताया कि कप्तान और उसका जीजा मानिकचंद हरदोई में मजदूरी करते थे। जहां से दोनों होलिका दहन वाले दिन 24 मार्च को वापस आए थे, पर रास्ते में चकरपुर में कप्तान के दोस्त उसे मिल गए और वह उसे अपने साथ ले गए थे। उसी दिन रात करीब 10 बजे कप्तान ने घर पर फोन करके कुछ ही देर में आने की बात कही थी। पर उसके बाद से उसका मोबाइल बंद जा रहा था, जबकि उसके दोस्तों का भी कुछ अता-पता नहीं था। मंगलवार रात को उरई पुलिस ने उनको लड़के का शव मिलने की जानकारी दी। जिससे कहीं ना कहीं कप्तान की मौत में उसके दोस्तों का हाथ है। फिलहाल शुरुआती छानबीन में पुलिस मामला सड़क हादसे का मन कर चल रही है, और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# होली के दिन सरयू नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

## परिजनों का रो रोकर बुरा हाल तो शोक में डूबे बरहजवासी

**जन एक्सप्रेस | बरहज, देवरिया**



होली त्योहार के दिन मंगलवार को सरयू नदी में नहाने गाए युवक की डूबने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा के आजाद नगर दक्षिणी वार्ड के निवासी रौनक जायसवाल पुत्र जितेंद्र जायसवाल उम्र 18 वर्ष की सरयू नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। दोपहर करीब 01 बजे होली खेलने के बाद रौनक जायसवाल पुत्र जितेंद्र जायसवाल अपने दोस्तों के साथ सरयू नदी में नहाने गया था । नहाते समय गहरे पानी मे चला गया,जिससे वह डूब गया और उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह मयफोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर गौरा के गोताखोर कमल निषाद,लालू,व सुरेंद्र निषाद के माध्यम से अथक परिश्रम के बाद देर शाम को शव को नदी से बाहर निकलवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

रौनक जायसवाल का एक छोटा भाई आदर्श और एक छोटी बहन रिया हैं। पिता जितेन्द्र जायसवाल व माँ सुनीता देवी मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। वही रौनक 12वीं में पढ़ाई कर रहा था। आर्थिक रूप से कमजोर पिता जितेन्द्र जायसवाल व माँ सुनीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया हैं तो नगरवासियों में मातम का माहौल है।

## रंग गुलाल के साथ खेली गयी कपड़ा फाड़ होली

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

रंगो क त्यौहार होली पूरे जोश के साथ मनाया गया। मंगलवार और बुधवार को दोपहर 12 बजे के बाद से शुरू हुआ रंग खेलने का दौर शाम तक चलता रहा। युवा हेरियारे गली, मोहल्लें और शहर के विभिन्न चैराहो पर डीजे की धुन पर थिरकते और रंग गुलाल उड़ाते नजर आए। ज्यादातर हेरियारे शराब और भांग के नशे मे चूर थे। इसके चलते होरियारो ने एक दूसरे को जहॉ रंगों से भिगोया, वही एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ डाले। शहर के विभिन्न चैराहो पर होरियारे नशे मे चूर पड़े नजर आए। वही उनके कपड़े भी चैराहो पर ही पड़े रहे। मौके पर पहुॅचे परिजनों ने नशे मे टुन्न होरियारों को उठाकर घर ले गए। बुधवार को होली पर्व के आकर्षण का केन्द्र मटकी फोड़ प्रतियोगिता नही। शहर के नयापुरा बंधानवार्ड निवासी महावीरन मंदिर के निकट मटकी फोड़ प्रतियोगिता घंटो तक चलती रही। इस प्रतियोगिता को जीतने का भरसक प्रयास किया गया। शहर के कई मोहल्ला मे होली का अनोखा अंदाज देखने को मिला। यहॉ कपड़ा फाड़ होली का हुड़दंग देखा गया। हर गुजरने वाल राहगीर को यहॉ न सिर्फ रंग और गुलाल से सराबोर किया गया बल्कि उनके ऊपरी वस्त्र को इच्छा अनिच्छा फाड़ दिया गया और फटे हुए वस्त्रों को कपड़ा फाड़ होली का नाम दिया गया। कपड़ा फाड़ होली मे युवाओं ने खास तौर से भागीदारी दर्ज करायी। तमाम लोगो ने इस कपड़ा फाड़ होली के कारण रंगो मे सराबोर होने के बावजूद कपड़े फटने की आशंकाओं के मद्देनजर अपना रास्ता ही बदलना उचित समझा।

## प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**जन एक्सप्रेस | महोबा**



पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व, निर्देशन पर होली पर्व के दृष्टिगत जनपद महोबा में व्यापक सुरक्षा के बन्दोबस्त किये गये थे जिसके कारण 26 मार्च जनपद महोबा में परम्परानुरुप होली का पर्व जनपदवासियों ने सुरक्षित वातावरण में बडे ही धूमधाम के साथ मनाया।

जनपद महोबा में होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त आज बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता सहित जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाइन महोबा अवस्थित प्रांगण में धूमधाम के साथ पुलिसिया होली खेली गयी।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा में शान्तिपूर्वक, हर्षोल्लास के साथ होली पर्व के दिन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात प्रत्येक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही सभी को होली पर्व की शुभकामनायें दी गयी। इस दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनायें दी। इस दौरान सभी पर होली का रंग खूब चढ़ा रहा सभी ने होली पर्व को मनाते हुये डी.जे. भांगड़ा की धुन पर जमकर थिरकते हुये होली के त्यौहार को उमंग, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमति हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौंड, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## ओपीडी में पहुंचे दोगुना मरीज, इलाज के लिए मारामारी

**जन एक्सप्रेस/अंबेडकरनगर।** होली पर्व के दो दिन के अवकाश के बाद बुधवार को बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। सामान्य दिनों की तुलना में लगभग दोगुना मरीजों के पहुंचने से ओपीडी में आपाधापी का माहौल रहा। पर्चा बनवाने व इलाज कराने के लिए मरीजों व तीमारदारों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। बुधवार को 1600 के करीब मरीज इलाज कराने पहुंचे। बुधवार को सुबह से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से मरीजों का तीमारदारों के साथ जिला अस्पताल में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। देखते ही देखते पर्ची काउंटर पर मरीजों व तीमारदारों की लंबी लाइन लग गई। सुबह 11 बजे तक न सिर्फ पर्ची काउंटर बल्कि चिकित्सकों के कक्ष के सामने भी मरीजों की लंबी लाइन लग गई। आलम यह था कि ओपीडी के मुख्य गेट के बाहर तक बड़ी संख्या में मरीजों की भीड़ रही। मरीजों में धक्का-मुक्की व आपाधापी का माहौल देखते हुए जिला अस्पताल प्रशासन को पुलिसकर्मियों की मदद लेनी पड़ी। पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मरीजों व तीमारदारों को व्यवस्थित ढंग से लाइन में खड़ा किया। इसके बाद स्थिति काबू में आई। मालूम हो कि सामान्य दिनों में औसतन 900 मरीजों की ओपीडी होती है। जिला अस्पताल प्रशासन के अनुसार बुधवार को लगभग 1600 ओपीडी हुई।

### पूर्व विधायक स्वर्गीय परशुराम यादव की श्रद्धांजलि सभा में सरकार की कमियों को वक्ताओं ने गिनाया

# कोई अपनी बात सरकार के विरोध में नहीं बोल सकता

* अघोषित एमरजन्सी होना बताया सरकार की कमियो को जनता मे बताने पर जेल जाना

**जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या**

तहसील क्षेत्र के जाना बाजार राम जानकी मंदिर के पास पूर्व आयोजित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को देर शाम तक पूर्व विधायक स्वर्गीय परशुराम यादव की श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम चलता रहा है। पूर्व विधायक स्वर्गीय परशुराम यादव की पुत्री श्रीमती रोली यादव के आयोजन पर उक्त कार्यक्रम में जहां हजारों की संख्या में लोग

एकत्र रहे। वहीं चुनाव की सर गर्मी के चलते लोकसभा प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने पूर्व विधायक के साथ समाज के विकास के लिए किए गए कार्यों को बताते हुए अपनी यादों को ताजा करते हुए। कहा की परशुराम यादव की कमी समाजवादी पार्टि उनके करीबी लोगों को जीवन भर अखरती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन मायाराम यादव एवं अध्यक्षता पूर्व विधायक स्वर्गीय परशुराम यादव की पत्नी श्री संतोष कुमारी ने किया है।

उक्त कार्यक्रम में सपा के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व में कई आंदोलन साथ में करने को बताते हुए पूर्व विधायक स्व0 परशुराम यादव की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की यादों की सच्ची श्रद्धांजलि तभी मानी जाएगी। जब आप लोग लगकर लाल जी वर्मा को भारी मतों से जीता देंगे। उक्त श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के सचिव जयशंकर पांडे ने स्वर्गीय श्री यादव की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम उम्र में ही गरीबों ,मज़दूरों, मजलूमों की लड़ाई का जज्बा लेकर समाज को दिशा देने का प्रयास किया था। लेकिन कम समय में साथ छूटने का दुख व्यक्त करते हुए क्षेत्र और समाज की लंबी क्षति होना कहा है। मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए गुंडो की सरकार कहां है। जो लोग सरकार के साथ हैं। उन्हें साफ सुथरी छवि का और जो दूसरी पार्टी में है उन्हें




भ्रष्टाचारियों गुंडा कहा जा रहा है। लोकतंत्र को बचाने के लिए लाल जी वर्मा को मतदान करने की सलाह देते हुए। सरकार द्वारा विपक्षियों को समाप्त करने के लिए देश के दो- दो मुख्यमंत्री को जेल में ठूस देना कहा है। मौजूदा सरकार में बेरोजगारों को नौकरी देने की जगह पेपर लीक करके पुनः पेपर करवाने के नाम पर लटका दिया जाता है। सरकार के चार सौ पर पर श्री पांडे ने कहा कि उनके आठ नेता टिकट मिलने के बाद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है की जनता के बीच यह सरकार कितनी मजबूत है।

उक्त श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अंबेडकर नगर जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव ने कहा व्यक्ति के चले जाने के बाद उसकी विचारधारा से लोग चलते हैं स्वर्गीय परशुराम यादव की विचारधारा पर चलकर लोकसभा के प्रत्याशी लाल जी वर्मा को चुनाव जीताने को सच्ची श्रद्धांजलि देना कहा है।

उक्त कार्यक्रम की आयोजिका स्वर्गीय परशुराम यादव की पुत्री श्रीमती रोली यादव ने अपने पिता को याद करते हुए और उन्हें रुधे गले से श्रद्धांजलि सभा में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्याशी लाल जी वर्मा को मतदान करने पर बल देते हुए। अपने द्वारा किए गए कार्यक्रम मैं किसी भी प्रकार की कमी पर अपनी बेटी और बहन मानकर क्षमा करने का निवेदन किया है। श्रद्धांजलि सभा को भारी गले से संबोधित करती श्रीमती होली यादव ने स्वर्गीय पिताजी के अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करना बताती हुई कहा है कि गोसाईगंज विधानसभा के लिए जो अधूरे कार्य हैं। उन्हें आप लोगों के द्वारा मौका देने पर पूरा करने का वादा करती हूं।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम जग निषाद ,जमुना वर्मा, राम अवध निषाद ,अतुल यादव, रविंद्र यादव ,गंगाराम यादव ,प्रेम नारायण यादव ,डॉक्टर एम0 पी0 यादव विजय बहादुर शर्मा, लियाकत, जे0 पी0 यादव, बलराम यादव, अर्जुन निषाद, राम सुंदर यादव ,प्रेम नारायण यादव ,जंग बहादुर ,इंद्रपाल यादव, आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार के तानाशाही रवैया को प्रमुखता से लेते हुए मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया है।

# नलकूप खण्ड से कराए जा रहे निर्माण में हुआ खेल

* चहेते ठेकेदार को काम देने के लिए नही प्रकाशित कराई गई निविदा, तीन भाग मे बांटकर कराया जा रहा निर्माण
* पुरानी दीवार पर ही की जा रही जोड़ाई, निर्माण में घटिया ईंट व निम्न कोटि की सीमेंट का हो रहा प्रयोग

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

नलकूप खण्ड अयोध्या की ओर से बीकापुर डाकबंगले के पुनर्निर्माण मे अधिशासी अभियंता ने बडा खेल कर दिया।अपने चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए न तो निर्माण कार्य की कोई निविदा प्रकाशित करायी गई और 60 लाख रुपए से अधिक की लागत वाले कार्य को तीन भाग में बांटकर निर्माण कार्य की जिम्मेदारी तीन जेई को सौंप दी। नलकूप खण्ड अयोध्या की ओर से बीकापुर में डाक बंगले का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के लिए नलकूप खण्ड को 60 लाख 53 हजार रुपए का बजट दिया गया है।इस निर्माण कार्य के बजट मे भारी घोटाला किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।सूत्रों की मानें तो निर्माण कार्य के लिए 60 लाख रुपए से अधिक का बजट होने पर निविदा का प्रकाशन कराना आवश्यकः हो जाता है।किन्तु अधिशासी अभियंता नलकूप खण्ड पीयूष रंजन ने अपने चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा का प्रकाशन नही कराया। यही नहीं निर्माण कार्य को तीन भाग में विभक्त कर, कराया जा रहा है।

### डाक बंगले मे यह होना है निर्माण

डाक बंगला बीकापुर मे चहारदीवारी,जनरेटर रूम व सडक का निर्माण कराया जा रहा है।चहारदीवारी में जो पुरानी दीवार बनी थी ,उसी पर जोड़ाई की जा रही है।इसी प्रकार जनरेटर रूम के निर्माण मे भी खेल किया जा रहा है।पुरानी नींव पर ही जनरेटर रूम का भवन तैयार किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

डाक बंगले के निर्माण मे किए जा रहे खेल के विषय मे अधिशासी अभियंता पीयूष रंजन से जानकारी करने की कोशिश की गई किन्तु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।इसके बाद निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे जेई अशोक सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य का आनलाइन टेंडर जारी किया गया था।उनसे आनलाइन टेंडर दिखाने की बात कही गई तो वे टेंडर नहीं दिखा सके।स्टीमेट के बारे मे भी कोई जवाब नहीं दिया गया।मौके पर निम्न कोटि की ईंट व सीमेंट का प्रयोग हो रहा है।जिसे स्थल पर जाकर देखा जा सकता है।किन्तु जेई अशोक सिंह का कहना है सबकुछ साहब के निर्देश पर हो रहा है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कंट्रोल रूम का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा के उपरांत लोकसभा क्षेत्र अंबेडकरनगर में सकुशल/ पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, एमसीएमसी,वीडियो अवलोकल टीम एवं सी विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। वहां पर उपस्थित अधिकारियों /कर्मचारियों को गहनता पूर्वक निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया। यदि कोई शिकायत आती है तो चुनाव आयोग द्वारा दिए गए समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित कराए।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरसः पालन सुनिश्चित करें। जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर



निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है, वही सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान्य निर्वाचन का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी* इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल,जिला गन्ना अधिकारी, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित आधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में निजी दूरसंचार कंपनी कर्मी समेत दो की मौत

**जन एक्सप्रेस/जलालपुर अंबेडकरनगर)।** नगपुर बाजार के निकट बुधवार दोपहर दो बाइक में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें निजी दूरसंचार कंपनी के एक कर्मचारी समेत दो युवकों की मौत हो गई। इनमें से ट्रिपलिंग कर रहे युवकों में से एक शामिल है। हादसे में तीन अन्य युवक घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर दो घायलों प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। बुधवार दोपहर लगभग एक बजे के करीब नगपुर बाजार के निकट दो बाइक आपस में टकरा गईं। भिड़ंत इतनी तेज थी कि इसकी आवाज काफी दूर तक गई। लोग घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। एक बाइक पर ट्रिपलिंग कर रहे पंकज (32), दिनेश (27) व पिंटू (28) निवासी चौदाहपरास थाना जैतपुर जबकि दूसरी बाइक पर सवार शशांक (22) निवासी कन्नूपुर जलालपुर व उत्कर्ष सिंह (22) निवासी पीपरपुर जनपद अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## दिव्यांगजन भी समाज के मुख्य अंग अभिभावक उन्हें प्रेम से अपनाएं

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे प्रचार प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत आज संस्थान अखिल भारतीय विकलांग कल्याण समिति मण्डल अयोध्या द्वारा संचालित मन्द बुद्धि मूक बधिर विद्यालय तुलसीनगर अयोध्या ने प्रचार प्रसार कार्यक्रम के तहत शक्ति चेतना विद्यालय ऐमी आलापुर अयोध्या संस्थान में जाकर वहाँ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वहाँ के बच्चों एवं अभिवावकों को दिव्यांगजनों के अधिकारों से अवगत कराया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न नीतियों योजनाओं के बारे में अपने नाटक के माध्यम से बताया कि कैसे हम उनकी थोड़ी सी मदद करके उनको सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का पूरा लाभ उन तक पहुँच सके ।

मंचन के माध्यम से दिव्यांगों को दुत्कारे नही बल्कि उसे अपनाए ऐसा सन्देश भी दिया गया ।वहां के बच्चों एवं अभिभावकों को दिव्यांगों के रोजगार से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया कि कैसे रोजगार परक प्रशिक्षण जैसे मोमबत्ती बनाना , लिफाफा बनाना , अगरबत्ती बनाना , लकड़ी के खिलौने बनाना, कम्प्यूटर चलाना ,बैग बनाना आदि कई तरह के प्रशिक्षण लेकर वो अपना जीवन यापन कर सकते है ,खुद अपने पैरों पर खड़े होकर समाज की मुख्य धारा के साथ चल सकते है इस अवसर पर शक्ति चेतना संस्थान के प्रधानाचार्य आर पी सिंह महोदय ने संस्थान के प्रबंधक डॉ प्रदीप तिवारी जी का स्वागत सम्मान किया । इस अवसर पर शक्ति चेतना विद्यालय के शिक्षक गण हरीश पांडेय ,निशा,अंकिता, जया, शेफाली, दीपांजलि,कुमकुम,आरती , कुमकुम आदि विद्यालय के सभी लोगों ने इस कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से सम्पन्न कराया। इस अवसर पर प्रधानचार्य अंकित मिश्र , सुरेंद्र मिश्र, अभय द्विवेदी , दिनेश राय , शरद तिवारी , सरिता शर्मा , रानी श्रीवास्तव संदीप , सचिन आदि सभी लोग उपस्थित रहे ।

## सनातन धर्म की रक्षा, गौ सेवा, बंदर सेवा, संत सेवा गुरु जी से मिली प्रेरणा: आशुतोष दास



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली में बाईपास स्थित सिद्ध पीठ कामधेनु आश्रम के पूर्व महंत के रामलोचन दास की प्रथम पुण्यतिथि पर साकेत वासी महंत राम लोशन दास के चित्र पर माला पुष्प अर्पित कर संतो महंतों और भक्तों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया साकेत वासी महंत रामलोचन दास के शिष्य उत्तराधिकारी ने मंदिर परिसर में राम आर्चा कथा का आयोजन कर व धार्मिक उत्सव कर प्रथम पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाई गई। सभी उपस्थित संत महंतों व गृहस्थ लोगों को स्वागत सत्कार कर भेट दक्षिण व अंग वस्त्र भेंट किया द्य उपस्थित भक्तों शिष्यों संतों महंतों एवं भोजन प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए द्य बाईपास स्थित सिद्ध पीठ कामधेनु आश्रम की वर्तमान महंत आशुतोष दास ने बताया कि साकेत वासी गुरु जी के बताएं एवं दिखाएं रास्ते पर चलकर सनातन धर्म की रक्षा , गौ सेवा , बंदर सेवा , संत सेवा निरंतर प्रतिदिन होता रहता है।अयोध्या धाम में पधारे राम भक्तों की सेवा करते चले आ रहे हैं द्य महंत आशुतोष दास ने आगे कहा कि हमारे आराध्य भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। हमारे अयोध्या धाम की छवि विश्व पटल पर दिखाई देता है । इस नगरी का तेजी से विकास हो रहा है विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों का विकास भी होना जरूरी है।

## विद्यालय बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का मंच: आदर्श कुमार सिंह

**जन एक्सप्रेस। मयाबाजार अयोध्या**

बच्चों में प्रतियोगिता से एक प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन होती है और वह अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़ाने का प्रयास करते है द्य विद्यालय ही उनको प्रतिस्पर्धा का मंच उपलब्ध कराता है उक्त बाते प्रधानाचार्य आदर्श कुमार सिंह ने नन्द किशोर सिंह इंटर कॉलेज ने नन्द महोत्सव एवं प्रतियोगिता आयोजन के समय कही द्य प्रधानाचार्य आदर्श कुमार सिंह ने कहा कि हम अपने इंटर कॉलेज में कला प्रतियोगिता के साथ बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास हो द्य इसके लिए समय-समय परप्रतियोगिता का आयोजन करते रहते हैं द्य जिसका परिणाम भी मिलता है द्य प्रतियोगिता में कविता , सुलेख , कहानी , निबंध , मेहंदी , रंगोली , खेल कूद , दौड़ , रस्साकसी , कबड्डी , नृत्य गायन ,स्पीच आदि की प्रस्तुति के लिए प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राएं -केजी से 8 तक को शामिल किया गया था द्य इस अवसर पर अध्यापक एवं अध्यापिकाए कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र कुमार यादव, शर्मा प्रसाद शर्मा,मुक्ता गुप्ता, अर्चना, सरिता, नौशाद, संदीप, पुनीत, राम संवारे, शुभम, हरीश, वर्तिका, साहिबा, अनीता,नीलम कसौधन,शिवा साहू, अतुल सिंह, प्रधानाचार्य आदर्श कुमार सिंह , प्रवक्ता जीव विज्ञान अखिलेश कुमार मौर्य के साथ अध्यापक एवं अध्यापिकाए मौजूद रहे।

## वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट,जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास कुमार पाण्डेय के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कैन्ट राकेश कुमार राय द्वारा जीआरपी अयोध्या कैन्ट की गठित टीम द्वारा थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 48/2023 धारा- 379/411 भादवि में चोरी के मोबाइल टच स्क्रीन वीवो ह्व 22 व 2. मु0अ0सं0 52/2023 धारा- 379/411 भादवि से सम्बन्धित चोरी के सफेद धातु के पायल 1110 रू0 नकदी के साथ एक शातिर किस्म का चोर राजेश कुमार वंशी को बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

## सरकारी पेड़ों को कटवाने में रेंजर कादीपुर और वन दरोगा ठेकेदारों पर मेहरबान, लगातार हो रही अवैध कटान

**जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम**

मंडल के सुल्तानपुर वन प्रभाग के कादीपुर रेंज में लगातार सरकारी व गैर सरकारी पेड़ काटने और कटाने का प्रचलन सा हो गया है द्य जिसमें रेंजर कादीपुर और फॉरेस्टर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं द्य जिस पर न तो वन प्रभाग के आला अधिकारी अंकुश लगा पा रहे है और न ही जिले के जिम्मेदार अधिकारी द्य जिसके चलते रेंजर कादीपुर विनय कुमार श्रीवास्तव और वन दारोंगा हेमंत शुक्ला के हौसले बुलंद है द्य बताते चले कि वन प्रभाग सुल्तानपुर के कादीपुर रेंज के अंतर्गत सूरापुर भवानीपुर इब्राहिमपुर रोड बिरौली मोड़ के 100 मीटर आगे दाहिनी पटरी पर एक परचुन की गुमटी के बगल दो सूखे विशालकाय शीशम के वृक्ष को रात में काटे गए लकड़ी का कोई पता नहीं द्य सूत्रों द्वारा पता चला की वन विभाग के बन दरोगा व क्षेत्रीय वनधिकारी कादीपुर इन दोनों को काटने वाले लोग होलिका दहन के 1 दिन पहले दिन में ही करीब ?80000 में सौदा तय हुआ था और शीशम के पेड़ को रात में काटकर उठा ले गए द्य जिसके जिम्मेदार वन विभाग की यही दोनों कर्मचारी अधिकारी हैं



पूर्व में भी कई बार सरकारी पेड़ इन लोगों द्वारा बेचा जा चुका है उच्च अधिकारी भी इनके ऊपर कारवाई करने से डरते हैं द्य सरकारी पेड़ों पर मेहरबान जब वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ही सरकारी पेड़ बेचना शुरू कर देंगे तो आम जनता चोरी करेगी ही द्य शीशम के पेड़ कटने के संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी सुल्तानपुर से बात करने का प्रयास किया गया सम्पर्क नही हो पाया।

## ट्रैक्टर ट्राली ने किशोर को रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस। जलालपुर अंबेडकरनगर)।**

थाना क्षेत्र मालीपुर के रुदौली अदाई गांव के निकट सड़क पार कर रहे किशोर को ट्रैक्टर ट्रॉली ने रौंद दिया। बुधवार शाम हुई घटना में किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि गांव निवासी मोहम्मद इस्माईल का पुत्र मोहम्मद रेहान (15) बुधवार शाम चार बजे करीब गांव के निकट ही सड़क पार कर रहा था। इसी बीच उधर से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे रौंद दिया। जब तक आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक चालक वाहन लेकर भाग निकलने में सफल रहा। सांस चलने की उम्मीद में किशोर को मालीपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मालीपुर पुलिस के अनुसार अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। वाहन चालक की पहचान कर ली गई है। जरूरी कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

## चुनाव के दौरान प्रचार सम्बंधी अनुमति के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित की गयी एकल खिड़की

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रचार के दौरान पब्लिक मीटिंग, रैलियों, लाउडस्पीकरों तथा वाहनों के उपयोग के साथ-साथ गैर वाणिज्यिक, रिमोट व अन्य कन्ट्रोल एयर रिपोर्ट्स, हेलीपैड हेतु अनुमति दिये जाने हेतु कलेक्ट्रेट कैम्पस, बलरामपुर में सिंगल सिस्टम/सिस्टम परमीशन सेल (एकल खिड़की)/अनुमति प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी/प्रत्याशियों के चुनाव अभिकर्ता/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के



जिलाध्यक्षों द्वारा प्राप्त ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन/प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु गठित टीम में *नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रमोद कुमार, सहायक नोडल अधिकारी के रूप में संचित मोहन तिवारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट बलरामपुर एवं आईटी सेल के नोडल/ईडीएम प्रतीक नरेश* को नामित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अनुमति के लिए ई-सुविधा पोर्टल एवं इन कोर पोर्टल पर ऑन लाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी/प्रत्याशियों के चुनाव अभिकर्ता/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि/जिलाध्यक्ष के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदनों/प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

# होली के अवसर पर बीसीएम में किया गया रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 में होली का उत्सव हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। चीनी मिल के ऑफिसर्स क्लब में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । होलिका दहन का कार्यक्रम के बाद अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने रंग गुलाल के साथ होली खेलकर तथा एक दूसरे के गले मिलकर प्यार मोहब्बत के इस पर्व को मनाया।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर चीनी मिल के ऑफिसर्स क्लब द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि यूनिट हेड मुख्य प्रधान महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी मितली गुप्ता ने गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जलन एवम माल्यार्पण करके किया। चीनी मिल के योगेंद्र बिस्ट, राजीव कुमार अग्रवाल, सोमेश देव पांडेय, संजय कुमार मिश्रा, ओ पी एस यादव व बी एन ठाकुर ने फूलों का गुलदस्ता देकर मितली गुप्ता तथा मंजू बिस्ट, दीपाली अग्रवाल, दीपिका ठाकुर, संगीता मिश्रा, सुनीता यादव ने फूलों का गुलदस्ता देकर निष्काम गुप्ता का स्वागत और अभिनन्दन किया। इसके बाद ऑफिसर्स तथा उनके परिजनों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर बोलते हुए निष्काम गुप्ता ने कहा की होली पिछली गलतियों की भूलकर फिर से प्यार महोब्बत बढ़ाने बाला त्यौहार है। यह त्यौहार हमें नयी उमंग के साथ मिलजुलकर चलना और आगे बढ़ना सिखाता है। उन्होंने सबको एक दूसरे के सुख दुःख में परिवार की तरह शामिल होने तथा एक दूसरे का सहयोग करने की भी सलाह दी। उन्होंने सभी से कार्य के दौरान फैक्ट्री में सुरक्षा नियमों का पालन




करने तथा सुरक्षित रहने की भी अपील की। उन्होंने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी अधिकारीयों और उनके परिजनों को पुरुस्कार भी दिए। सपना शर्मा, मेघा अग्रवाल, नीलम सिंह, सुनीता राय, पारुल सक्सेना, मेनका वर्मा, सपना झा तथा शिल्पी सिंह ने ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। दिनेश सिंह चौहान, संगीता मिश्रा तथा अरुण श्रीवास्तव ने गीत सुनकर माहौल को खुशनुमा बनाया। दिशा यादव, प्रभव ठाकुर, अनविका अग्रवाल, कृष्णा कुमार, कन्वी गुप्ता, युग अग्रवाल, शिवांश, दिशा, कार्तिकेय नेगी, विनायक नेगी, सौरवी चौरसिया, रजत सिंह, गौरांगी श्रीवास्तव, एंजिल यादव तथा अहाना सिंह ने मनोहारी गीत और नृत्य प्रस्तुत किये ।कार्यक्रम का संचालन चुटीले अंदाज़ में महाप्रबंधक मानव संसाधन राजीव अग्रवाल ने किया। उन्होंने संचालन के दौरान शेरो शायरी, चुटकुले और गीत सुनाकर सबका मनोरंजन किया। दुल्हेड़ी के दिन सभी अधिकारियो और कर्मचारियों ने मिल के गेट पर इकट्ठे होकर एक दूसरे के रंग और गुलाल लगाया और एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनायें दी। सभी लॉग इक्कठे होकर फैक्ट्री के शिव मंदिर पर भी गए जहाँ पंडित तिलकधारी पांडेय ने होली के सुन्दर भजन गाकर भगवन से सभी अधिकारिओं, कर्मचारियों एवं देशवाशियो के लिए सुख समृ?द्धि की कामना की।

इस अवसर पर उदय वीर सिंह, संजय सेन गुप्ता, गोपाल चौबे, योगेंद्र प्रसाद शुक्ला, अशोक कुमार चतुर्वेदी, संजय कुमार सिंह, पवन तिवारी, अशोक कुमार चतुर्वेदी, जितेंद्र दीक्षित, शेखर श्रीवास्तव, एस एस नेगी, दिनेश यादव, संतोष राय, राजेश अग्रवाल, हिमांशु शर्मा, हरीश सिंह, एस पी सिंह, डी एन यादव सहित सभी अधिकारी व उनके परिजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# पीटीआर में बगैर टैक्सी परमिट के फर्राटा भर रहे सफारी वाहन

**परिवहन विभाग की अनदेखी से राजस्व को लाखों का नुक़सान**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को जंगल की सैर कराने के लिए 70 वाहनों को लगाया गया है। परिवहन विभाग की अनदेखी से बगैर टैक्सी परमिट के ही इन वाहनों का संचालन किया जा रहा है।वन विभाग के संरक्षण में चल रहे इन वाहनों से सरकार को लाखों रूपए राजस्व का नुकसान हो रहा है।बता दें कि शुक्रवार योद्धा वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत भी हो चुकी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अनुकूल वातावरण से बाघों के साथ अन्य वन्य जीवों का भी कुनबा लगातार बढ़ रहा है।देश विदेश में अपनी पहचान बना चुके पीटीआर की अप्रतिम नैसर्गिक सुंदरता और रमणीक स्थलों को करीब से निहारने के लिए हर रोज यहां सैकड़ो पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों को जंगल सफारी के जिला मुख्यालय से 2 जीनान,5 जिप्सी, ओर मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस से 31 योद्धा,29 जिप्सी,3 सरकारी गाड़ी जीनान सहित कुल 70 वाहन लगाए गए है। परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी कर इन वाहनों का संचालन किया जा रहा है। वाहन चालक टैक्सी परमिट के बगैर पर्यटकों को लेकर जंगल में फर्राटा भर रहे हैं। परिवहन विभाग भी के अफसर भी मामले में आंखें मूंदे हुए हैं।वन विभाग के संरक्षण में बगैर टैक्सी परमिट दौड़ रहे इन वाहनों से सरकार को लाखों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है।

> इस पर्यटन सत्र में पर्यटकों को सफारी के लिए जीनान, योद्धा, जिप्सी सहित कुल 70 वाहन चल रहे हैं।सभी वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस है,कुछ वाहनों के टैक्सी परमिट नहीं है।
>
> **सुरेंद्र गौतम, पर्यटन प्रभारी**

> पीटीआर में बगैर टैक्सी परमिट चल रहे वाहनों की जानकारी नहीं है। बगैर टैक्सी परमिट के वाहनों पर सवारियां बैठना गलत है । शीघ्र ही वाहनों की चेकिंग कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **वीरेंद्र सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पीलीभीत**

# एक लकड़कट्टा को भेजा जेल

**साल की लकड़ी मोटरसाइकिल आरा और कुल्हाड़ी बरामद**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

हर चीज की एक शुरुआत होती है इस तरह पीलीभीत टाइगर रिजर्व में प्रभागीय वन अधिकारी पद पर आए श्री मनीष सिंह जी के कार्यकाल की शुरुआत जहां मानव वन्यजीव संघर्ष में दो इंसानों की जान जाने हुई थी, वहीं दूसरी तरफ शिकार और लकड़ी काटन पर भी लगाम लगाना शुरू हो चुकी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरिपुर एवं बरही रेंज की नवदिया बीट में मंगलवार दोपहर एक लकड़कट्टा को वन कर्मचारियों ने दबोचा जिसके पास से कुल्हाड़ी आरा और घर से साल की लकड़ी के दो बोट बरामद किए गए। बराही रेंज अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राजकुमार उर्फ ननकैया निवासी पिपरिया भद्र को हमारे कर्मचारियों ने अवैध लकड़ी कटान में पकड़ लिया है उनके पास से एक मोटरसाइकिल आरा कुल्हाड़ी और लकड़ी बरामद की गई है पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आपको बताते चलें कि जब से मनीष सिंह ने कार्यवाहक ग्रहण किया है तब से श्री सिंह लगातार 24 घंटे में तीन से चार दौर जंगल के अंदर लग रहे हैं रात और दिन किसी भी समय प्रभागीय वन अधिकारी की गाड़ी किसी न किसी की रेंज में से गुजर रही है जिससे वन कर्मचारी सतर्क नजर आ रहे हैं। जंगल के अंदर हो रहे शराब का अवैध कारोबार लकड़ी का काटन जिसकी सूचनाओं लगातार सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं तत्कालीन प्रभागीय वन अधिकारी ने भी इन अवैध गतिविधियों पर भरपूर लगाम लगाई थी आगे भी उम्मीद है कि पूर्व की तरह वनजीवन के दुश्मनों पर लगाम लगी रहेगी।

# गोस्वामी माम्स प्राइड स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बुधवार को गोस्वामी माम्स प्राइड स्कूल के जंगरोली कैंपस में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें इंडोर खेलों का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम दिन 400 मी रेस बाधा दौड़ 200 मीटर रेस जूनियर पार्क लड़का 100 मीटर रेस लड़कियां भाला फेंक लंबी कूद टेबल टेनिस बालक एवं बाल का डार्ट स्लो साइकिल रेस की प्रतियोगिताएं शुरू हुई जिसमें कक्षा 2 से कक्षा 9 तक स्पोर्ट्स मीट का क्लब वाइज का आयोजन किया हैं। स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ प्रबंधक निशांत गोस्वामी तथा प्रधानाचार्य सोनिया गोस्वामी ने दीप प्रचलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया हमारे विद्यालय में यह प्रथा इसलिए होती है ताकि बच्चों की गतिविधियों को हम बाहर ला सके तथा उनके अंदर छुपे हुनर को जागरुक कर सकें हमारे विद्यालय में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन परीक्षा के बाद किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों के परीक्षा के मानसिक तनाव को दूर करना व उत्साह के साथ उनका नए सत्र में प्रवेश करना खेल बच्चों की स्वाभाविक क्रिया है भिन्न-भिन्न आयु वर्ग के बच्चे विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं यह विभिन्न प्रकार के खेल बच्चों के संपूर्ण विकास में सहायता होते हैं विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि खेल से बच्चों के शारीरिक विकास संज्ञानात्मक विकास संवेगात्मक विकास सामाजिक विकास एवं नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है खेलों के प्रकारों में अन्वेषणात्मक खेल संचारात्मक खेल काल्पनिक खेल और नियम व्रत खेल शामिल है खेलों में सांस्कृतिक विभिन्नताएं भी देखी जाती हैं खेल से मनुष्य मनोवैज्ञानिक ज़रूरतें पूरी होती है तथा मनुष्य को सामाजिक कौशलों के विकास का भी अवसर देता है पियाजे के अनुसार खेल बच्चों की मानसिक क्षमताओं के विकास में भी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं पहले चरण में बच्चा वस्तुओं के साथ संवेदन प्राप्त करने व कार्य संचालन करने का प्रयास करता है दूसरे चरण में बच्चा कल्पनाओं को रूप देने के लिए वस्तुओं को किसी के प्रतीक के रूप में उपयोग करने लगता है अंतिम चरण में 7 से 11 वर्ष काल्पनिक भूमिकाओं के खेलों की तुलना में बच्चा नियमबद खेल या कीड़ाओ में संलग्र रहता हैं। खेलों से आर्थिक क्षमता व स्कूल संबंधित कौशलों को विकसित होने में मदद मिलती हैं। खेल शिक्षक अक्षय व अभिनव तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा जिसमें स्टाफगण में मुख्य रूप से मीना, अनुज, मीनू,निधि आदि ने अपना सहयोग दिया।

## नामांकन दाखिल करने पहुंचे जितिन प्रसाद, पहले मां के दरबार में टेका माथा

जन एक्सप्रेस । बरेली

बीजेपी उम्मीदवार जितिन प्रसाद पीलीभीत सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने कलक्ट्रेट पहुंचे हैं। उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके साथ ही अन्य विधायक व गन्ना मंत्री भी इस दौरान मौजूद रहे। नामांकन से पहले जितिन प्रसाद ने शहर में मां यशवंतरी देवी के दरबार में माथा टेका। विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद नामांकन के लिए निकले। नामांकन के बाद मंदिर परिसर में ही एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया है। भाजपा ने रंगोत्सव से पहले उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुनावी रंग को और चटख कर दिया था। पार्टी ने जिले में लंबे समय से सक्रिय प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद पर दांव लगाया है। जितिन के प्रयासों से जिले मे कई बड़ी परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। पीलीभीत लोकसभा सीट पिछले चार चुनावों से भाजपा के कब्जे में है।



## सपा छोड़ बीजेपी मे शामिल हुई दीप्ती गंगवार व पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेश गंगवार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पीलीभीत/बरखेड़ा।** लोकसभा चुनाव के टाइम सपा को लगा बड़ा झटका कभी समाजवादी पार्टी के खासम खास रहे दिग्गज नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेश गंगवार एवं उनकी पत्नी दीप्ति गंगवार ने सपा छोड़कर अखिरकार थमा बीजेपी का दमन सपा खेमे में खलबली वही सपा के नेता और कार्यकर्ता लगातार समाजवादी पार्टी से दूरी बनाते हुए पार्टी छोड़कर ले रहे हैं बीजेपी की सदस्यता जिससे सपा को लगातार मिल रहे है झटके।इसीक्रम मे समाजवादी पार्टी की कद्दावर नेता दीप्ती गंगवार और पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेश गंगवार ने योगी सरकार के पीडब्लूडी मंत्री जितिन प्रसाद के लोकसभा नामांकन के दौरान पीलीभीत पहुँचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, चीनी मिल मंत्री संजय गंगवार के सम्मुख होकर बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

## मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज बूथ संख्या 376 मतदेय स्थल राजकीय ड्रमंड इंटर कॉलेज पीलीभीत में विगत निर्वाचनों में 60त्न से कम मतदान रहा है। इस बूथ संख्या 376 के मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश कुमार चौधरी एवं जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इन्तज़ार ख़ान के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें मतदाताओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश कुमार चौधरी ने मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की गई एवं जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर इन्तज़ार ख़ान ने भी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र देकर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

## बरेली में अब बसपा के पत्ते खुलने का इंतजार, जल्द हो सकता है प्रत्याशी का एलान

**जन एक्सप्रेस/बरेली।** बरेली में लोकसभा चुनाव की बिसात पर अब बसपा की चाल का इंतजार है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाद भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है, लेकिन बसपा ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। ऐसे में हर तरफ अलग-अलग कयास लगाते हुए समीकरणों का अनुमान लगाया जा रहा है। माना जा रहा है कि अब पार्टी जल्द अपना रुख स्पष्ट करेगी। वैसे आसपास की अन्य सीटों पर बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बरेली की सीट के लिए कई उम्मीदवार पार्टी में हाथ-पैर मार रहे हैं। हालांकि, जिला संगठन ने प्राप्त आवेदनों में से पांच नाम पार्टी नेतृत्व को भेज दिए हैं। इसमें दो उम्मीदवार मुस्लिम हैं। कौन सा चेहरा बसपा का प्रतिनिधित्व करेगा? ये पार्टी आलाकमान से तय होगा। बसपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह का कहना है कि जो आवेदन मिले थे। उनपर पार्टी नेतृत्व मंथन कर रहा है। जल्द उम्मीदवार घोषित हो सकता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शाहगंज जंक्शन पर वन्दे भारत ट्रेन रोकने की मांग

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/शाहगंज।** ऐतिहासिक अयोध्या धाम एवं काशी के ठीक मध्य में स्थित जंक्शन स्टेशन पर वन्दे भारत के ठहराव हेतु सामाजिक राजनीतिक लोगों ने आवाज बुलंद कि है। ठहराव समेत 12 सूत्रीय मांग पत्र रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा के मंडल महामंत्री देवी प्रसाद चौरसिया मंटू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्टेशन अधीक्षक विरेन्द्र कुमार यादव से मिला। अधीक्षक को रेल मंत्री समेत महाप्रबंधक डीआरएम कों 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। पत्र में कहा गया है कि आजमगढ़ अम्बेडकर नगर सुल्तानपुर जौनपुर जनपद की सीमा पर स्थित जंक्शन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वहीं यह वाराणसी और अयोध्या धाम के ठीक मध्य में है। चार जनपदों के रेल यात्री यहां से यात्रा प्रारम्भ करते हैं। लिहाजा वन्दे भारत ट्रेन का यहां कामर्शियल स्टापेज आवश्यक है। वहीं कहा गया है कि जंक्शन का नाम बदलकर जानकीपुरम किया जाये। वह वर्षो से जनता की मांग रहीं हैं। साथ ही अयोध्या से प दीनदयाल स्टेशन तक पैसेंजर ट्रेन संचालित हो। पटना इंदौर ट्रेन का ठहराव हों। गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में तीन दिन शाहगंज से संचालित हो ।ओखा गोहाटी ट्रेन का दो मिनट स्टापेज हों। आजमगढ़ से मुम्बई चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को प्रतिदिन किया जाये। शाहगंज से वाराणसी जाने हेतु प्रात: छह बजे मेमू ट्रेन संचालित हो। ए जे पैसेंजर कों जौनपुर की बजाय शाहगंज से संचालित किया जाये। हावड़ा जाने हेतु नई ट्रेन का संचालन हो ।इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, नगर मंडल मंत्री दिवाकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### पेशी से एक दिन पहले अस्पताल में भर्ती, हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद हाजिर नहीं हुए तौकीर रजा, हो सकते हैं अरेस्ट

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मौलाना तौकीर रजा खां बुधवार को कोर्ट के सामने हाजिर नहीं हुए। पेशी से एक दिन पहले ही वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। रजा ने बीमारी का हवाला देकर अपने अधिवक्ता के जरिए कोर्ट में अर्जी लगवाई है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता आशीष सिंह ने जिला जज की अदालत में हाजिर होने का समय बढ़ाने की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने लेने से इनकार कर दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है। फिलहाल, न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख एक अप्रैल नियत की है। साल 2010 दंगे के मास्टर माइंड तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाकर हाईकोर्ट ने 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। मौलाना तौकीर रजा खां के वकील आशीष कुमार सिंह ने बताया कि हालत बिगड़ने की वजह से वे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं। इस वजह से वह बुधवार को कोर्ट के सामने पेश नहीं हो पाए। उनकी ओर से जिला जज की अदालत में हाजिर होने का समय बढ़ाने की अर्जी दी गई जिसे कोर्ट ने लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट में है। अब सुप्रीम कोर्ट से ही कोर्ट में हाजिर होने के बारे में दिशा निर्देश मांगे जाएंगे। यहां बता दें कि साल 2010 के दंगों के मामले में सेशन अदालत ने उन्हें तलब किया और हाजिर न होने पर उनका गैर जमानती वारंट जारी किया था।

# पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के छह आरोपी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा महोदय, जौनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी महोदय मड़ियाहूँ के मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष रामपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह के मार्गदर्शन मे उपनिरीक्षक अजय कुमार शर्मा मय हमराही कर्म0गण के दिनांक 25.03.2024 को समय करीब 13.00 बजे शराब पीकर नाचने गाने की बात को लेकर विपक्षीगण द्वारा गाली गलौज देते हुए लाठी ,डण्डा से मारना पीटना व जान से मारने की धमकी देना । मारपीट मे नन्द किशोर,नन्दलाल व शीला के बेहोश जाने के संबंध मे मुकेश पटेल पुत्र नन्दलाल पटेल ग्राम मई थाना रामपुर जौनपुर की तहरीरी सूचना पर मु0अ0सं0-36/24 धारा 147/323/504/506/308/304 भादवि बनाम 1.पवन पटेल पुत्र धर्मराज पटेल 2.जितेन्द्र पटेल पुत्र धर्मराज पटेल 3.धर्मराज पटेल पुत्र स्व0 श्रीपत पटेल 4.श्यामराज पटेल पुत्र स्व0 श्रीपत 5.धर्मेन्द्र पटेल पुत्र धर्मराज पटेल 6.राज कुमार पटेल पुत्र स्व0 श्रीपत पटेल समस्त निवासी गण मई थाना रामपुर जौनपुर पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक अजय कुमार शर्मा द्वारा संपादित की जा रही है । मुकदमा उपरोक्त से संबंधित मजरुब नन्दकिशोर पटेल पुत्र स्व0 राम गनेश निवासी मई थाना रामपुर जनपद जौनपुर की दवा इलाज के बाद मृत्यु हो गयी जिससे मुकदमा उपरोक्त मे धारा 304 भादवि की बढोत्तरी की गयी । मुकदमा उपरोक्त से संबधित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु उपनिरीक्षकअजय कुमार शर्मा मय हमराह उपनिरीक्षक राज कुमार भारद्वाज,उपनिरीक्षक राम अनुज मिश्रा ,हेड कास्टेबल कौशल सिंह ,हेड कास्टेबल त्रिलोकीनाथ सिंह ,हेड कास्टेबल अनिरूद्ध प्रसाद,हेड कास्टेबल महेश मौर्या व हेड कांस्टेबल महेन्द्र यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन ,तलाश वांछित अभियुक्त व शाम गश्त बरसठी तिराहा पर मौजूद थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि ग्राम मई थाना रामपुर जनपद जौनपुर में हुई मार पीट की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण 1.पवन पटेल पुत्र धर्मराज पटेल, 2.जितेन्द्र पटेल पुत्र धर्मराज पटेल, 3.धर्मराज पटेल पुत्र स्व0 श्रीपत पटेल , 4.श्यामराज पटेल पुत्र श्रीपत, 5.धर्मेन्द्र पटेल पुत्र धर्मराज पटेल, 6.राज कुमार पटेल पुत्र स्व0 श्रीपत पटेल समस्त निवासी गण मई थाना रामपुर जौनपुर अपना दवा इलाज कराकर अपने घर पहुचे है तथा घर पर मौजूद है । यदि जल्दी किया जाय तो पकडे जा सकते है , इस सूचना पर विश्वास करके मैं उपनिरीक्षक अजय शर्मा मय हमराही कर्मचारीगण के अभियुक्त गण के घर पहुचा तथा हम पुलिस बल द्वारा एकबारगी दबिश देकर अभियुक्तगण उपरोक्त को उनके घर पर ही पकड लिया गया । पकड़े गये व्यक्तियो से नाम पता पूछने पर अपनानाम क्रमशः 1.पवन पटेल पुत्र धर्मराज पटेल उम्र करीब-19 वर्ष , 2.जितेन्द्र पटेल पुत्र धर्मराज पटेल उम्र करीब-21 वर्ष , 3.धर्मराज पटेल पुत्र स्व0 श्रीपत पटेल उम्र करीब-48 वर्ष , 4.श्यामराज उर्फ पप्पू पटेल पुत्र श्रीपत पटेल उम्र करीब-40 वर्ष , 5.धर्मेन्द्र पटेल पुत्र धर्मराज उम्र करीब-23 वर्ष , 6.राज कुमार पटेल पुत्र स्व0 श्रीपत पटेल उम्र करीब-37 वर्ष समस्त निवासी गण मई थाना रामपुर जौनपुर बताये । अभियुक्तगण के सिर पर अस्पताली पट्टी बधा हुआ है के बारे में पूछने पर बताये कि साहब घटना के दौरान मार पीट के समय चोट लगी है। प्राइवेट अस्पताल रामपुर पर जाकर दवा इलाज कराये है। अभियुक्तगण को कारण गिरफ्तारी , मुकदमा व धारा से अवगत कराते हुए कि मुकदमा उपरोक्त में नामजद अभियुक्त हो कि दिनांक 25.03.2024 को समय करीब 20.05 बजे रात्रि में हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्तगण के निशानदेही पर मारपीट मे प्रयुक्त आलाकत्ल 06 अदद बास की लाठी को अभियुक्त धर्मराज पटेल के घर के बरामदे से बरामद किया गया।

# प्रेमी-प्रेमिका की ग्रामीणों ने करा दी शादी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बरसठी थाना क्षेत्र के एक गांव में रंगे हाथ पकड़े गए प्रेमी प्रेमिका की ग्रामीणों ने करा दी शादी दोनो एक दूसरे के साथ रहने को हुएं तैयार। जानकारी के अनुसार चंद्रभानपुर गांव का एक व्यक्ति जो की तीन बच्चों का पिता होली के दिन रंगरलियां मनाते हुए उपरोक्त थाना क्षेत्र के खुआवा गांव की बनवासी महिला दो बच्चो की मां के साथ रंगरलियां मनाते हुए पकड़ा गया। जिसपर गांव के ने लिखा पढ़ी करा कर उस महिला की शादी उसके प्रेमी के साथ करा दिया। प्रेमी अनिल कुमार उर्फ मुन्ना पटेल पुत्र श्री राम पटेल ने लिखित तौर पर बताया है की मैं अपने मन मर्जी से सुनीता देवी स्वर्गीय बजरंगी ग्राम खुआवा से अपने मनमर्जी से उनसे शादी करना चाहता हूं मैं उनके निवास स्थान पर गया था। जो की मैं उनसे शारीरिक संबंध बना रहा था तभी मुझे कुछ लोगो ने रंगे हाथ पकड़ लिया जिसका वीडियो भी बनाया है। शादी के लिए दोनो पक्ष सहमत है। हमारा परिवार भी सहमत है। वही सुनीता देवी ने भी लिखित तौर पर कहा है की मैं भी अनिल कुमार उर्फ मुन्ना पटेल से शादी करने के लिए तैयार हूं और मेरा परिवार सहमत है। गांव के सामाजिक लोगो के मौजूदगी में दोनो ने शादी किया है।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण मची अफरा-तफरी

**बगैर लाईसेंस के अल्ट्रासाउंड सेंटर को शील कर संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का दिया निर्देश**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**मड़ियाहूं।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदण ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मडियाहू का आकस्मिक निरीक्षण किया जिला अधिकारी के अचानक पहुंचते ही अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। जिलाधिकारी ने अस्पताल में आए मरीजों से बातचीत किया ।उन्होंने एक-रे रूम ,लेबर रूम, दवा वितरण कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, टीकाकरण आदि का बारीकी से निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम एस यादव से एटीएम हेल्थ के उपलब्धता के बारे में जानकारी किया तो चिकित्सा अधीक्षक ने बताया की एटीएम हेल्थ अस्पताल में है, लेकिन चल नहीं रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और उन्हें फटकार लगाई ।मरीजो से स्वास्थ्य विभाग के बारे में चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल स्थित मीरा अल्ट्रासाउंड केंद्र पर पहुंचे जिला अधिकारी ने संचालक से लाइसेंस मांगा ।लाइसेंस ना दिखा पाने पर उन्होंने तत्काल अल्ट्रासाउंड को सील करने व संचालक के विरुद्ध मुकदमा लिखे जाने का निर्देश दिया। इसके बाद जिला अधिकारी मडियाहू तहसील पहुंचे उन्होंने सबसे पहले कंप्यूटराइज खतौनी कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां जन सुविधाये उपलब्ध न होने पर तहसीलदार कृष्णा राज सिंह व उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव को फटकार लगाई ।इसके बाद जिलाधिकारी आपूर्ति कार्यालय पहुंचे जन शिकायतों के बारे में पूछने पर वहां मौजूद कर्मचारी समुचित उत्तर नहीं दे सके ।इसके लिए उन्होंने फटकार लगाते हुए काम में सुधार लाने की चेतावनी दिया ।जिलाधिकारी ने निबंधन कार्यालय में पहुंचकर तहसील प्रेषण रजिस्टर ,पेजिंग रजिस्टर का निरीक्षण करने के साथ ही आज के एक दस्तावेज की जानकारी लिया। बैनामा कैसे करेंगे इसका विस्तृत विवरण प्राप्त किया। संतुष्ट होने पर उन्होंने कार्यालय में तैनात पारस नाथ को1000 का पुरस्कार भी दिया।

# बेलगाम पुलिस ने फ्री बीयर ना देने पर सेल्समैन को पीटा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खेतासराय नगर पंचायत खेतासराय स्थित एक बीयर की दुकान पर तैनात सेल्स मैन को एक बेलगाम पुलिस को एक पेटी बीयर फ्री में न देना भारी पड़ गया ।इसने उसे बुरी तरह से पीटा और गाली दिया जब उसकी निगाह सी सी टी वी पर पड़ी तो वह भाग गया। यू तो खेतासराय पुलिस अपनी कार्यशैली को लेकर प्रायः चर्चा में रहती है ऐसे में मंगलवार को एक कड़ी इसमें और जुड गई।हुआ ऊं की बियर की दुकान के सेल्समैन मुकेश यादव एक आरोप है कि खेतासराय थाने में मौजूद दीवान अंबिका यादव ने मंलवार की शाम फ्री में एक पेटी बीयर की मांग किया न देने पर मां-बहन की गाली देते हुए मुझे मारा पीटा जब इन्होंने कैमरा देखा तो भाग गए।हालांकि उक्त लगा कैमरा खराब है इसलिए फुटेज नहीं है वहीं इससे पहले थाने के नाम अन्य सिपाही 12 कैन बीयर फ्री में ले जा चुके हैं और थाने में तैनात अंकुर सिंह सिपाही के द्वारा भी एक पेटी बीयर ले जा चुके हैं उसके बाद भी यहां आकर फ्री में बीयर की मांग कर रहे थे न देने पर मुझे बुरी तरह से मारा पीटा जिसके चलते सीने और होंठ में चोट स्पष्ट दिख रही है। ठेकेदार ने बताया कि हमारे सेल्समैन को सिपाही द्वारा मारा गया है जिसकी सूचना हमने आबकारी विभाग को दे दिया है और इसकी लिखित शिकायत थाना अध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक जौनपुर से करेंगे।कार्रवाई न होने तक हम चुप नहीं बैठेंगे।इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने कहा कि मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# स्वास्थ्य विभाग और अवैध अस्पतालों की नूरा कुश्ती देखने के लिए पधारें कल्याणपुर




### कॉलोनी और दो-तीन कमरों वाले मकानो में चल रहे अस्पताल

कॉलोनी और दो-तीन कमरों वाले मकान में चलने वाली निजी अस्पतालों में इलाज करने वाले डॉक्टर मरीज के लिए यमराज साबित होते हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे अस्पतालों पर की जा रही अनदेखी की वजह से इन अवैध अस्पतालों संचालकों के हौसले बुलंद रहते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग के साथ आवास विकास व केडीए का भी मिला है संरक्षण

निजी अस्पताल खोलने के लिए सबसे जरूरी होती है इमारत लेकिन शहर में संचालित हो रहे अधिकतर अस्पतालों की इमारतें अवैध है अधिकतर हॉस्पिटलों का ना तो मानचित्र पास है और ना ही पार्किंग की सुविधा है फिर भी बिना डर व भय के खुलेआम अवैध तरीके से अस्पताल संचालित हो रहे हैं। जिससे साफ हो जाता है कि इस खेल में स्वास्थ्य विभाग अकेला नहीं बल्कि कानपुर विकास प्राधिकरण का भी इन अवैध अस्पताल संचालकों को संरक्षण प्राप्त है दोनों विभागों के अधिकारियों द्वारा केवल अपने फायदे के लिए मौन चुप्पी साधे हुए हैं। कल्याणपुर में ऐसे भी अस्पताल संचालक हैं जो कभी भविष्य में एंबुलेंस संचालक हुआ करते थे। आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कल्याणपुर में अवैध नर्सिंग होम में छापा मारा है और स्वास्थ्य विभाग में कडा निर्देश दिया है। अगर बग़ैर रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलते पाया गया तो कल्याणपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

### क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी

जन एक्सप्रेस अखबार के संवाददाता ने जब इस संबंध में एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश से बात की तो उन्होंने बताया कि पुष्पांजलि हॉस्पिटल को नोटिस देने के बाद हॉस्पिटल संचालक को निर्देश दिए गए हैं कि पंजीकरण के बाद यह अस्पताल का संचालन करें वरना आपके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा फिलहाल अस्पताल चालू होते हुए नहीं पाया गया।

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

**कानपुर नगर।** अगर आपको स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और अवैध अस्पताल चलाने वाले संचालकों के बीच की नूरा कुश्ती देखनी है तो आप कल्याणपुर क्षेत्र में पधारें हम यह दावा पूर्ण रूप से नहीं करते हैं कि कल्याणपुर क्षेत्र में सभी अस्पताल अवैध हैं लेकिन यह दावा जरूर करते हैं कि 70% अस्पताल पूर्ण रूप से अवैध तरीके से चल रहे हैं। दिखावे के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इन लोगों संग नोटिस नोटिस का खेल जरूर खेलते हैं।

आपको बताते चलें कि कल्याणपुर क्षेत्र में गली गली में नियमों की धज्जियां उड़ाकर निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं ऐसे हॉस्पिटल जिनकी बुनियाद में छेद ही छेद है छोटे-छोटे मकान और कॉलोनी में निजी अस्पतालों के बोर्ड कल्याणपुर की हर गली मोहल्ले में लटकते दिखाई देते हैं इनमें से कुछ एक ही निजी अस्पताल होंगे जो स्वास्थ्य विभाग के नियमों का पालन कर रहें होंगे।

कल्याणपुर में संचालित हो रहे अधिकांश अस्पताल मानकों की धज्जियां उड़ा रहे हैं फिर भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता से मामले का संज्ञान नहीं ले रहे हैं मानकों की धज्जियां उड़ाते कल्याणपुर में संचालित हो रहा है अवैध अस्पतालों में इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से इलाज के दौरान होने वाली मरीजों की मौतो का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

# शिवराजपुर में संपन्न हुआ अध्यक्ष एवं सचिव का एकदिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर ब्लॉक परिसर में कृपा शंकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में आयोजित में इस प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा प्रधानाध्यापक/इं. प्रधानाध्यापक (सचिव) को प्रतिभागिता हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंध समिति को सक्रिय करना। उन्हें निपुण लक्ष्य के बारे में पुनः अवगत कराते हुए नवीन सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन, आउट ऑफ स्कूल एवं ड्रॉप आउट बच्चों का चिन्हीकरण उनका नामांकन, उपस्थिति में ठहराव एवं विद्यालय की विभिन्न कार्यों में प्रबंध समिति का सहयोग लेने हेतु उन्हें जागरूक करना रहा। प्रशिक्षण में पी.पी.टी के माध्यम से सभी को इस विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। संदर्भ दाता श्रीमती नलिनी चतुर्वेदी, पद्माशुक्ला डॉ.प्रगति रघु सक्सेना ने प्रशिक्षण में निपुण लक्ष्य एवं प्रबंध समिति के गठन, दायित्व आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा सभी को जन पहल हस्त पुस्तिका व स्टेशनरी भी वितरित की। सरिता कटियार, संगीता शर्मा, गजेंद्र सिंह, प्रदीप अग्निहोत्री, राजीव कटियार, इला, रीता झा, अनुराधा वर्मा माधुरी आदि ने अपनी विद्यालय प्रबंध समिति के सकारात्मक सहयोग को साझा किया। प्रशिक्षण में आए प्रबंध समिति अध्यक्षों ने स्वीकार किया कि इन वर्षों में परिषदीय विद्यालयों के परिवेश एवं शैक्षिक उपलब्धियां में बहुत परिवर्तन हुआ है। वे भी अपने इस अध्यक्ष पद के दायित्व निभाने एवं विद्यालय को सहयोग देने हेतु पूर्ण प्रयास करेंगे।

# नशेबाज दबंगों ने युवक का गला दबाकर किया अधमरा

* गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव



अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव में नशेबाजी में हुए विवाद के दौरान दबंगों ने युवक का गला दबाकर अधमरा कर किया। ग्रामीणों के दौड़ाने पर आरोपी युवक मौके से भाग निकले। परिजनों ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां नाजुक हालत के चलते घायल युवक को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव निवासी राजमोहन पुत्र छेदीलाल 20 वर्ष बुधवार दोपहर अपने मित्र सूरज के घर पर आयोजित एक होली पार्टी में गया था। बताते हैं नशे में सूरज के घर पर इस दौरान युवकों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ा की आपस मे मारपीट शुरू हो गई।

आरोप है कि राजमोहन को गांव निवासी आकाश व करन ने गला दबाकर कर हत्या का प्रयास किया। झगड़े का शोर गुल सुन परिजन समेत ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो दबंग युवक राजमोहन को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग निकले। आननफानन परिजनों ने घायल युवक को नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही पीड़ित युवक के पिता छेदीलाल ने नवाबगंज चौकी पुलिस को दबंगो के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# मकनपुर चौकी/मंदिर की जमीन के समीप हो रहे कब्जे को नायब तहसीलदार ने रोका

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दिनों अवैध कब्जे जोरदारी से हो रहे हैं जब तक प्रशासन पहुंचता है तब तक पिलर खड़े हो जाते हैं एक हफ्ते का समय लगता है तब तक वह कोर्ट की शरण में जाकर कोई कोर्ट का आदेश ले आता है प्रशासन और पुलिस मुख्य दर्शक बनी रहती है आखिरकार यह रास्ता जमीन कब्जे वाले को बताता कौन है इल्यासपुर के पूर्व प्रधान की सूचना पर नायब तहसीलदार सीपी राजपूत और लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर जोरदारी से काम हो रहे स्थान पर पहुंचकर जैसे ही ललकारा वैसे लेबर मिस्त्री और कब्जा करने वाला भाग खड़ा हुआ वहीं पर काफी देर तक छानबीन करने के बाद में नायब तहसीलदार ने बताया कि कार्य को रुकवा दिया गया है और लेखपाल शाम तक रिपोर्ट तहसील में प्रस्तुत करेगा उसके बाद वहां से मलवा हटाने और पिलर तोड़ने का कार्य किया जाएगा इल्यासपुर के पूर्व प्रधान ने बताया कि यह जमीन मंदिर के समीप है और मंदिर के कार्यक्रम इसी जमीन पर हुआ करते थे।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी तगड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल्याणपुर थाना क्षेत्र आवास विकास तीन में पुलिस और भा.ति.सी.पु. फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। प्रभारी निरीक्षक के पी सिंह की अगुवाई में संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। बुधवार को चौकी इंचार्ज शैलेंद्र गिरी के नेतृत्व में आवास विकास तीन उप निरीक्षक मनमोहन सिंह, उप निरीक्षक अवलेश कुमार यादव, सहित पुलिस व एक कंपनी भा.ति.सी.पु.बल के जवानों ने लोधेश्वर महादेव मंदिर से फ्लैग मार्च शुरू किया। आवास विकास तीन, महाबलीपुरम, अंबेडकर पूरम क्षेत्र से शिवमंदिर चौक तक मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक, हेड कांस्टेबल विमलेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल जय सिंह यादव, हेड कांस्टेबल रणवीर सिंह यादव, कांस्टेबल अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिल्हौर ब्लाक प्रमुख ने होली मिलन समारोह की बढ़ाई शोभा




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के तातियागंज ग्राम सभा के हरदासपुर गांव में बिल्हौर ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया व भाजपा जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता ने पहुंच कर होली मिलन समारोह की शोभा बढ़ाई इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे गांव की महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं पर बुजुर्गों ने भी वहां पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया ने बताया कि आज समाज में जो भी दिख रहा है वह योगीजी और मोदीजी की ही देन है जो हम सब एक मंच पर खड़े होकर होली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं इससे पहले लोग राजनीतिक लोग ही सिर्फ आ सकते थे बाकी ग्रामीण क्षेत्र मे कोई नेता कार्यक्रम में जाता ही नहीं था और एक दूसरे गांव की आपसी लड़ाई झगड़ा के कारण लोग एक दूसरे के घरों में भी अब जाना पसंद नहीं करते थे जब से मोदी जी की शासनकाल में हर घर हर दरवाजे पर त्योहारों के हाल-चाल लेते हैं और वहां पर पहुंचकर अपनी समर्थ के अनुसार सहयोग भी करते हैं आज महिलाएं और बच्चियों घर से निकलते वक्त स्कूल जाते वक्त भय मुक्त होकर जाती हैं अब उन्हें किसी तरह का डरने की आवश्यकता नहीं है बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी गांव से अगर फोन आता है तो हम उसके छोटे बड़े कार्यक्रम और सुख-दुख में जरूर शामिल होने जाते हैं।

## स्वयंसेवकों ने इस्कॉन मंदिर जाकर किया महामंत्रों का जाप





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की एनएसएस इकाई-1 (अटल इकाई) द्वारा चलाए जा रहे 7 दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बुधवार को स्वयंसेवकों ने इस्कॉन मंदिर जाकर महामंत्रों का जाप किया। उन्होंने भगवान राधाकृष्ण के दर्शन व परिक्रमा की। दोपहर में सभी स्वयंसेवक सिद्धि धाम शुधांशु आश्रम गए जहां उन्होंने दर्शन प्राप्त करने के बाद मंदिर प्रांगण में कीर्तन, भजन आदि गाए। स्वयंसेवक अमन सिंह यादव ने भगवान श्री राम पर कविता पाठ किया और पीयूष जेटली ने महाकाव्य महाभारत पर कविता पाठ किया। इस अवसर पर स्वयंसेवको ने गुफा में जाकर भगवानों की मूर्तियां और उनकी विभिन्न लीलाओं का वर्णन देखा। इस विशेष शिविर के दूसरे दिवस का अंत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मानस उपाध्याय के साथ सभी स्वयंसेवकों ने हम होंगे कामयाब गीत गाकर किया।

# अल्लाह के रास्ते में खुशी के साथ खर्च करें : मौलाना फरीदुद्दीन क़ासमी





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हज़रत मुहम्मद स0अ0व0 दुनिया छुड़ाने के लिये नहीं आये थे बल्कि इसी दुनिया में रह कर जन्नत पहुंचाने आये हैं। कारोबार, शादी-ब्याह, नौकरी, हुकूमत करते हुए जन्नत दिलाने आये हैं। इन विचारों को मदरसा जामिया महमूदिया अशरफुल उलूम के उस्ताद मौलाना मुहम्मद फरीदुद्दीन क़ासमी ने जाजमऊ में व्यक्त करते हुए कहा कि रमज़ान में जिस तरह हर नेकी का सवाब 70 गुना बढ़ जाता है, उसी तरह अल्लाह के रास्ते में खर्च करने का सवाब भी 70 गना और फिर अल्लाह हमारी नियतों और इख्लास के आधार पर इस जितने गुना चाहें बढ़ाने पर क़ादिर हैं। मौलाना फरीदुद्दीन ने बताया कि अल्लाह के नबी स0अ0व.0 ने कारोबर करने के लिये कोई सीमा तय नहीं की, बल्कि सिर्फ यह कहा कि ब्याज़ से बचना, झूठ ना बोलना, धोखा ना देना, अगर नौकरी में हो तो रिश्वत ना लेना, चोरी और मक्कारी ना करना, कभी किसी को बेवकूफ ना बनाना अर्थात् जायज़ कमाना और जायज़ ही खर्च करना। ना हराम कमाना और ना ही खर्च करना बस इतनी सी बात है। एक विशेष स्तर तक कमाने के बाद इस्लाम ने कहा कि खुदगर्ज़ बन कर ना रहे, तुमने कमा लिया तो अल्लाह के उन बन्दों का ख्याल करो जो अनाथा, विधवा, मिस्कीन (भूखे), बेसहारा और संकटग्रस्त हैं। इसके लिये आधा-चौथाई, 10 या 20 प्रतिशत नहीं बल्कि सिर्फ ढाइ प्रतिशत ज़कात तय कर दी, वह भी बचे हुए माल में यानि आपने कमाया और खाने, पीनी, बीवी, बच्चों, दवा, इलाज, कपड़े और अपनी ज़रूरतें पूरी होने के बाद आपके पास निसाब के बराबर पैसा बचा और वह पैसा पूरे साल बचा रहा तो शरीअत कहती है कि इस पर ढाई प्रतिशत ज़कात निकाल कर यतीमों, ग़रीबों को दे दो। कुरआन पाक में कई स्थानों पर अल्लाह ने कहा है जो हमने दिया उसमें से खर्च करो, यहां पर यह याद रखें कि जब हम दुनिया में आये थे तो खाली हाथ थे और जाते वक्त भी खाली हाथ ही रहेंगे, दुनिया के माल को हम अपनी क़ब्र में लेकर नहीं जायेंगे। इसलिये इस मुबारक महीने रमज़ान में अल्लाह के दिये माल में से ही अल्लाह के रास्ते में खुशी के साथ खर्च करें, अपने दिल को छोटा ना करें।

### कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

- **प्रश्न:** मेरा एक व्यक्तिगत मकान है जिसके एक भाग में निवास है और बाक़ी किराये पर है तो क्या उसक मकान की ज़कात निकाली जायेगी ?
- **उत्तर:** मकान की कीमत पर ज़कात वाजिब नहीं है लेकिन उसके किराये की जो रक़म अपने खर्चां से बचाकर सुरक्षित कर ली जाये उस पर दूसरी रक़मों के साथ ज़कात वाजिब है।
- **प्रश्न:** सोने के ज़ेवरात में शीशे और पत्थर के नग लगाये जाते है, सोना बिक्री करने वाले उन नगों के साथ ज़ेवर का वज़न करते हैं तो क्या उस नग में भी ज़कात वाजिब होगी ?
- **उत्तर:** सोने या चांदी के साथ अगर ऐसी चीज़ मिली हुई हो जिसे इससे अलग किया जा सकता हो तो वह सोने या चांदी के हुक्म में नहीं है, नग भी ऐसी ही चीज़ों में है कि उसे वास्तविक ज़ेवर से अलग किया जा सकता है लिहाज़ा नग पर ज़कात वाजिब नहीं है, नग के वज़न को कम करके ज़कात का हिसाब करना दुरुस्त है।
- **प्रश्न:** मुफ्ती साहब मैं फिलहाल अमेरिका में रह रहा हूं लेकिन मैं अपना सद्क़ा ए फित्र भारत में अदा करना चाहता हूं तो मैं अमेरिका की क़ीमत के ऐतबार से अदा करुंगा या भारत की क़ीमत के ऐतबार से ?
- **उत्तर:** आप अमेरिका में मुक़ीम हैं, इसलिये आप हिन्दुस्तान में भी क़ीमत के ऐतबार से सद्क़ा ए फित्र अदा करना चाहता हैं तो आपके ऊपर अपना और अपनी नाबालिग़ औलाद सद्क़ा ए फित्र अमेरिका की क़ीमत के ऐतबार से ही अदा करना ज़रूरी है।

### अल-शरिया हेल्प लाइन के नम्बर जिससे आप जानकारी ले सकते हैं

| | |
|---|---|
| 9140596695 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मिफ्ताह क़ासमी | 9450120937 मौलाना मुफ्ती इक़बाल अहमद क़ासमी |
| 8859816832 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद वासिफ क़ासमी | 9889370978 मौलाना खलील अहमद मज़ाहिरी |
| 8423123693 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद माज़ क़ासमी | 9984181490 मौलाना मुफ्ती अब्दुर्रशीद क़ासमी |
| 9453996022 मौलाना मुफ्ती शाहिद इक़बाल क़ासमी | 9839848686 मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी |
| 8887812391 मौलाना अमीर हम्ज़ा क़ासमी | 9935588996 मौलाना मुहम्मद इनामुल्लाह क़ासमी |
| 8799203760 मौलाना मुफ्ती आक़िब शाहिद क़ासमी | 9936705786 मौलाना मुहम्मद अनीस खां क़ासमी |
| 9045137565 मौलाना मुफ्ती सुल्तान क़मर क़ासमी | 8423779585 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद उस्मान क़ासमी |
| 8081910441 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद हस्सान क़ासमी | 7860334030 मौलाना मुफ्ती अज़ीज़ुर्रहमान क़ासमी |
| 7302601454 मौलाना मुहम्मद ज़कवान क़ासमी | 9721259870 मौलाना मुफ्ती साद नूर क़ासमी |
| 9455054392 मौलाना मुफ्ती सऊद मुर्शिद क़ासमी | 9335899572 मौलाना मुफ्ती दानिश क़ासमी |
| | 8953747748 मौलाना मुफ्ती हिफ्ज़ुर्रहमान क़ासमी |

# जिला अस्पताल पहुंच रहे वायरल के पीड़ीत, एक बेड पर लिटाये जा रहे दो से तीन मरीज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



उन्नाव जनपद के शहरी क्षेत्रों से से लेकर गांव तक वायरल बुखार का कहर तेजी से देखने को मिल रहा है हर घर के कुछ ना कुछ सदस्य बुखार की चपेट में हैं। सरकारी अस्पतालों के बेड बुखार के मरीजों से पटे पड़े हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने के बाद से एक बेड पर दो-तीन मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर होली पर कई जगह मारपीट हुई तो हादसों में घायल अस्पताल पहुंचे तो संख्या और बढ़ गई। बेड पर मरीज अधिक होने के चलते तीमारदार झगड़ा तक करते नज़र आ रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि होली पर्व पर जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, एक्सीडेंट की घटनाएं हुई हैं। हादसों में कई लोग घायल भी हुए जिसमें कुछ लोगों ने निजी अस्पताल में उपचार कराया तो कई घायल सीधे जिला अस्पताल पहुंचे हैं। इस दौरान अस्पताल में घायलों की संख्या अधिक होने पर इमरजेंसी वार्ड में एक बेड पर दो से तीन मरीजों को लिटा इलाज किया जा रहा है। अधिक संख्या होने पर वार्ड में मरीजों और उनके तीमारदारों ने झगड़ा तक किया है। इस दौरान मरीजों का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तो स्वास्थ्य महकमे की पोल खुल गई। जिम्मेदार अधिकारी सीएमओ भी इस मामले पर कुछ भी बोलने से कतराते रहे।

# शहर का इतिहास बनाने बताने के लिए कानपुर दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश तथा कानपुर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में सर पदमपत सिंघानिया सभागार में कानपुर का 221वां स्थापना दिवस अत्यन्त होल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को शुभारम्भ कानपुर पंचायत के द्वारा निर्मित वृत्तचित्र कानपुर पग-पग निशा तेरे के प्रदर्शन के साथ आरम्भ हुआ। इस वृत्तचित्र में कानपुर के पुरातात्विक, ऐतिहासिक, दर्शानीय तथा कानपुर के उद्योगों एवं बाजारों का अत्यन्त आकर्शक फिल्मांकन किया गया है। मंच पर उपस्थित मयंक खन्ना उपाध्यक्ष मर्चेन्ट्स चैम्बर, कानपुर पंचायत के संयोजक धर्म प्रकाश गुप्त, महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय, स्वागताध्यक्ष योगेशा अग्रवाल, डा0 इन्द्रमोहन रोहतगी तथा सुदीप गोयनका द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। इस अवसर पर कानपुर में मानवीय बसावट के सम्बन्ध में इतिहासवेत्ता मनोज कपूर ने बताया कि कानपुर में मानव की बसावट के प्रमाण 40 हजार वर्ष पूर्व के प्राप्त होते है। नव पाशाण काल में 20 हजार वर्ष पुराने शिकारी समूह की मानव बस्तियों के प्रमाण भी यमुना और सेंगुर नदी के किनारे कानपुर परिक्षेत्र में प्राप्त होते है। गुप्त, कुशाण एवं मौर्य कालीन व्यवस्थित मानव बस्तियों के अवशोश भी जाजमऊ टीले से प्राप्त हुये हैं। 400 ईसा वर्श पूर्व कच्ची ईटों का प्रयोग कानपुर परिक्षेत्र में पाया गया है तथा ईसा पूर्व प्रथम भाताब्दी में छत ढकने के लिए खपरैलों का प्रयोग भी परिक्षेत्र में रेखांकित हुआ है। भगवान बुद्ध के एक वर्शावास का उल्लेख भी इस क्षेत्र में मिलता है और उस काल में अरौल एक प्रसिद्ध नगर माना जाता था। वस्तुतः कानपुर मानव के सत्तत् विकास का साक्षी है। इस अवसर पर वरिश्ठतम पत्रकार श्री रमेशा वर्मा ने कानपुर की पत्रकारिता पर प्रकाशा डालते हुये भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान को विस्तार से रेखांकित किया।

इस अवसर पर संगीत क्षेत्र में श्री विनोद द्विवेदी (संगीत नाटक कला अकाडमी से पुरस्कृत), आद्योगिक क्षेत्र में तरूण गर्ग, सांस्कृतिक क्षेत्र में डा0 सुचरिता खन्ना, आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्र में डा0 वन्दना पाठक, पत्रकारिता क्षेत्र में वरिश्ठ खेल पत्रकार श्री अनन्त भोखर मिश्रा तथा सामाजिक सेवा क्षेत्र में 105 नेत्र शिविर लगाने वाले श्री बालकृश्ण ओमर पुखरायां को उनके अतुलनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

27 मार्च को विशव रंगमंच दिवस के अवसर पर कानपुर के वरिश्ठतम रंगकर्मी श्री राधेशयाम दीक्षित का सम्मान किया गया और उनके सम्बन्ध में एक वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया।

छत्रपति भाहू जी महाराज विशवविद्यालय के सहयोग से आयोजित कानपुर दिवस चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को इस अवसर पर नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा प्रतियोगिता की चयनित कला कृतियों की एक प्रदर्शानी भी आयोजित की गयी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विमल झाझरिया, श्री स्वतंत्र सिंह, मर्चेन्ट्स चैम्बर के सचिव महेन्द्र मोदी, डा0 अंकित गुप्ता, रतन राठौर, आदि उपस्थित रहे।

# भारत के सबसे भ्रष्ट राजनीतिज्ञों को भाजपा में पनाह : जयराम रमेश

**भाजपा में शामिल होने वाले कर्नाटक के पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी के संदर्भ में की टिप्पणी**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कांग्रेस पार्टी ने तीखा सवाल पूछा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दल बदलने वाले नेताओं का भाजपा से जुड़ना ये दिखाता है कि देश के सबसे भ्रष्ट राजनेताओं को बीजेपी खुलेआम पनाह दे रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे नेताओं का भाजपा में रेड कारपेट वेलकम दिखाता है कि बीजेपी में नेताओं के शामिल होने में उनका दागी होना कोई अड़चन नहीं। जयराम रमेश ने यह टिप्पणी अपनी पार्टी छोड़कर / विलय करने के बाद भाजपा में शामिल होने वाले- कर्नाटक के पूर्व मंत्री जी जनार्दन रेड्डी के संदर्भ में की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले, राजनीतिक हित साधने के लिए देश के सबसे भ्रष्ट नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई जा रही है। खनन उद्योगपति जी जनार्दन रेड्डी के फिर से भाजपा में शामिल होने को लेकर बुधवार को जयराम रमेश ने कहा कि अवैध खनन मामले में आरोपी गंगावती के पूर्व विधायक ने पिछले साल कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के साथ दो दशक पुराना नाता तोड़ते हुए कल्याण राज्य प्रगति पक्ष का गठन किया था। बाद में रेड्डी ने केआरपीपी का भाजपा में विलय कर दिया। उन्होंने पत्नी अरुणा लक्ष्मी और परिवार के कुछ सदस्यों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और अन्य नेताओं की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### लूट और एजेंसियों की कार्रवाई से बचना

इस अहम राजनीतिक घटनाक्रम पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, भारत के सबसे भ्रष्ट राजनेताओं को भाजपा में समायोजित कर दिया गया है। ऐसे फैसलों के पीछे दो कारक हैं। पहला- भागीदारी यानी न्यूनतम सरकार और अधिकतम लूट और दूसरा सुरक्षा यानी भाजपा में शामिल होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग (आईटी) जैसी एजेंसियों की कार्रवाई से बचें।

### कॉरपोरेट चंदे के दुरुपयोग का आरोप

रमेश ने चुनावी बॉन्ड का जिक्र करते हुए भी केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर सीधा हमला बोला। रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार ने भारत में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को सामान्य कर दिया है। बकौल रमेश, भाजपा को जो कॉरपोरेट चंदा मिलता है उससे वे सरकारों को गिराने की कोशिश करते हैं। पैसे की ताकत का बेशर्मी से इस्तेमाल किया जा रहा है। कांग्रेस नेता के मुताबिक, प्रधानमंत्री का नारा है और हमेशा रहेगा, चंदा जमाऊंगा, धंधा करूंगा, सबको खिलाऊंगा।

# सेना की बटालियन का सैन्य अभ्यास

## भारत-अमेरिका के सैनिक पूर्वी तट पर आजमा रहे ताकत-तकनीक




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज- टाइगर ट्रायम्फ-24 में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद काकीनाडा में समुद्री चरण शामिल है। सेना ने कहा, 18-31 मार्च तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास का मकसद सैनिकों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है। सेना के मुताबिक थल सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच कैसे अंतरसंचालन को बेहतर बनाया जाए, इसकी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। इसके अलावा दोनों देशों की सेनाओं के बीच तेज और सुचारु समन्वय को सक्षम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को और बेहतर बनाने पर भी काम हो रहा है।

### किन उपकरणों और तकनीकों से जुड़े अभ्यास हो रहे हैं

अभ्यास के दौरान दोनों देशों की सेना नए खरीदे गए या हाल ही में शामिल किए गए हथियारों और अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं का प्रदर्शन करते हैं। भारतीय सेना की टुकड़ी में पैदल सेना, मशीनों से लैस पैदल सेना, पैरा (विशेष बल), तोपखाने, इंजीनियों और अन्य सहायक हथियारों के घटक शामिल हैं। इसके अलावा ड्रोन, एंटी- ड्रोन उपकरण और आईसीवी (पैदल सेना लड़ाकू वाहन) की मिश्रित प्रणालियों से जुड़े अभ्यास भी किए जा रहे हैं।

### अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिकों की ये गतिविधियां बेहद अहम

इस अभ्यास में विशेषज्ञों के बीच आदान-प्रदान किया जा रहा है। भारतीय और अमेरिकी सैनिक क्रॉस-बोर्ड यात्राएं कर रहे हैं। सैनिकों के बीच सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए मैत्रीपूर्ण खेल मैच भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी रक्षा बलों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दोनों देशों के बीच संयुक्त परिचालन क्षमता और खुफिया जानकारी साझा की जा रही है।

## अंबानी से भी चंदा ले गए महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के विवादित राज्यपाल रहे भगतसिंह कोश्यारी के एक से एक कारनामों की पोल खुलती जा रही हैं। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को प्राप्त एक गुमनाम पत्र में दावा किया गया है कि अनंत अंबानी से 15 करोड़ का चंदा राज्यपाल रहे कोश्यारी की शिक्षा संस्था ने लिया है। अनिल गलगली ने इस चिट्ठी को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से साझा कर जांच करने की मांग की है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को मिले एक गुमनाम पत्र में दावा किया गया है कि भगत सिंह कोश्यारी जैसे व्यक्ति ने अपने पद का इस्तेमाल कर उत्तराखंड में एक स्कूल के नाम पर धन इकट्ठा किया है। जिस स्कूल में 100 बच्चे भी नहीं हैं, उसके लिए करोड़ों का चंदा इकट्ठा किया गया है। उस पैसे से उन्होंने अपने भतीजे दीपेंद्र सिंह कोश्यारी के लिए स्कूल के आसपास बहुत सारी जमीन खरीदी और वहां एक रिसॉर्ट खोला। इस स्कूल के लिए अनंत अंबानी से 15 करोड़ रुपये लिए गए हैं। शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार, दिगरा मुवानी, चामू, कनालीछीना, पिथौरागढ उत्तराखंड देवस्थली के नाम पर काफी धन इकट्ठा किया है। कोई आसानी से तुलना कर सकता है कि 2019 से पहले कोश्यारी की संगठनों को कितना दान मिला और 2009 और 2023 के बीच कितना दान मिला। देवभूमि शिक्षा प्रसार समिति, नैनीताल बैंक की हल्द्वानी शाखा, खाता संख्या-05610000000000310 के अलावा एसबीआई के अन्य खाते में भी कई लेनदेन हुए हैं। अनिल गलगली ने इसके पहले आरटीआई से राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी के कार्यकाल में उनके का संस्था ने जमा किए गए चंदे की जानकारी मांगी थी। अब गलगली ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले की जांच होती तो सच सामने आएगा।

# राज्यपाल ने दो विश्वविद्यालयों में नियुक्त किए अंतरिम कुलपति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केरल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को श्रीनारायणगुरु मुक्त विश्वविद्यालय, केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतरिम कार्यवाहक कुलपति (वीसी) नियुक्त किए हैं। गौरतलब है कि वायनाड में केरल पशु चिकित्सा और पशु ल केविज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति को 18 फरवरी को वहां के 20 वर्षीय छात्र सिद्धार्थन जेएस की मौत के मामले में आरिफ मोहम्मद खान ने 2 मार्च को निलंबित कर दिया था।

### छात्र सिद्धार्थन की मौत के बाद हटाए गए थे कुलपति

निलंबित करते हुए राज्यपाल ने कहा था कि कुलपति की ओर से कर्तव्य की घोर लापरवाही देखी गई है। जिसके बाद, पी सी ससीन्द्रन को विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति नियुक्त किया गया है। हालांकि, सिद्धार्थन की मौत के सिलसिले में निलंबित किए गए 33 छात्रों को बहाल करने के अपने आदेश को वापस लेने के बाद उन्होंने भी इस सप्ताह की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था।

### अनिल के एस बने कार्यवाहक कुलपति

राज्यपाल के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने आदेश वापस ले लिया था। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने ससींद्रन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अब, पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग, पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय, मन्नुथी, त्रिशूर के प्रोफेसर अनिल के एस को केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया है, राजभवन द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है। मुक्त विश्वविद्यालय के वीसी पद से मुबारक पाशा के इस्तीफे के बाद प्रोफेसर जगथी को नया प्रभार दिया गया।

### श्रीनारायणगुरु ओपन यूनिवर्सिटी का भी कार्यवाहक वीसी नियुक्त

इसमें कहा गया है कि प्रोफेसर अनिल अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से कुलपति की शक्तियों का इस्तेमाल और कर्तव्यों का पालन करेंगे। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कोच्चि के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक और वरिष्ठ प्रोफेसर जगथी वीपी को उनके सामान्य कर्तव्यों के अलावा, श्रीनारायणगुरु ओपन यूनिवर्सिटी के वीसी की शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों का पालन करने का काम सौंपा गया है।

## फेमा मामले में महुआ और दर्शन हीरानंदानी को ईडी का समन, आज पूछताछ के लिए किया तलब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



फेमा मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है। दोनों को 28 मार्च को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है। फेमा मामले में पूछताछ के लिए इससे पहले हीरानंदानी समूह के प्रमोटर्स निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को ईडी ने फरवरी में तलब किया था। हीरानंदानी ने बताया था कि उन पर फेमा उल्लंघन का आरोप 16 साल पहले लगा था। अब तक उनसे 42 या 43 बार पूछताछ की जा चुकी है। ईडी के समन पर टीएमसी के प्रवक्ता कृष्णु मित्रा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, यह महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रतिशोध की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। भाजपा के पास टीएमसी से लड़ने के लिए कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने आगे कहा, उन्हें (महुआ मोइत्रा) को संसदीय पैनल के सामने अपना पेश करने की अनुमति नहीं दी गई। फिर उन्हें निष्काशित कर दिया गया। अब सीबीआई की छापेमारी और ईडी का समन। इससे भाजपा को कुछ परिणाम नहीं मिलने वाला है।

## दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत पर चुनाव आयोग सख्त, टिप्पणियों को लेकर नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। इस बाबत आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही आयोग ने दोनों नेताओं से इस नोटिस पर 29 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक जवाब देने को भी कहा है।




## केजरीवाल मसले को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने जताई नाराजगी, अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने नाराजगी जताई है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। दरअसल, अमेरिका ने भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने की कोशिश की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से जुड़ी रिपोर्ट पर वह करीबी नजर रख रहा है। वह निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाइयों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।





























स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)